3 राजधानी
सूने पड़े कॉलेजों में लौटी चहल पहल

6 अभिमत
बेहतर हों ट्रेन/18 वंदे भारत

10 विदेश
इमरान खान से मिले बिल गेट्स

11 विविध
प्रेम के बिना निरर्थक है जीवन

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 103
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



यश धुल ने पदार्पण मैच में लगाया बेहतरीन शतक
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भारत-यूक्रेन के बीच उड़ानों की संख्या से प्रतिबंध हटा

- संकटग्रस्त देश से भारतीय नागरिकों व छात्रों को लाने के लिए कितनी भी उड़ाने संचालित की जा सकेंगी
- विदेश मंत्रालय ने कहा, अभी यूक्रेन से अपने नागरिकों की निकासी की अभी कोई योजना नहीं



प्रतीकात्मक चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने द्विपक्षीय एयर बबल समझौते के तहत भारत और यूक्रेन के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की संख्या संबंधी प्रतिबंध हटा दिया है, ताकि पूर्वी यूरोपीय देश से भारतीय अपने देश आ सकें। हालांकि इसी बीच, विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की यूक्रेन से अपने नागरिकों की निकासी की अभी कोई योजना नहीं है और उसका ध्यान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है। नागर विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रूस के साथ बढ़ते तनाव के कारण यूक्रेन में मौजूदा हालात के बीच, भारत ने अपने नागरिकों को यूक्रेन से अस्थाई रूप से लौटने की सलाह दी है।

अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय ने एयर बबल प्रबंध के तहत भारत और यूक्रेन के बीच उड़ानों और सीट की संख्या से प्रतिबंध हटा दिया है। अब दोनों देशों के बीच चार्टर्ड उड़ानों समेत कितनी भी संख्या में उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय विमानन कंपनियों से बढ़ती मांग के मद्देनजर यूक्रेन जाने वाली उड़ानों का प्रबंध करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय, विमान सेवा के संबंध में विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर रहा है।कीव में भारतीय दूतावास ने बुधवार को कहा था कि अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए निकट भविष्य में और उड़ानों का प्रबंध करने की योजना बनाई जा रही है।भारतीय दूतावास ने मंगलवार को भारतीय नागरिकों, खास तौर से छात्रों को सलाह दी कि वे मौजूदा हालात की अस्थिरता के मद्देनजर अस्थाई रूप से देश (यूक्रेन) छोड़ दें। इस बीच, विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की यूक्रेन से अपने नागरिकों की निकासी की अभी कोई योजना नहीं है और उसका ध्यान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हम सतत राजनयिक प्रयासों के जरिए दीर्घकालिक शांति एवं स्थिरता के लिए स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि कीव में भारतीय दूतावास वहां मौजूद भारतीय छात्रों के सम्पर्क में है और जमीनी स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा पूरा ध्यान भारतीय नागरिकों और छात्रों पर है तथा अन्य बातों को छोड़कर हमें इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी वहां से निकासी की कोई योजना नहीं है और किसी विशेष उड़ान की व्यवस्था नहीं की गई है। यूक्रेन की सीमा पर स्थिति के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यूक्रेन-रूस सीमा पर वास्तव में क्या हो रहा है, इसके बारे में हम ठोस कुछ नहीं कह सकते और जहां तक स्थिति की गंभीरता का सवाल है, यह स्पष्ट है कि जब भी हम कोई परामर्श जारी करते हैं तो एक आकलन के बाद ही करते हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में बागची ने कहा कि भारत और यूक्रेन के बीच एयर बबल व्यवस्था के ( शेष पेज 9 )

# कुएं में गिरने से 13 लड़कियों और महिलाओं की मौत

- विवाह की रस्म के दौरान हुआ हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुशीनगर



कुशीनगर के इसी कुएं में गिरने से 13 महिलाओं और युवतियों की मौत हो गई। हादसे के बाद कुएं में झांकते लोग

**उत्तर** प्रदेश के कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में शादी की रस्म के दौरान कुएं में गिरने से 13 लड़कियों एवं महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। कुशीनगर के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बृहस्पतिवार को बताया कि नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया टोला में बुधवार रात करीब 10 बजे परमेश्वर कुशवाहा नामक व्यक्ति के घर में शादी के लिए हल्दी की रस्म हो रही थी।

उन्होंने बताया कि इसके तहत कुछ महिलाएं और लड़कियां कुएं के ऊपर लगी स्लैब पर बैठकर रस्म मटकोरबा अदा कर रही थीं। इस दौरान स्लैब टूट गया और उस पर बैठे सभी लोग कुएं में जा गिरे। उन्होंने बताया कि इस घटना में कुल 13 लोगों की मौत हुई है, जिनकी पहचान पूजा (19), शशि कला (15), शकुंतला (35), ममता देवी (35), मीरा (25), पूजा (20), परी (एक), ज्योति (15), राधिका (16), सुंदरी (15), आरती (10), पप्पी (20) और मनु (18) शामिल है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस हादसे में करीब 10 अन्य लोग जख्मी भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता दी जाएगी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस हादसे में करीब 10 अन्य लोग जख्मी भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता दी जाएगी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने घटना के बाद एंबुलेंस बुलाई थी लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक नहीं आई, जिसके बाद ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 पर रास्ता जाम कर दिया। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के समझाने बुझाने पर जाम खुल सका। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने कहा कि एंबुलेंस देर से पहुंचने के मामले की जांच कराई जाएगी और सख्त कार्रवाई होगी।

परमेश्वर कुशवाहा ने बताया कि कुआं काफी पुराना था और उसे एक स्लैब से ढक दिया गया था लेकिन रस्म के दौरान लड़कियां और महिलाएं उस पर खड़ी हो गई और ज्यादा वजन हो जाने की वजह से स्लैब टूट गई और उस पर खड़े सभी लोग कुए में जा गिरे। इस घटना में रमेश चौरसिया नामक व्यक्ति के परिवार के तीन सदस्यों की मौत हुई। स्थानीय ग्रामीण ज्ञान चौरसिया ने बताया, उस कुएं का इस्तेमाल पिछले काफी सालों से नहीं किया जा रहा था इस गांव को सांसद विजय दुबे ने अंगीकार किया है लेकिन किसी ने भी कुए की सुरक्षा का कोई ख्याल नहीं रखा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए एक ट्वीट में कहाकि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में हुए हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कई लोगों की मृत्यु का दुखद समाचार सुनकर व्यथित हूं। इस दर्दनाक हादसे में अपने परिजनों को खोने वाले सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त ( शेष पेज 9 )

## हरियाणा में निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण पर स्टे खारिज हुआ


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने हरियाणा के निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण मुहैया कराने के प्रावधान वाले कानून पर अंतरिम रोक लगाने के हरियाणा एवं पंजाब उच्च न्यायालय के आदेश को गुरुवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने हरियाणा सरकार को नियोक्ताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि हमारा मामले के गुण-दोष से निपटने का इरादा नहीं है और हम उच्च न्यायालय से चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का अनुरोध करते हैं। पक्षकारों को स्थगन का अनुरोध नहीं करने और सुनवाई की तारीख तय करने के लिए अदालत के सामने मौजूद रहने का निर्देश दिया जाता है। उसने कहा कि इस बीच, हरियाणा को नियोक्ताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया जाता है। उच्च न्यायालय के जिस आदेश को चुनौती दी गई है, उसे खारिज किया जाता है, क्योंकि अदालत ने विधेयक पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त कारण नहीं दिए हैं।

# सिर्फ नेहरू को कोसने में ऊर्जा नष्ट कर रही भाजपा: मनमोहन

- पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, सात साल शासन के बाद भी भाजपा समस्याओं के लिए नेहरू को ठहरा रही जिम्मेदार
- मनमोहन के बयान पर विदेश मंत्रालय ने जताई आपत्ति, वित्त मंत्री ने भी किया पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पूर्व** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गुरुवार को एनडीए सरकार की विदेश नीति और महंगाई पर हमला करते हुए मोदी सरकार को जमकर घेरा। पूर्व पीएम ने कहा कि भाजपा सात साल से अधिक समय से सत्ता में है और अभी भी लोगों की समस्याओं के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहरा रही है। वहीं विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनके बयान का खंडन करते हुए इसे राजनीतिक संदेश बताया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी मनमोहन सिंह पर पलटवार करते हुए उन्हें याद दिलाया कि उनके शासन के दौरान मुद्रास्फीति अपने चरम पर थी।

पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले पंजाबी में दिए एक वीडियो संदेश में मनमोहन सिंह ने कहा कि सरकार विदेश नीति के मोर्चे पर पूरी तरह से विफल साबित हुई है और याद किया कि कैसे उनके कार्यकाल में भारत और भारतीयों की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी थी। सिंह ने कहा कि पुराने दोस्त लगातार हमसे अलग-थलग हो रहे हैं, जबकि पड़ोसी देशों से हमारे संबंध भी खराब हो रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह भी आरोप लगाया कि चीनी सैनिक पिछले एक साल से हमारी पवित्र भूमि पर कब्जा कर रहे हैं लेकिन इस मुद्दे को दबाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि अब तक सत्तारूढ़ सरकार को यह एहसास हो गया होगा कि नेताओं को जबरदस्ती गले लगाने, उनके साथ झूले पर झूलने या बिन बुलाए बिरयानी खाने से देशों के बीच संबंध नहीं सुधरते हैं। सिंह ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट संदर्भ में की। जिसमें 2014 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा के दौरान एक झूले पर झूलने और 2015 में तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधान मंत्री नवाज शरीफ से मिलने के लिए पीएम मोदी की अचानक लाहौर यात्रा पर की। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अपने तीखे हमले में सिंह ने कहा ( शेष पेज 9 )

## राजधानी में एक महीने में दूसरी बार मिला आईईडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में करीब एक महीने में दूसरी बार इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिला है। यमुनापार के पुरानी सीमापुरी में एक घर से तीन किलो आईईडी विस्फोटक (बम) मिला है। यह वैसा ही है जैसे बीते 14 जनवरी को गाजीपुर फूल मंडी से विस्फोटक बरामद हुआ था। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि विस्फोटक को किसी पार्क में निष्क्रिय किया जाएगा। एनएसजी की टीम बैग को अपने साथ ले गई है। इलाके के मकान में विस्फोटक मिलने के बाद लोगों की भारी भीड़ भी जमा हो गई। लोगों ने जमकर दिल्ली पुलिस के समर्थन में नारेबाजी की। लंबे समय से यह मकान बंद पड़ा था। मकान में रहने वाले किराएदार फरार हैं। जिस घर से बम मिला है, उसके मकान मालिक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उसने किरायदारों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया था। उसके परिवार में मां, पत्नी और चार बच्चे हैं। आईईडी मिलने के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# सिंगापुर के प्रधानमंत्री की सांसदों पर टिप्पणी, भारत का कड़ा विरोध

- विदेश मंत्रालय ने राजदूत को किया तलब, टिप्पणी को अनावश्यक बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सिंगापुर** के प्रधानमंत्री की लोकसभा सांसदों के कथित आपराधिक रिकॉर्ड और नेहरू के समय के भारत को लेकर की गई टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कड़ा एतराज जताया है। भारत ने गुरुवार को इस संबंध में सिंगापुर के राजदूत को तलब कर टिप्पणी को अनावश्यक बताया। मंत्रालय ने कहा कि हम मामले को सिंगापुर के साथ उठा रहे हैं। यह प्रतिक्रिया सिंगापुर की संसद में बुधवार को लोकतंत्र को कैसे काम करना चाहिए पर बहस के बाद आई है।

सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने कहा था कि नेहरू के भारत में इस समय लोकसभा में लगभग आधे सांसदों के खिलाफ बलात्कार और हत्या के आरोपों सहित आपराधिक मामले लंबित हैं। हालांकि यह भी कहा जाता है कि इनमें से कई आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। लूंग संसद में यह कहने की कोशिश कर रहे थे कि अधिकांश देश उच्च आदर्शों और महान मूल्यों के आधार पर स्थापित और शुरू हुए, लेकिन धीरे-धीरे, राजनीति की प्रकृति बदल गई और राजनेताओं के प्रति सम्मान कम हो गया।

लूंग ने भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू सहित विश्व कई नेताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि चीजें जोश व भावुकता के साथ शुरू होती हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने और जीतने वाले नेता अक्सर महान साहस, समृद्ध संस्कृति और उत्कृष्ट क्षमता के व्यक्ति होते हैं। वे जनता और राष्ट्र नायक के रूप में उभरे। इनमें डेविड बेन-गुरियन, जवाहरलाल नेहरू और हमारे अपने भी नेता हैं।

## स्पा सेंटर में लगी आग महिला मैनेजर समेत दो लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**शहर** के सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में स्थित एक स्पा सेंटर में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि स्पा सेंटर में मौजूद महिला मैनेजर और एक अन्य व्यक्ति की जलकर मौत हो गई है। इस मामले के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि, पुलिस ने फायर ब्रिगेड टीम के साथ मिलकर आग पर काबू पा लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा सेक्टर-24 थाना क्षेत्र अंतर्गत एक स्पा सेंटर है। स्पा सेंटर में गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि इस आग की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई है। जिसमें से एक महिला और एक पुरुष है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में ले लिया है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,892 | ↓ 104 | |
| निफ्टी | 17,304 | ↓ 17 | |
| सोना | 49,738 | ↑ 513 | /10g |
| चांदी | 63,222 | ↑ 190 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुलायम ने अखिलेश के लिए करहल में मांगे वोट

**मैनपुरी।** विधानसभा चुनाव में पहली बार प्रचार के लिए निकले समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने कहा देश के किसान, व्यापारी और नौजवान ही मजबूत करेंगे और इन तीनों की उम्मीदों को समाजवादी पार्टी पूरा करेगी क्योंकि सपा की नीतियां स्पष्ट हैं। मुलायम ने लोगों से करहल विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भारी मतों विजई बनाने की अपील की। विधानसभा चुनाव में करहल से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री तथा अपने बेटे अखिलेश के लिए वोट मांगने मुलायम काफी समय बाद बृहस्पतिवार को किसी जनसभा में शामिल हुए। करहल विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल को उतारा है जहां तीसरे चरण में 20 फरवरी को मतदान होगा।

# एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक चित्रा रामकृष्ण के यहां छापे

- समूह परिचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यम के यहां भी आयकर विभाग की छापेमारी

**भाषा।** नई दिल्ली, मुंबई

**आयकर** विभाग ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण और समूह परिचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यम के खिलाफ कर चोरी के मामले की जांच के तहत मुंबई और चेन्नई स्थित उनके परिसरों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद दोनों लोगों के खिलाफ कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच करना तथा साक्ष्य जुटाना है। दरअसल, यह संदेह जताया गया था कि उन्होंने एक्सचेंज की गोपनीय जानकारी संभवत: तीसरे पक्षों के साथ साझा कर अवैध वित्तीय लाभ हासिल किए होंगे। आयकर विभाग की मुंबई जांच शाखा ने रामकृष्ण और सुब्रमण्यम के परिसरों पर आज तड़के छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि रामकृष्ण के चेन्नई स्थित एक परिसर में भी छापा मारा गया। तलाशी दलों ने उन सभी परिसरों से कुछ दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं।

रामकृष्ण उस वक्त सुर्खियों में रही थीं, जब बाजार नियामक सेबी ने हाल में एक आदेश जारी किया था, जिसके मुताबिक एनएसई की पूर्व एमडी एवं सीईओ चित्रा रामकृष्ण ने एक योगी के प्रभाव में आकर आनंद सुब्रमण्यम को एक्सचेंज में समूह परिचालन अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक का सलाहकार नियुक्त किया। भारतीय ( शेष पेज 9 )

# उत्तर भारतीयों के विरुद्ध चन्नी की टिप्पणी को लेकर मोदी ने बोला हमला

- कहा, मुख्यमंत्री उस भूमि के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जहां गुरु रविदास और गुरु गोविंद सिंह का जन्म हुआ था

**भाषा।** अबोहर

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी उत्तर भारतीयों के लिए विवादित टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री के निशाने पर आ गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी, बिहार और दिल्ली वाले भैया टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की आलोचना की। साथ ही, आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह राज्य को खंडित करने के सपने देख रही है।

मोदी ने कहा कि आप का एजेंडा पाकिस्तान से जरा सा भी अलग नहीं है और पार्टी सत्ता में आने के लिए अलगाववादियों से हाथ मिलाने तक को तैयार है। चन्नी की भैया टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री उस भूमि के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर सकते हैं जहां गुरु रविदास और सिख गुरु गोविंद सिंह का जन्म हुआ था। चन्नी ने मंगलवार को कांग्रेस के एक रोड शो के दौरान लोगों से उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली के भैया को पंजाब में नहीं घुसने देने की अपील कर एक विवाद छेड़ दिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि आप के एक पूर्व नेता द्वारा उनके (केजरीवाल के) बारे में किए गए खुलासे से दिल्ली के मुख्यमंत्री के चरित्र का पता चलता है। मोदी ने आरोप लगाया, उनका(आप का) एजेंडा और पाकिस्तान का एजेंडा कहीं से भी अलग नहीं है। उन्होंने पूर्व



आप नेता के आरोपों का जिक्र करते हुए कहा, उनके इरादे कहीं अधिक खतरनाक हैं। हालांकि, इन आरोपों को पार्टी ने दुर्भावनापूर्ण, निराधार और मनगढ़ंत करार दिया है। मोदी ने आरोप लगाया, इन लोगों का पंजाब को खंडित करने का सपना है। ये लोग सत्ता में आने के लिए यहां तक कि अलगाववादियों से भी हाथ मिलाने को तैयार हैं। सत्ता में आने के लिए, यदि उन्हें भारत को खंडित करना पड़ा तो वे यह करने के लिए भी तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने एक रोड शो के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली के भैया को पंजाब में नहीं घुसने देने की चन्नी की टिप्पणी की आलोचना की। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को भैया कहा जाना आमतौर पर आपत्तिजनक माना जाता है। हालांकि, चन्नी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टिप्पणी तोड़ मरोड़ कर पेश की गई और वह उन राज्यों के लोगों का सम्मान करते हैं क्योंकि उन्होंने पंजाब की प्रगति में मदद की है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा चन्नी के बगल में थीं और वह उस वक्त ताली बजाती दिखीं, जब मुख्यमंत्री ने रूपनगर में एक रोडशो के दौरान यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा, इसने हमेशा ही अपने फायदे के लिए एक क्षेत्र के लोगों को दूसरे क्षेत्र के लोगों से लड़वाया है। उन्होंने चन्नी की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश ने इसे देखा है। मोदी ने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री का बयान और उनके बगल में खड़ी नेता के ताली बजाने को पूरे देश ने देखा। उन्होंने कहा, इस तरह के बयानों से वे किसका अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं? यहां (पंजाब में) शायद ही कोई ऐसा गांव होगा, जहां उप्र या बिहार के हमारे बंधु कड़ी मेहनत नहीं कर रहे होंगे। प्रधानमंत्री ने बुधवार को मनाई गई गुरु रविदास जयंती का जिक्र करते हुए कहा, मैं इन नेताओं से पूछना चाहता हूं कि संत रविदास का जन्म कहां हुआ था? क्या उनका जन्म पंजाब में हुआ था? ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 फरवरी 2022



# डीजल जनरेटर को सीएनजी में बदलने के लिए मांगी सब्सिडी

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 30 सितंबर तय की है डेडलाइन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए औद्योगिक सेक्टरों में जनरेटर चलाने की समय सीमा निर्धारित की हुई है। इस वजह से उद्यमियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते उद्यमियों ने कोरोना काल की वजह से आर्थिक स्थिति खराब होने का हवाला देते हुए सरकार से डीजल जनरेटर को सीएनजी जनरेटर में बदलने के लिए सब्सिडी की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने सीएनजी के दामों में भी छूट की मांग की है। उद्यमियों का कहना है कि अगर 24 घंटे की बिजली मिलेगी तो हमें जनरेटर चलाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

आंकड़ों के मुताबिक पूरे शहर में 16 हजार से अधिक छोटे से लेकर बड़ी औद्योगिक इकाइयां हैं। इन सभी औद्योगिक इकाइयों में 10 से 1000 किलोवाट तक के जनरेटर लगे हुए हैं, जिससे काफी धुआं निकलता है। ठंड के मौसम में प्रदूषण की मात्रा ज्यादा बढ़ने की वजह से उद्यमियों के डीजल जनरेटर चलाने पर पाबंदियां लगाई जाती हैं। साथ ही कई बार उन्हें डीजे जनरेटर बंद भी करने पड़ते हैं। जिसके कारण उद्यमियों को काफी अधिक नुकसान होता है।

वहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और ग्रैप के नियमों के कारण बढ़ते प्रदूषण के समय उद्यमियों को उद्योग चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

इस बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने औद्योगिक इकाइयों से डीजल जनरेटर को 30 सितंबर 2022 से पहले सीएनजी में बदलने के निर्देश दिए हैं। 30 सितंबर के बाद से सभी औद्योगिक इकाइयों में डीजल जनरेटर चलाने पर प्रतिबंध होगा। जिस पर उद्यमियों का कहना है कि 100 किलोवाट के डीजे जनरेटर को सीएनजी जनरेटर में बदलने के लिए 6 से 7 लाख रुपए का खर्चा आता है, जो कि काफी अधिक है।

कोरोना काल में उद्यमियों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। ऐसे में जनरेटर को सीएनजी जनरेटर में परिवर्तित करने का खर्चा उठाना संभव नहीं है। जिसके लिए उन्होंने सरकार से डीजल जनरेटर को सीएनजी जनरेटर में बदलने के लिए सब्सिडी की मांग की है।

# तीन बड़ी लूट का पर्दाफाश करने में नाकाम रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● गाजियाबाद में बदमाशों के हौसले बुलंद**

इंदिरापुरम कोतवाली के सामने हुई आधा किलो सोने की लूट सहित तीन बड़ी वारदात का पुलिस राजफाश नहीं कर सकी है। यह स्थिति तब है जब लुटेरों ने कोतवाली के सामने दिनदहाड़े लूट करके पुलिस को खुली चुनौती दी है।

इंदिरापुरम कोतवाली के सामने 24 घंटे में दो लूट बाइक सवार लुटेरों ने इंदिरापुरम कोतवाली के सामने 28 जनवरी को दिनदहाड़े दिल्ली के आभूषण कारोबारी सुधीर वर्मा से करीब आधा किलो सोने के गहने लूट लिए। विरोध करने पर उन्हें गोली मारने की धमकी दी। वारदात से डरे.सहमे सुधीर ने इंदिरापुरम कोतवाली में शिकायत दी तो पुलिस ने पहले उन्हें ही कठघरे में खड़ा किया। बाद में मामले में रिपोर्ट दर्ज की। इसके पहले 27 जनवरी को बाइक सवार लुटेरों ने इंदिरापुरम कोतवाली के पास में इंटरव्यू देकर लौट रही वर्णिका मित्तल से मोबाइल लूटा था। पहली लूट के बावजूद पुलिस सतर्क नहीं हुई थी। नतीजतन 24 घंटे में दूसरी वारदात हो गई थी। कारोबारी सुधीर वर्मा से जब लूट हुई थी उस समय जिलाधिकारी राकेश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बल के साथ क्षेत्र में पैदल मार्च करके लोगों को सुरक्षा का अहसास करा रहे थे। बावजूद इसके लुटेरों ने वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी थी।

वहीं 14 फरवरी की रात स्कूटी सवार लुटेरे ने सिल्वर स्पून होटल के सामने शास्त्री नगर के आदर्श त्यागी की पत्नी से ढाई लाख रुपये की कीमत का हीरे का हार लूट लिया। इस मामले की पुलिस छानबीन कर ही रही थी कि 15 फरवरी को दिनदहाड़े दो लुटेरों ने कनावनी क्षेत्र में कारोबारी अनुज अग्रवाल से सोने की चेन लूट ली। यहीं नहीं लुटेरों ने उन पर गोली भी चला दी थी।

# अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से गिरकर विदेशी महिला की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ओमीक्रान-1 सेक्टर में स्थित एक अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से गिरने से युगांडा की एक महिला की मौत हो गई।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि अफ्रीकी देश युगांडा की रहने वाली जोसेलिने उर्फ जोजो पिछले साल जून में भारत आई थी और दिल्ली में रह रही थी। उन्होंने बताया कि युवती ओमीक्रोन-। सेक्टर के लोहिया अपार्टमेंट में रहने वाले अपने दोस्तों के साथ मंगलवार देर रात पार्टी कर रही थी।

उन्होंने बताया कि वह सुबह चार बजे सीढ़ियों से उतर रही थी, तभी संभवतः नशे में होने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह आठवीं मंजिल से नीचे गिर गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को युगांडा के दूतावास को सौंप दिया गया है। अब दूतावास शव को परिजनों को सौंपने की कार्रवाई करेगा।

# अपैरल पार्क में उद्यमियों को जल्द मिलेगा भूखंडों का कब्जा

## यमुना प्राधिकरण ने जारी किया लीज प्लान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● अभी तक 70 से अधिक भूखंड आवंटित**

यमुना प्राधिकरण अपैरल पार्क के भूखंडों पर जल्द कब्जा देगी। प्राधिकरण द्वारा पहले 35 भूखंडों पर कब्जा दिया जाएगा। कब्जा मिलने के बाद आवंटी इन भूखंडों पर इकाइयों का निर्माण शुरू कर सकेंगे। अपैरल पार्क में इकाइयों के निर्माण से लोगों को रोजगार मिलना शुरू होगा। यहां पर सबसे ज्यादा महिलाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

यमुना प्राधिकरण द्वारा अपैरल पार्क को सेक्टर-29 में विकसित किया जा रहा है। यहां पर 70 से अधिक उद्यमियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं। उद्यमियों को भूखंडों पर आवंटन मिलने के बाद अब कब्जा देने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

प्राधिकरण ने बुधवार को पांच भूखंडों के लिए लीज प्लान जारी किया। अब से पहले प्राधिकरण तीन भूखंडों का लीज प्लान जारी कर चुका है। उद्यमी लीज प्लान मिलने के बाद रजिस्ट्री करा भूखंड पर कब्जा लेंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि अपैरल पार्क के आवंटियों के लिए लीज प्लान जारी किया जा रहा है। लीज प्लान जारी होने के बाद आवंटी रजिस्ट्री कराई सकेंगे। जिसके बाद उन्हें कब्जा दे दिया जाएगा।

इसके अलावा यमुना प्राधिकरण 27 और भूखंडों के लिए लीज प्लान जारी करने की योजना बना चुकी है। जिसे जल्द ही जारी किया जाएगा। आवंटियों को भूखंडों पर कब्जा मिलने के बाद यहां पर निर्माण कार्य शुरू करा सकते हैं।

# 85 हजार घरों के काटे जाएंगे बिजली कनेक्शन

## *बकाएदारों के खिलाफ अगले हफ्ते विभाग शुरू करेगा अभियान*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्धनगर में 85 हजार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। यह फैसला बिजली विभाग ने लिया है। एकमुश्त समाधान योजना का लाभ नहीं लेने वाले 85000 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। इस अभियान की शुरुआत अगले हफ्ते से होगी। जिसके लिए प्रत्येक डिवीजन से डाटा तैयार कर लिया गया है।

जनपद के मुख्य अभियंता वीएन सिंह ने बताया कि जिले में 1.27 लाख लोगों ने बिजली का बिल जमा नहीं किया था। प्रदेशभर में ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या काफी ज्यादा है। अब उत्तर प्रदेश में ऐसे उपभोक्ताओं के लिए बिजली विभाग एकमुश्त समाधान योजना लेकर आया है। इसका फायदा गौतमबुद्ध नगर के सिर्फ 42 हजार लोगों ने उठाया है। बाकी 85 हजार उपभोक्ताओं ने इस योजना के बाद भी बिजली का बिल जमा नहीं किया है।

अब ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने बिजली का बिल जमा नहीं किया है, उनके बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। इसको लेकर बिजली विभाग ने पूरा डाटा तैयार कर लिया है। अगले हफ्ते से बिजली के कनेक्शन काटे जाएंगे।

जनपद में कुल 85000 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। मुख्य अभियंता ने बताया कि सिर्फ उन्हीं लोगों के घरों की बिजली काटी जाएगी, जिनके घरों के बिजली का बिल बकाया है। बाकी लोगों को परेशान नहीं किया जाएगा। इसके अलावा बिजली काटने के बावजूद भी अगर किसी ने तार जोड़ने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अविनाश रावा, स्वर्ण कांता, यूजीएफ 1/सी 56, शालीमार गार्डन एक्स. 2, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBDEL00001312432 | फ्लैट नंबर यूजी-I, जीएफ (फ्रंट साइड), प्लॉट नंबर सी-56, शालीमार गार्डन एक्स. 2, गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 9,67,997.85/- | 12-07-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 18 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
प्रत्याभूत क्रेडिटर

ORIGO

**Origo Commodities India Pvt Ltd**

**ANNEXURE I**

**Format for publishing financial results in newspapers**

[Regulation 52 (8), read with Regulation 52 (4), of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]

| S. No | Particulars | For the quarter ended | | For the half year ended | | For the half year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | September 30, 2021 | June 30, 2021 | September 30, 2021 | September 30, 2021 | March 31, 2021 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 10,141.29 | 15,341.12 | 35,337.40 | 17,330.03 | 22,162.82 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 385.25 | 286.10 | 865.30 | 527.58 | 777.80 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 385.25 | 286.10 | 865.30 | 527.58 | 777.80 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 197.63 | 220.60 | 546.68 | 374.35 | 491.63 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 202.68 | 225.64 | 561.82 | 389.50 | 511.84 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 5,448.90 | 5,448.90 | 5,448.90 | 5,448.90 | 5,448.90 |
| 7 | Reserves(excluding Revaluation Reserve) | 13,251.12 | 13,045.05 | 13,251.12 | 12,593.25 | 12,680.03 |
| 8 | Net worth | 18,700.02 | 18,493.95 | 18,700.02 | 18,042.15 | 18,128.93 |
| 9 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 12,052.26 | 16,747.62 | 12,052.26 | 12,867.06 | 17,496.85 |
| 10 | Outstanding Redeemable Preference Shares* | 0.48 | 0.48 | 0.48 | 0.48 | 0.48 |
| 11 | Debt Equity Ratio * | 0.64 | 0.91 | 0.64 | 0.71 | 0.97 |
| 12 | Earnings Per Share (of Rs.10 /- each) (for continuing and discontinued operations) - | - | - | - | - | - |
| | 1.Basic: | 0.36 | 0.40 | 1.00 | 0.69 | 0.90 |
| | 2.Diluted: | 0.33 | 0.37 | 0.92 | 0.63 | 0.83 |
| 13 | Capital Redemption Reserve * | - | - | - | - | - |
| 14 | Debenture Redemption Reserve * | - | - | - | - | - |
| 15 | Debt Service Coverage Ratio * | 0.36 | 0.32 | 0.74 | 0.80 | 0.97 |
| 16 | Interest Service Coverage Ratio * | 2.15 | 1.78 | 1.82 | 1.99 | 1.89 |

**Note:** 1.The Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the half yearly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchange(s) i.e BSE Limited and the listed entity. www.investor@origoindia.com & https://www.bseindia.com.
2.For the items referred in sub-clauses (a), (b), (d) and (e) of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s) (specify names of Stock Exchanges) and can be accessed on the URL www.investor@origoindia.com & https://www.bseindia.com
3.The impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s) due to change(s) in accounting policies shall be disclosed by means of a footnote.
4.# - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.
5.The above standalone and consolidated results have been approved by the Board of Directors in its meeting held on February 8th 2022 and have been reviewed by the Statutory Auditors of the Company in accordance with the requirement of regulation 52 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulations).
6.Segment Information as per Ind-AS 108, 'Operating Segments' is disclosed in Segment reporting.

For Origo Commodities India Pvt Ltd
Name: Mayank Dhanuka (Whole Time Director)
DIN:02572510

Date: 08 Feb 2022 Place: Gurgaon

**Corporate Office:** Plot No 37, 1st Floor, Sec-18, Institutional Area, Gurgaon 122002, Haryana
**Registered Office:** FK-06, First Floor, Somdatt chamber-1, 5, Bhikaji Cama Place, New Delhi 110066
**CIN:** U51103DL2011PTC213352: **Visit us at:** www.origoindia.com: **E-mail:** info@origoindia.com

**REGD. AD, DASTI AFFIXATION ON PROPERTY AS WELL AS NOTICE BOARD OF DRT BEAT OF DRUM, PUBLICATION IN NEWS PAPER**

**SALE PROCLAMATION**

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-III, DELHI 4th FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING, PARLIAMENT STREET, PATEL CHOWK, NEW DELHI-110001

**R.C. No. 1022/2018** **DATED:27.01.2022,**

PROCLAMATION OF SALE UNDER RULES 38, 52(2) OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANK AND FINANCIAL INSTITUTIONS ACT, 1993

**ICICI BANK LTD.**
**VS**
**LAXMAN KUMAR**

**CD No. 1.** Sh. Laxman Kumar. S/o Puran Lal. R/o. IA/7767, DDA, Flat QTR.-32, Arakasha Road, Pahar Ganj, Delhi-110055.
**CD No. 2.** Ms. Gunjan Sharma. W/o. Sh. Puran Lal. R/o. IA/7767, DDA, Flat QTR.-32, Arakasha Road, Pahar Ganj, Delhi-110055.

Whereas you has/ have failed to pay the sum of **Rs.22,55,435.10 (Rupees Twenty Two Lacs Fifty Five Thousand Four Hundred Thirty Five and Paise Ten Only)** payable by you/her in respect of recovery certificate in **OA No. 374 of 2017/DRT-III/Delhi** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal, Delhi, and the interest payable **@12% p.a.** simple w.e.f. **11.05.2017,** as per certificate.

And whereas the undersigned has ordered the sale of property mentioned in the Schedule below in satisfaction of the said certificate.

Notice is hereby given that in absence of any order of postponement, the said property shall be sold on 24.03.2022 between 3.00 PM to 4.00 PM (with auto extension clause in case of bid in last 5 minutes before closing, if required) by **e-auction and bidding shall take place through "On line Electronic Bidding" through website: http://drt.auctiontiger.net** through service provider - auction and bidding shall take place through on line Electronic Bidding" through website: **http://dit.auctiontiger.net through service provider M/s. e Procurement Technologies Ltd.** (ABC Procure), A-201/208, Wall Street-II, Opp, Orient Club Near Gujarat College, Ellis Bridge, Ahemedabad-380006 Gujarat (India) Tel: +91 079 61200594/598/568/587/538.

**In case of any query, Contact Mr. Ram Sharma Mobile No. 8000023297 email: delhi@Auctiontiger.net, support@ auctiontiger.net.**

**For further details contact: Sh. Rajly Ranjan, officer of CH Bank, having Mobile No.8584874809.**

The sale will be of the property of the defendant above named as mentioned in the schedule below and the liabilities and claims attaching to the said property, so far as they have been ascertained, are those specified in the schedule against each lot.

No officer or other person, having any duty to perform in connection with sale, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold. The sale shall be subject to the conditions prescribed in Second Schedule of the Income Tax Act, 1961 and the rules made there under and to the further following conditions.

The particulars specified in the annexed schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.

1. The description of properties, Reserve Price and EMD are as under:

| S.No | Property Particulars | Reserve Price/EMD |
|---|---|---|
| 1. | MERCEDES BENZ/ E 350 CDI ELEGANCE. DIESEL/ AUTOMATIC TRANSMISSION. CHASSIS No. WDD2120256L017168 Registration No. DL-3FS-0009; | Rs. 380,000/ EMD: Rs. 38,000/ |

The properties shall not be sold below the reserve price:

**2.** The amount by which the biddings are to be increased shall be **Rs.15,000/ (Rupees Fifteen Thousand Only).** In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the property shall at once be again put up to auction.

**3.** The highest bidder shall be declared to be the successful highest bidder. It shall be in the discretion of the undersigned to decline/acceptance of the highest bid when the price offered appears so clearly inadequate as to make it inadvisable to do So.

**4.** EMD shall be deposited by **22.03.2022** by way of DD/pay order in favour of **RECOVERY OFFICER-II,** Debt Recovery Tribunal-III, Delhi in the sealed cover. EMD deposited thereafter shall not be considered for participation in the e-auction.

**5.** The copy of PAN card, Address proof and Identity proof, E-mail ID, Mobile No. and Declaration if they are bidding on their own behalf or on behalf of their principals. In the latter case, they shall be required to deposit their authority, and in default their bids shall be rejected. In case of the company copy of resolution passed by the board members of the company or any other document confirming representation /attorney of the company and the receipt/counter File of such deposit should reach to the said service provider or CH Bank by e-mail or otherwise by the said date and hard copy shall be submitted before the RECOVERY OFFICER-II, DRT-III, New Delhi.

**6.** The successfull highest bidder shall have to deposit 25% of his final bid amount after adjustment of EMD by next bank working day i.e., by 3:00 P.M. in the said account as per detait mentioned in para above.

**7.** The successful highest bidder shall deposit the balance 75% of final bid amount on or before 15th day from the date of sale of the property. If the 15th day is Sunday or other Holiday, then on the first bank working day after the 15th day by prescribed mode as stated in para 4 above. In addition to the above the successful highest bidder shall also deposit poundage fee with **RECOVERY OFFICER-II, DRT-III @2%** upto **Rs.1,000/-** and **@1%** of the excess of said amount of Rs.1,000/-through DD in favour of The Registrar, DRT-III, Delhi.

**8.** Movable Property shall remain open for inspection by prospective bidders on **10.03.2022** from **11.00 a.m.** to **4.00 p.m.**

**9.** In case of default of payment within the prescribed period, the property shall be resold, after the issue of fresh Proclamation of sale. The deposit, after defraying the expenses of the sale, may, if the undersigned thinks fit, be forfeited to the Government and the defaulting successful highest bidder shall forfeit all claims to the property or to any part of the sum for which it may subsequently be sold.

**10.** The property is being sold on **"AS IS WHERE IS BASIS AND AS IS WHAT IS BASIS". The outstanding dues if any, of any authority on the movable property shall be borne by the auction purchaser/purchasers apart from bid amount.**

**11.** The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

**12.** There is no detail of revenue/encumbrance or calm against the properties in the knowledge of undersigned at this stage. However, prospective bidders are advised to make their own due diligence w.r.t. dues or any other encumbrance etc., in their own interest, before deposit of EMD.

**13.** There is no details of BSES/NDPL/BYPL outstanding dues against the properties in the knowledge of undersigned at this stage. However, prospective bidders are advised to make their own due diligence w.r.t dues of electricity/ water/ house tax bills or any other encumbrance etc., in their own interest, before deposit of EMD.

**14.** CH Bank is directed to authenticate and check the veracity of details given hereni.

Given under my hand and seal on this **27th day of January, 2022.**

**(SHISHIR KR, TRIVEDI)**
**RECOVERY OFFICER-II, DRT-III, DELHI**

# आवारा कुत्ते ने महिला को काटकर किया जख्मी

**नोएडा।** आवारा कुत्तों का हमला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन शहर के किसी ना किसी ग्रामीण क्षेत्रों और सेक्टरों में कुत्तों द्वारा काटने की घटना सामने आ रही है। बुधवार को सेक्टर-51 में स्ट्रे डॉग ने एक महिला मेड पर हमला कर जख्मी कर दिया। महिला का इलाज अस्पताल में करवाया गया।

सेक्टर-51 आरडब्लूए महासचिव संजीव कुमार ने कहा कि सेक्टर के तमाम जगहों पर तकरीबन 15 से 20 आवारा कुत्ते हैं। जो आए दिन निवासियों पर हमला कर रहे हैं। कुत्तों के कारण स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# पूर्व विधायक विजयपाल भाटी का निधन

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर की दादरी विधानसभा से पूर्व विधायक रहे विजयपाल सिंह भाटी का निधन हो गया है। विजयपाल सिंह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित बिसरख गांव के रहने वाले थे। विजय पाल सिंह का बुधवार की देर शाम को निधन हुआ है। बताया जा रहा है कि वह काफी लंबे समय से बीमार भी थे।

विजयपाल सिंह भाटी ने 87 वर्ष की आयु में दुनिया छोड़ दी। बीते 14 फरवरी को उनका जन्मदिन मनाया गया था। वह 1972 में पहली बार दादरी विधानसभा से विधायक बने थे। उसके बाद 1980 में दादरी विधानसभा सीट से दोबारा विधायक चुने गए।

# नक्शे के विपरीत निर्माण को किया सीलिंग

**गाजियाबाद।** नंदग्राम मरियम नगर स्थित सेंट जोसेफ अस्पताल और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में नक्शे के विपरीत अवैध निर्माण मामले में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई की है। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र त्यागी ने मुख्यमंत्री और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर जीडीए अधिकारियों पर अवैध निर्माण करवाने के गंभीर आरोप लगाए थे।

शिकायत को संज्ञान में लेते हुए अगले दिन ही जीडीए ने सीलिंग की कार्रवाई की है। जीडीए प्रवर्तन जोन.एक की टीम ने बुधवार दोपहर मरियम नगर में सेंट जोसेफअस्पताल में किए जा रहे अतिरिक्त ब्लॉक के निर्माण को सील कर दिया।

# संक्षिप्त समाचार


निगम क्षेत्र के एक बकायेदार के भवन को सील करते निगम कर्मचारी।

### टैक्स बकायेदारों पर निगम ने की कार्रवाई

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने 50 हजार से ज्यादा रकम वाले टैक्स बकाएदारों के खिलाफ दूसरे दिन भी अभियान चलाया। इस दौरान आनंद औद्योगिक क्षेत्र, विजयनगर और सिटी जोन में 10 संपत्तियों को सील किया गया। वहीं, कई बकाएदारों ने मौके पर ही टैक्स की बकाया रकम जमा कराकर सीलिंग की कार्रवाई रुकवाई।मोहन नगर जोन में लोनी.भोपुरा रोड पर दो औद्योगिक इकाइयों पर तीन लाख रुपया बकाया होने पर उन्हें सील कर दिया। वहीं, 30 भवनों पर बकाया 25 लाख की रकम वसूली के लिए नोटिस चस्पा किया गया है। सिटी जोन में 14 बकाएदारों के भवनों को नगर निगम की टीम सील करने पहुंची। इन पर संपत्ति कर का 7.84 लाख रुपया बकाया था। सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए इन बकाएदारों ने 5.82 लाख रुपये चेक से, 1.70 लाख रुपये कैश और 31 हजार से ज्यादा की रकम ऑनलाइन जमा कराई गई।


ग्रेनो के दलेलगढ़ गांव में टूटी पड़ी भगवान परशुराम की मूर्ति।

### ग्रेटर नोएडा में भगवान परशुराम की मूर्ति तोड़ी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दलेलगढ़ गांव में स्थापित भगवान परशुराम की मूर्ति गुरुवार सुबह टूटी हुई मिली। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। भगवान परशुराम की मूर्ति तोड़ने की जानकारी काफी तेजी के साथ गांव में लोगों को प्राप्त हुई। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने खंडित हुई मूर्ति को विसर्जित किया है। फिलहाल कोई भी तनाव का माहौल नहीं है। डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि मूर्ति के चारों तरफ कोई भी दीवार नहीं हुई है। प्राथमिक जांच में आशंका जाहिर की गई है कि देर रात को किसी जानवर ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया है। गुरुवार की सुबह मामले की जानकारी पुलिस को हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से मूर्ति को विसर्जित करवाया है।

### चोरी के आरोपी को भीड़ ने पीटा, मौत

**नोएडा।** शहर के एक घर में बुधवार को चोरी का प्रयास करते वक्त पकड़े गए आरोपी की भीड़ ने कथित तौर पर पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार तड़के पुलिस को सेक्टर-63 थानांतर्गत चोटपुर गांव में कुछ लोगों द्वारा एक चोर को पकड़े जाने की सूचना मिली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और चोर को हिरासत में ले लिया। चोरी के कुछ सामान के साथ ही एक तमंचा भी उसके कब्जे से बरामद किया

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दो साल से सूने पड़े कॉलेजों में लौटी चहल-पहल

## दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी-दक्षिणी कैम्पस के समीप मेट्रो स्टेशन पर सुबह से ही छात्रों की भीड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 महामारी के कारण करीब दो वर्ष तक बंद रहने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से संबंद्ध कॉलेज बृहस्पतिवार को खुल गए। डीयू के निकट स्थित विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन में सुबह से ही छात्रों की भीड़ रही और वे कॉलेज जाने के लिए आतुर नजर आए।

लॉ के छात्र गजेन्द्र मोहन ठाकुर ने बताया कि वह कैंपस जाने के लिए आतुर है। विश्वविद्यालय करीब दो वर्ष तक बंद रहे। ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई उतनी प्रभावी नहीं है, जितना की कक्षाओं में होने वाली पढ़ाई। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेज को मार्च 2020 में बंद कर दिया गया था। प्रथम वर्ष की छात्र कल्याणी हरबोला के अनुसार वह छात्र कक्षाओं में पढ़ाई को लेकर बेहद उत्साहित हैं,क्योंकि यह उन्हें उनका भविष्य तय करने में अनेक अवसर उपलब्ध कराएगा। मालूम हो कि इस माह की शुरुआत में छात्र निकायों ने विद्यालयों को वापस खोले जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के मामले कम होने के बाद शिक्षण संस्थानों को दोबारा खोलने का निर्णय लिया गया।

वहीं अध्यापकों के अनुसार जहां तक हाइब्रिड मॉडल का सवाल है प्रत्येक क्लास में हाइब्रिड मोड में शिक्षण का प्रबंधन कर सकें। पिछले एक सप्ताह से कॉलेज में छात्रों के हित में तैयारी की जा रही है। सभी कमरों को पहले से ही सेनेटाइज किया गया था। दो साल से बंद कैंटीन की सफाई कराई गई। किताब की दुकान खुली है। कॉलेज के विभिन्न स्थानों पर सैनिटाइजर लगाए गए हैं।



मिरांडा हाऊस की छात्राएं खुशियां मनाती हुई। फोटो: रंजन डिमरी

### सेना के लिए बच्चों को तैयार करेगा आर्म्ड फोर्सेज प्रीप्रेटरी स्कूल

**नई दिल्ली।** एसओएसई में आर्म्ड फोर्सेज प्रीप्रेटरी स्कूल भी शामिल किया गया है। इसका मकसद सैन्य अफसर बनकर सशस्त्र बलों के माध्यम से राष्ट की सेवा करने का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स को तैयार करना है। इस सत्र में एएफपीएस में 9वीं व 11वीं कक्षा में एडमिशन लिए जाएंगे। झड़ौदा कलां में 14 एकड़ के क्षेत्र में फैला ये एक रेजिडेंशियल स्कूल होगा, जहाँ पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को इंडियन आर्म्ड फोर्सेज में शामिल होने के लिए तैयार किया जाएगा। स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से मान्यता प्राप्त है। इसका उद्देश्य छात्रों को रटने की पद्धति से दूर कर असेसमेंट को उनके प्रतिदिन के टीचिंग-लर्निंग प्रैक्टिस में इंटीग्रेट करना है। साल के अंत में परीक्षा से बच्चों के ज्ञान की जाँच करने तक सीमित नहीं है और बेहतर किया जाता है।



# एसओएसई के इस साल खुले 11 नए स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के नए सत्र में दाखिले के लिए 28 तक कर सकते हैं आवेदन

स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए दिल्ली सरकार ने इस साल यानी शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए 11 नए स्कूल खोले है। इसके साथ दिल्ली में अब एसओएसई की संख्या बढ़कर 31 हो गई है।

यह स्कूल 5 क्षेत्रों में विशेष शिक्षा देते हैं जिसमें साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स (स्टेम), ह्यूमैनिटीज, परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स, हाई-एंड 21वीं सेंचुरी स्किल्स और आर्म्ड फोर्सेज प्रीप्रेटरी स्कूल शामिल है।

इन स्कूलों में नए सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र कक्षा नौवीं में अपने पसंदीदा स्ट्रीम में दाखिले के लिए 28 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। साथ ही इस साल स्टेम व आर्म्ड फोर्सेज प्रीप्रेटरी स्कूल में कक्षा 11वीं में भी दाखिले लिए जाएंगे।

पूरी एडमिशन प्रक्रिया के दौरान बच्चों की मदद करने के लिए सभी एसओएसई में दाखिले हेल्पडेस्क भी लगाए गए हैं।

एडमिशन संबंधी किसी भी सवाल पर मदद के लिए बच्चे अपने नजदीकी एसओएसई में जाकर संपर्क कर सकते हैं। दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए एसओएसई अपने छात्रों को नए जमाने की गतिविधियों और स्पेशलाइज्ड डोमेन में लर्निंग के लिए विश्वस्तरीय क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और फैकल्टी की सुविधा प्रदान करते हैं।

यहाँ वैश्विक स्तर की जानीमानी संस्थाएं इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (आई.बी) ऑस्ट्रेलियन काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली, विद्यामंदिर क्लासेज, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, ग्लोबल म्यूजिक इंस्टिट्यूट, लेंड-अ-हैंड इंडिया, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, आदि शामिल है।



# पहले दिन डीयू में अच्छी रही छात्रों की उपस्थिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डीयू में करीब दो साल बाद शुरू हुई ऑफलाइन कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति अच्छी खासी रही। हालांकि अन्य राज्यों से आने वाले छात्रों की संख्या कम रही लेकिन अगले सप्ताह तक इसमें और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

शिक्षकों का कहना है कि द्वितीय वर्ष के छात्रों की उपस्थिति बेहतर रही, लेकिन पहले और तृतीय वर्ष के छात्रों की संख्या कम रही। मिरांडा हाउस में शिक्षक आभा देव हबीब ने बताया, पहले वर्ष के छात्रों की अगले महीने परीक्षा और यह उनके असाइमेंट जमा करने और आंतरिक परीक्षाओं का वक्त है। साथ ही चूंकि उनकी परीक्षाएं ऑनलाइन ओपन बुक तरीके से हो रही हैं, उनपर वापस लौटने का कोई दबाव नहीं है। इस वक्त तीसरे वर्ष के छात्र भी अपनी प्रवेश परीक्षाओं में व्यस्त हैं और संभवत: कोचिंग ले रहे हैं।

दूसरे वर्ष के छात्रों में जरूर उत्साह है। उन्होंने वे सभी प्रयोग किए जो ऑनलाइन कक्षाओं में किए थे। मिरांडा हाउस, मोती लाल नेहरू जैसे कुछ कॉलेज पहले वर्ष के छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा दे रहे हैं। महाराजा अग्रसेन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि पहले दिन उपस्थित 70 प्रतिशत रही, जिसकी बिल्कुल आशा नहीं थी। उन्होंने सभी तैयारियां की थीं।

### एबीवीपी के छात्रों ने किया प्रचार



**नई दिल्ली।** नए छात्रों के बीच प्रचार प्रसार के लिए एबीवीपी के छात्र पहुंचे। उन्होंने इस दौरान संगठन में शामिल होने का प्रस्ताव भी दिया। कई कॉलेजों में देखा गया कि संगठन के छात्र एबीवीपी के बारे में बता रहे है। इस दौरान कुछ छात्र इच्छुक तो कुछ अनइच्छुक दिखाई दिए।

# एम्स अस्पताल निदेशक पद के लिए आईसीएमआर डीजी सहित 32 उम्मीदवार

- वर्तमान निदेशक रणदीप गुलेरिया 23 मार्च को हो रह हैं सेवानिवृत्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के निदेशक पद के लिए 32 उम्मीदवार हैं। उल्लेखनीय है देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थान के निदेशक रणदीप गुलेरिया 23 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक बलराम भार्गव भी उम्मीदवारों में शामिल हैं।

निदेशक पद के लिए एम्स के 12 चिकित्सकों ने आवेदन किया है। उनमें अस्थिरोग विभागाध्यक्ष एवं ट्रॉमा सेंटर प्रमुख राजेश मल्होत्रा,तंत्रिका विज्ञान केंद्र प्रमुख एम वीपी पद्म श्रीवास्तव, एंडोक्रायनोलॉजी विभागाध्यक्ष निखिल टंडन, सर्जरी विभागाध्यक्ष सुनील चंबर, कार्डियोथोरेसिस एवं वस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के प्रोफेसर एके बिशोई तथा फोरेंसिक प्रमुख सुधीर गुप्ता शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक कुछ नामों को चयनित करने के लिए चार सदर्स्यय खोज-सह-चयन समिति किस दिन बैठक करेगी, इस बारे में फैसला किया जाना अभी बाकी है।

समिति के सदस्य केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, जैव प्रौद्योगिकी विभाग सचिव राजेश एस. गोखले, सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के.विजय राघवन और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह हैं। एक सूत्र ने कहा, समिति के सदस्य कुछ नामों को अंतिम रूप देने के लिए शीघ्र बैठक करेंगे, जिसके बाद इसे प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। एम्स के संकाय प्रकोष्ठ ने नए निदेशक की भर्ती के लिए 29 नवंबर को विज्ञापन जारी किया था और आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर थी।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से छेड़छाड़ मामले में मांगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- राष्ट्रीय महिला आयोग ने पुलिस आयुक्त को पत्र विस्तृत जानकारी देने के कहा

राष्ट्रीय महिला आयोग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से छेड़छाड़ के मामले में दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना से रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने सीपी को पत्र लिखकर कहा है कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनवाड़ी कार्मियों के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले में रिपोर्ट मुहैया कराई जाए।

राकेश अस्थाना को लिखे पत्र में राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहीं महिला कार्यकर्ताओं के साथ आप के कार्यकर्ताओं ने छेड़छाड़ की। आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है, महिला आयोग प्रदर्शनकारी आंगनवाड़ी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है और उनके साथ दुर्व्यवहार की निंदा करता है।

# प्रतीक चिह्न में कोई बदलाव नहीं : दिल्ली पुलिस

- दुष्प्रचार करने पर होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कहा है कि उसके प्रतीक चिह्न में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस संबंध में गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिसकर्मी अपनी वर्दी पर नाम पट्टी के ऊपर एक बैज पहन रहे हैं जो 1954 में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए गए ध्वज की याद में लगाया जा रहा है। पुलिसकर्मी, दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस पर भी इस बैज को पहनेंगे। दिल्ली पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि उसके प्रतीक चिह्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है।



पुलिस ने ट्वीट किया, कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ता दिल्ली पुलिस की विश्वसनीयता गिराने का प्रयास कर रहे हैं और दिल्ली पुलिस के नए कलर्स के बारे में गलत जानकारी प्रसारित कर रहे हैं। वह इसका खंडन करते हैं और ऐसे सोशल मीडिया खातों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्वाई का आश्वासन देते हैं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, 1954 में राष्ट्रपति ने दिल्ली पुलिस को कलर्स (ध्वज) प्रदान कर सम्मानित किया था।

आदेश में कहा गया, यह आवश्यक है कि अपने संगठन को मिले इस सम्मान को हम याद रखें। दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस की याद में दिल्ली पुलिस के सभी रैंक के अधिकारियों को 16 फरवरी से अपनी वर्दी पर कलर्स से निकला हुआ प्रतीक चिह्न पहनना चाहिए। इसे वर्दी के दाहिनी ओर नाम पट्टी के ऊपर भी पहनना चाहिए।

# ऑनलाइन ठगी के आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आठ बैक खाते किए सील, जिनमे 82 लाख रुपए जमा

दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए झारखंड के दो ठगों की गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर कस्टमर केयर सहायता के जरिए सेवा देने का झांसा देकर कई लोगों से धोखाधड़ी करने का आरोप है। चालसाजों की पहचान अभिषेक कुमार और राजू अंसारी के झारखंड के दुमका से पकड़ा है।

पुलिस ने कहा कि मुख्य साजिशकर्ता अभिषेक कुमार, कई कस्टमर केयर वेबसाइट के नाम से इंटरनेट पर अपना फोन नंबर डालता था। वह पिछले छह महीने से इस गिरोह का संचालन कर रहा था और उसका साथी अंसारी पश्चिम बंगाल स्थित अपने गांव आसनसोल से बैंक खातों की व्यवस्था करता था।

आठ बैंकों खातों को फ्रीज किया गया है जिनमें 82 लाख रुपए जमा थे। पुलिस के अनुसार, एक मामला तब सामने आया जब एक पीड़ित को 4.78 लाख रुपए का चूना लगा। शिकायत में कहा गया था कि पीड़ित पैसा वापस पाने के लिए सात जनवरी को मेक माई ट्रीप वेबसाइट का कस्टमर केयर खोज रहा था तभी उसे आरोपी का नंबर मिला। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी द्वारा फोन पर भेजे गए एक फॉर्म को भरा और एनीडेस्क ऐप को इंस्टाल किया। पुलिस ने कहा कि इसके बाद पीड़ित के एचडीएफसी बैंक खाते से 4,78,278 रुपए निकल गए।

## संक्षिप्त समाचार



प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और मनजिंदर सिंह सिरसा।

### जनता को सात वर्षों से कर रहे गुमराह : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जनता को पिछले सात वर्षों से गुमराह करने वाली आप सरकार के नेता और पार्टी से सावधान रहने की जरूरत है। पंजाब की जनता से अपील करते हुए यह बात दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता और भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के तीसरे कार्यकाल का दो साल पूरा करने वाले अरविंद केजरीवाल पूरे बजट का मात्र 21 फीसदी धन ही खर्च कर पाए हैं। भाजपा नेता सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब के मतदाताओं से एक बार फिर बदलाव लाने की अपील की

### स्वामी दयानंद अस्पताल में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

**नई दिल्ली।** स्वामी दयानंद अस्पताल में स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब व मेट्रो वेस्ट के संयुक्त प्रयास से 19 फरवरी तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के सचिव डा. ग्लैडबिन त्यागी ने बताया कि अस्पताल कर्मियों व अस्पताल में आने वाले मरीजों व तीमारदारों के माध्यम से स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना है व स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए अस्पताल की तरफ से अपना योगदान देना है। डॉ ग्लैडबिन त्यागी ने स्वच्छता पखवाड़े की जानकारी देते हुए बताया कि गीले कूड़े से जैविक खाद बनाने के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

### गेस्ट हाउस में सेना के जवान ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज इलाके में स्थित एक गेस्टहाउस में सेना के 23 वर्षीय जवान ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बिहार रेजीमेंट से संबंधित मुरारी ने मंगलवार को पहाड़गंज के गेस्टहाउस में एक कमरा लिया था। राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले मुरारी को शाम में गेस्टहाउस का कमरा खाली कर जाना था लेकिन जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तो प्रबंधक ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्वेता चौहान ने बताया कि पुलिस गेस्टहाउस पहुंचीं और जवान पंखे से लटका मिला। कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें कहा गया है कि उसने एक लड़की और अपने परिवार के सदस्यों को सच नहीं बताकर उनकी भावनाओं को आहत किया है जिसका उसे बहुत मलाल है।

# दिल्ली-एनसीआर में डीजल जेनरेटर के प्रयोग से रोक हटी

## वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की जीआरएपी पर उप-समिति की बैठक में फैसला लिया गया

- आने वाले दिनों में इसके बेहतर होने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में अब डीजल जेनरेट सेट चल सकेंगे। वायु गुणवत्ता पर केंद्र की उप-समिति ने दिल्ली-एनसीआर में डीजल जेनरेटर सेट के इस्तेमाल पर लगाई गई रोक बृहस्पतिवार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

आने वाले दिनों में इसके बेहतर होने की उम्मीद है। केंद्र की उप-समिति के अनुसार, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) पर उप-समिति की बुधवार को बैठक हुई, जिसमें वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके बाद यह फैसला किया गया कि जीआरएपी की बहुत खराब श्रेणी के तहत उपायों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाए, जिनमें दिल्ली-एनसीआर में डीजल जेनरेटर सेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध भी शामिल है।

आदेश में कहा गया है, यह पाया गया कि पिछले चार -पांच दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मध्यम और खराब श्रेणी में था तथा स्थिति की समीक्षा करने के लिए 16 फरवरी को एक बैठक बुलाई गई थी।

बैठक के दौरान भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली में वायु गुणवत्ता के बहुत खराब श्रेणी तक पहुंचने की संभावना नहीं है और बेहतर मौसमी दशाओं के चलते आने वाले दिनों में इसके बेहतर होने की उम्मीद है।

वायु प्रदूषण को रोकने के लिए डीजल जेनरेटर सेट के इस्तेमाल पर अक्टूबर 2021 में प्रतिबंध लगाया गया था।

# साला कहकर चिढ़ाने वाले को मार डाला, दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

करोल बाग इलाके में मामूली बात पर झगड़ा होने के बाद कूड़ा बीनने वाले व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान छोटे और कमलेश राम के रूप में की गई है। दोनों करोल बाग इलाके में कूड़ा बीनने का काम करते थे और मृतक बिपिन बिंद को जानते थे। बिपिन बिहार के नालंदा का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार, बिपिन का एक आरोपी से दूर का संबंध था और वह अक्सर आरोपी को तू मेरा साला है कहता था, इससे आरोपी अक्सर नाराज हो जाता था। घटना वाले दिन भी बिपिन ने शराब के नशे में आरोपी को कुछ कहा था और इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने बदला लेने के मकसद से बिपिन की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दुपट्टे से बिपिन का गला घोंट दिया और हाथ बांधकर उसे एक नाले में फेंक दिया ताकि पुलिस को शव न मिल सके। बिपिन की हत्या करने के बाद दोनों बिहार भाग गए थे। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान करने में उन्हें लगभग एक महीने का समय लगा, क्योंकि शव बुरी तरह से क्षत विक्षत हो चुका था और आरोपियों ने सभी सबूत नष्ट कर दिए और बिहार भाग गए थे।

मामला 16 जनवरी को तब सामने आया जब केशवपुरम थाना क्षेत्र के डीएसआईडीसी, लॉरेंस रोड में क्षत विक्षत अवस्था में एक अज्ञात शव पड़ा मिला।

# लोकल फॉर वोकल मुहिम से कुटीर उद्योगों को दें बढ़ावा : सुंदर लाल

## मिट्टी की खुशबू राष्ट्र मुहिम की शुरुआत

### ए+ फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से लगाई गई पहली मड वर्कशाप-2022


गुरुग्राम के सेक्टर-82 में मिट्टी की खुशबू राष्ट्र मुहिम कार्यक्रम में सुंदर लाल को स्मृति चिह्न देते आयोजक।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लघु** एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना आज के समय की जरूरत है। हमें प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल के नारे को साकार करने के लिए इस उद्योग को बढ़ावा देना है। यह इस उद्योग से जुड़े लोगों का रोजगार बढ़ाने का बेहतर माध्यम है। यह बात भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने यहां सेक्टर-82 में ए+ फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से लगाई गई पहली मड वर्कशाप-2022 एवं मिट्टी की खुशबू मुहिम के शुभारंभ अवसर पर कही।

इस अवसर पर भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुंदर खत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सुंदर लाल ने कहा कि ए+ फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला सचिव हीरा अमित रोहिल्ला का यह अच्छा प्रयास है। मिट्टी की खुशबू राष्ट्र मुहिम के माध्यम से मिट्टी के कलाकारों की अहमियत बढ़ेगी। उनके काम को उच्च स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस मुहिम का उद्देश्य भी मिट्टी का सामान बेचने वाले प्रजापति समाज के लिए समर्पित होकर काम करना है। देश की अर्थव्यवस्था को स्थानीय चीजों से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिट्टी से बनी वस्तुओं को खरीदकर घर ले जाना चाहिए। यह भी स्थानीय चीजों को अपनाकर इस मुहिम को बढ़ाने का माध्यम होगा।

मुख्य अतिथि सुंदरी खत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में दीये जलाने का आह्वान करके मिट्टी की कदर को और बढ़ाया। उनके द्वारा उठाया गया हर कदम देश के हर नागरिक के हित में होता है। कार्यक्रम में शीतला मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सैनी, खेड़कीदौला महिला मोर्चा अध्यक्ष हिमानी राणा, संकल्प एनजीओ की संस्थापक सारिका चंद्रा, ए+फाउंडेशन ट्रस्ट दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय रोहिल्ला राजपूत संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता रोहिल्ला, समाज सेविका भारती जैन, उर्मिला यादव भाजपा ग्राम रामपुरा, रानी शर्मा हिन्दू संगठन, मीडिया डायरेक्टर एवं एडिटर वाइस प्रेसिडेंट ए+फाउंडेशन ट्रस्ट अनिल अरोड़ा, जिला भाजपा किसान मोर्चा सदस्य स्नेहलता, एडवोकेट कविता चौहान, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एडवोकेट पूनम भटनागर उपस्थित रहीं।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता सैनिकों का सम्मान


गुरुग्राम के सेक्टर-5 में नगर निगम की ओर से आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित करते अधिकारी।

## नगर निगम द्वारा सेक्टर-5 में हुआ कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** संत गुरू रविदास जयन्ती के उपलक्ष्य में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 13 फरवरी से शुरू किए गए मेगा स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को सेक्टर-5 में नागरिकों के सहयोग से एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों ने स्वच्छता बनाए रखने वाले स्वच्छता सैनिकों का सम्मान किया तथा उनके कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में नागरिकों को गीला, सूखा व घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करने तथा हमेशा कचरा गाड़ी में या डस्टबिन में अलग-अलग कचरा डालने के लिए प्रेरित किया गया। मेगा स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक चलाने के लिए प्रत्येक वार्ड की जिम्मेदारी सफाई निरीक्षकों को सौंपी गई है। नागरिकों की सहभागिता से अभियान का संचालन किया जा रहा है। स्वच्छता सैनिकों को व्यक्तिगत स्वच्छता भी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय निवासी राहुल सहित वार्ड के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्वच्छता सैनिकों का फूलमालाओं से सम्मान किया। नागरिकों ने वार्ड में स्वच्छता को सुनिश्चित करने में भागीदारी देने की शपथ भी ली।

# संक्षिप्त-समाचार

## देवीसा भार्गव ने रिकर राउंड 70 में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**सोहना।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एनसीओ सोनीपत में थर्ड खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता में देवीसा भार्गव ने प्रथम स्थान प्राप्त सम्मानित किया। प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 13 फरवरी तक हुआ किया। सोहना देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरदांजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही देवीसा भार्गव ने 12 और 13 फरवरी को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफइंडिया एनसीओ सोनीपत में थर्ड खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें रिकर राउंड 70 मीटर कैडेट इज कैटेगरी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिला गुरुग्राम का नाम किया था। देवीसा भार्गव के कोच भगवत सिंह ने बताया कि देवीसा पहले भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर चुकी है। खिलाड़ी के अंदर प्रतिभा की कमी नहीं है। भविष्य में देवीसा भार्गव देश का नाम रोशन कर सकती है।

## ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन ने किया प्रदर्शन



**सोहना।** ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में दो घंटे का धरना दिया। यूनियन पदाधिकारियों ने निगम के चीफ इंजीनियर पर लंबित मांगों के पूर्ण न करने का आरोप लगाया है। वहीं प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों की मांगों पर राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं। गुरुवार को ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सबयूनिट प्रधान प्रेमपाल की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर दो घंटे का धरना निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में दिया। जिसका संचालन सतबीर यादव ने किया। रामलाल शर्मा, बिजेन्द्र फौगार्ड, पवनकुमार, सोनू शर्मा, सतबीर, विजयपाल, नेमपाल, आदि मौजूद थे। सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान रामलाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार कर्मचारियों की मांगों पर राजनीति कर रही है। कर्मचारियों की मांगें पूर्ण करने के लिए सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बेरोजगार करने के लिए योजनाएं बनाई जाती हैं। प्रेमपाल ने वक्ताओं के विचार सुनने के बाद सर्व सम्मति से लिया फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि सोमवार को चीफ इंजीनियर के कार्यालय गुरुग्राम में होने वाले प्रदर्शन में कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत दिखाएं।

## राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**गुरुग्राम।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा एवं हरेडा द्वारा राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों की एक अनूठी योजना आरम्भ की गई है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 फरवरी है। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपाय करने, तकनीक अपनाने, ऊर्जा दक्षता हासिल करने के फलस्वरूप राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों से अलंकृत किया जाता है इनोवेशन/ नई प्रौद्योगिकियां/ अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं जिनमें नवीन प्रचार परियोजनाएं शामिल हों, ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं। इन पुरस्कारों में नकद राशि, शील्ड तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये जाते हैं। बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा एवं हरेडा द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान करने के लिए पात्र उपभोक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं।

# चिंतल्स पैराडिसो सोसायटी वासियों ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष दुखड़ा रोया

**गुरुग्राम।** सेक्टर-109 स्थित चिंतल्स पैराडिसो सोसाइटी का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से उनके कार्यालय में मिला। सोसायटी के प्रतिनिधियों के साथ सेक्टर-109 स्थित अन्य सोसाइटी के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने भी अपनी समस्याओं को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए लोगों ने कहा कि उन्होंने हादसे से पूर्व भी डीटीपी विभाग व अन्य अधिकारियों को पूर्व में हुए हादसों की जानकारी लगातार दी थी, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोसायटी की ओर से सोनम अरोड़ा व अन्य ने बताया कि अगर प्रशासन समय रहते हमारी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करता तो इतना बड़ा हादसा घटित नहीं होता। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वे सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं और सरकार इस पर जरूर विचार करें। प्रतिनिधिमंडल ने कहा की आईआईटी दिल्ली की ओर से स्ट्रक्चर ऑडिट करवाने की हामी प्रशासन की ओर से भरी गई है, लेकिन वे चाहते हैं कि आईआईटी के ऐसे प्रोफेशनल ही स्ट्रक्चर ऑडिट करें, जो अपनी विशेषता के लिए जाने जाते हैं।

केंद्रीय मंत्री के समक्ष आईआईटीके कुछ विशेष व्यक्तियों का नाम भी प्रतिनिधि मंडल की ओर से रखा गया। प्रीतिनिधीमंडल ने कहा कि आज जो लोग बिल्डिंग में रह रहे हैं वे जान का जोखिम उठाकर रह रहे हैं उन्हें नहीं पता कि बिल्डिंग कब गिर जाए। कुछ सदस्यों ने रिटायर्ड जज से इंक्वायरी करवाने की मांग भी रखी। आरडब्लूए का कहना था कि दर्दनाक हादसे के बाद हम लोग सोसाइटी में रहना ही नहीं चाहते हमारी जान जोखिम में है। ऐसे में हम दूसरी जगह रहना चाहते हैं। प्रशासन सोसाइटी के मालिक से दूसरी जगह उनके रहने का इंतजाम कराए।

## स्वच्छता सैनिकों को सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा आपदा एवं महामारी की स्थिति से निपटने के लिए अपने मैदानी अमले अर्थात स्वच्छता सैनिकों को और अधिक दक्ष बनाने के उद्देश्य से महामारी एवं आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नगर निगम द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में महामारी एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ रोहताश ने स्वच्छता सैनिकों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए। उन्होंने अग्नि दुर्घटना के समय प्राथमिक तौर पर किए जाने वाले उपायों के साथ ही आपदा व कोविड-19 और अन्य बीमारियों के दौरान श्रमिकों का जीवन और स्वास्थ्य बीमा व अन्य दुर्घटना के समय त्वरित कार्रवाई करने संबंधी जानकारी व प्रशिक्षण डेमो एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सफाई निरीक्षण ऋषि मलिक, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र, कनिष्ठ अभियंता राजेश शर्मा, ब्रांड एम्बेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी सहित चारों जोनों के 200 से अधिक स्वच्छता सैनिक उपस्थित थे।

# हरियाणा में भी निजी वाहनों से टोल टैक्स वसूली हो बंद : अशोक बुवानीवाला

## गुजरात व मध्यप्रदेश की सरकार में लागू हो चुका है यह नियम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


अशोक बुवानीवाला।

**राष्ट्रीय** जन उद्योग व्यापार संगठन के कार्यकारी प्रधान अशोक बुवानीवाला ने मांग की है कि गुजरात और मध्यप्रदेश की तर्ज पर हरियाणा में भी निजी वाहनों से टोल टैक्स की वसूली बंद की जाए। केवल व्यवसायिक वाहनों से ही टोल टैक्स लिया जाए। इससे टोल प्लाजाओं पर लगने वाली वाहनों की लंबी लाइनें भी खत्म होंगी और वहां पर वाहनों के धुएं से होने वाला प्रदूषण भी कम होगा।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि गुजरात और मध्यप्रदेश की सरकारों ने निजी वाहनों से टोल टैक्स लेना बंद करके लोगों को बड़ी राहत दी है। हर चीज पर लोग टैक्स देते हैं। यहां तक कि वाहन खरीदते समय सरकार पहले ही लोगों से रोड टैक्स ले लेती है। इसके बाद टोल टैक्स लेने का कोई औचित्य नहीं बनता। पेट्रोल-डीजल में लगातार दाम बढ़ते हैं और लोगों का खर्चा बढ़ता है। गुजरात व मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी टोल टैक्स नीति में सुधार किया है। इस फैसले का जन उद्योग व्यापार संगठन स्वागत करता है। इन दोनों राज्यों की तरह हरियाणा में भी भाजपा की सरकार है। ऐसे में वहां का अनुसरण करते हुए हरियाणा सरकार भी निजी वाहनों से टोल टैक्स लेना बंद करे।

श्री बुवानीवाला ने कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों को भी टोल प्लाजाओं पर सख्ती से लागू करवाया जाना चाहिए। नियम है कि यदि टोल प्लाजा पर 100 मीटर से अधिक लंबी लाइन लगती है तो टोल को फ्री किया जाएगा। वाहनों से बिना टोल टैक्स लिए ही निकालना होगा। यह उतनी देर तक करना होगा, जब तक वाहनों की लाइन 100 मीटर की परिधि के बीच में नहीं आ जाती। एनएचएआई की ओर से टोल प्लाजा को लेकर यह नियम पहले से जारी किए जा चुके हैं। टोल प्लाजाओं पर फास्ट टैग सिस्टम पूरी तरह से लागू है। इसके बाद भी पीक आवर्स में वहां लंबीं लाइनें लगती हैं। गुरुग्राम में खेड़कीदौला टोल प्लाजा पर अक्सर ऐसी स्थिति देखी जा सकती है। इसी तरह जीटी रोड पर भी टोल प्लाजा पर शाम के समय लंबी लाइनें लगती हैं। अथॉरिटी के नियमों में साफ है कि पीक के समय एक गाड़ी को टोल प्लाजा पर 10 सेंकेंड से अधिक का समय नहीं लगना चाहिए। इस पर भी सरकार सख्ती दिखाए।

# खंड की 25 ग्राम पंचायतों को नहरी पानी योजना से जोड़ने की मांग

एन रोहिल्ला। सोहना

**गर्मी** के मौसम पानी की अधिक उपयोगिता के चलते खंड की 25 ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति की समस्या बन जाती है। ग्रामीण इसका कारण क्षेत्र में हर साल गिरता भू जलस्तर को मान रहे हैं। जिससे ग्राम पंचायतों में 10 से 12 ट्यबवेल पानी छोड़ जाते हैं।

क्षेत्र में गिरता भू जलस्तर भविष्य में पेयजल आपूर्ति के लिए खतरे की घंटी बजाने लगा है। जनस्वास्थ्य विभाग ने धीरे-धीरे गांव व शहरी क्षेत्र को नहरी पेयजल आपूर्ति से जोड़ना शुरू कर दिया है। वर्तमान समय में खंड के एक मात्र सोहना शहर समेत अलीपुर, घामडौज, हरियाहेड़ा, मौहम्मपुर गूर्जर, सोहना ढाणी, धुनेला, बेरका, रायपुर व जखोपुर को धनकोट में स्थित गुरुग्राम कनाल से आने वाले नहरी पानी की सप्लाई से जोड़ दिया है। इसके अलावा अप्रैल माह तक खंड की ही 23 ग्राम पंचायत घंघौला, सरमथला, लोहसिंघानी, राहाका, बिहलाका, खूटपुरी, जोहलाका, खत्रीका, निमौठ, रानी का सिंघौला आदि में यमुना से आने वाली पेयजल आपूर्ति से जोड़ा जाएगा। वर्तमान समय में खंड की 25 ग्राम पंचायत में लगते 37 गांवों में गर्मी के मौसम आने के साथ ही पानी की अधिक खपत से पेयजल संकट गहरा जाता है। ग्रामीण इन गांवों को भी नहरी पानी आपूर्ति से जोड़ने की मांग कर रहे हैं।

**कौन सी पंचायतों में है पेयजल संकट** : ग्राम पंचायत खेड़ला, बहलपा, हरचंदपुर, रिठौज, अभयपुर, दमदमा, सहजावास, दौला, सिलानी, सांचौली, हाजिपुर, खरौदा, नाई नंगल, टोलनी, किरनकी खेड़ली आदि शामिल हैं। इनमें गर्मी के मौसम में पानी की अधिक मांग बढ़ जाती है। जबकि इन ग्राम पंचायतों में रहने वाले ग्रामीण भी नहरी पानी आपूर्ति से जोड़ने की मांग करने लगे हैं।

**क्या कहते हैं ग्रामीण** : गांव खेड़ला निवासी रामकुमार का कहना है कि यहां के होली चौक के आस-पास बने करीब 200 घरों में पिछले 10 वर्ष से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा बिछाई गई पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप ही नहीं रहे। एक मात्र ट्यूबवेल से पानी की पूर्ति होती है। उसके लिए भी घंटों लाइन लगाकर खड़ा होना पड़ता है। इसबारे में एसडीओ ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि खंड की 25 ग्राम पंचायतों के 37 गांवों में प्रत्येक वर्ष 10 से 12 ट्यूबवेल नये लगाए जाते हैं। जबकि हर साल 15 के लगभग ट्यूबवेल गिरते भू जलस्तर के कारण पानी देना छोड़ देते हैं।

## पुलिस गश्त से अपराधों पर भी लगता है अंकुश

**गुरुग्राम।** पुलिस उपायुक्त यातायात (डीसीपी ट्रैफिक) रविंद्र तोमर ने कहा कि यातायात पुलिस अधिकारियों को नियमित रूप से गश्त करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की विजिबिलिटी और गश्त से यातायात व्यवस्थित रहता है। साथ ही वाहन चोरी सहित विभिन्न अपराधों पर भी काफी हद तक अंकुश लग जाता है। सभी यातायात पुलिस अधिकारी नियमित रूप से गश्त करना व ड्यूटियों को चेक करना सुनिश्चित करें। यह बात उन्होंने गुरुवार को अपने कार्यालय परिसर में यातायात के व्यवस्थित संचालन व सुगमता पर आधारित बैठक में यातायात पुलिस कर्मियों, अधिकारियों के समक्ष यह बात कही। उन्होंने यातायात पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से साप्ताहिक अवकाश पर भेजने के बारे में भी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इंचार्ज अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को व्यवस्थित तरीके से साप्ताहिक अवकाश पर भेजना सुनिश्ति करें।

# कपड़ा, मकान से भी महत्वपूर्ण है रोटी : संजीव

## पुलिस पब्लिक रोटी बैंक के 75 दिन पूरे मनाई गोल्डन जुबली

### भोजन वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एसीपी ट्रैफिक संजीव कुमार बल्हारा पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में पुलिस-पब्लिक रोटी बैंक के 75 दिन पूरे होने पर कार्यक्रम में पहुंचे एसीपी ट्रैफिक संजीव कुमार बल्हारा।

**पुलिस** पब्लिक रोटी बैंक के 75 दिन पूरे होने पर गोल्डन जुबली मनाई गई। इस समारोह में एसीपी ट्रैफिक संजीव कुमार बल्हारा पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट पुलिस शहीद फाउंडेशन के अध्यक्ष आरएल शर्मा ने की व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री फेडरेशन के अध्यक्ष पीके गुप्ता व उद्योगपति विशिष्ट अतिथि रहे। सीनियर सिटीजन क्लब के अध्यक्ष राजकुमार राव विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित हुए।

समारोह में मुख्य अतिथि एसीपी ट्रैफिक संजीव बल्हारा ने कहा कि मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान होती है। मकान के बिना तो आदमी महीनों सप्ताह रह सकता है। कपड़ा के बगैर भी आदमी एक ही कपड़ा पहने 3/4 दिन निकाल सकता है, पर रोटी के बगैर आदमी एक दिन से ज्यादा नहीं निकाल सकता। इसलिए रोटी इन 3 मूलभूत आवश्यकताओं में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हें जानकर खुशी हो रही है कि आज हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी बैंक का 75वां दिन पूरा कर रहा है। उन्होंने अपनी कमाई से दो दिन का भोजन भी यहां उपलब्ध कराने को कहा। पीके गुप्ता ने कहा कि वे भी महीने में 2 दिन फेडरेशन की तरफ से बना भोजन पुलिस-पब्लिक रोटी बैंक को उपलब्ध कराएंगे।

हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी बैंक के प्रधान सेवक चंद्रप्रकाश ने बताया कि हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी बैंक एसके जाधव एडीजीपी हरियाणा निदेशक नारकोटिक ब्यूरो के आशीर्वाद से हरियाणा में मधुबन करनाल कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद में रोटी बैंक चलाए जा रहे हैं। पांच दिसम्बर 2021 से इस रोटी बैंक की गुरुग्राम में शुरुआत की गई थी।

# भारत-तिब्बत सहयोग मंच का सद्भावना सप्ताह शुरू

## मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के जन्मदिवस से की गई शुरुआत

### 17 से 23 फरवरी तक मनाया जाएगा सद्भावना सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से सद्भावना सप्ता की शुरुआत के दौरान इंद्रेश कुमार के साथ हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल।

**भारत-तिब्बत** सहयोग मंच की ओर से बुधवार को सद्भावना सप्ताह की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के जन्मदिवस के अवसर पर इस सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सद्भावना सप्ताह 17 से 23 फरवरी 2022 तक मनाए जा रहा है।

लद्दाख बौद्ध विहार तिब्बती मार्केट निकट कश्मीरी गेट दिल्ली में इंद्रेश कुमार के जन्मदिवस पर आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य लामा जोदपा, मुख्य वक्ता मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल, विशेष उपस्थिति मंच के राष्ट्रीय मंत्री अनिल मांगा की रही, वहीं मंच के दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष अजय भारद्वाज ने अध्यक्षता की। इस दौरान दिल्ली प्रांत महामंत्री मांगेराम, महामंत्री संजना चौधरी, युवा विभाग दिल्ली प्रांत अध्यक्ष नितिन गोयल, वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवशंकर शर्मा समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में पहुंचे भारत-तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि सद्भावना सप्ताह की शुरुआत के अवसर पर इंद्रेश कुमार द्वारा अतिथियों के साथ गौ-पूजन, हवन, यमुना पूजन करने के साथ कम्बल और प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से लगातार देशवासियों की धार्मिक भावनाओं को लेकर कार्यरत है।

अमित गोयल ने बताया कि इंद्रेश कुमार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सद्भाव सप्ताह के दौरान हरियाणा प्रांत में गौ आश्रम में गुड़ चारा दान, नेत्रहीन लोगों को भोजन दान, अस्पताल में जरूरतमंदों को फल दान, कुष्ठ आश्रम में फल दान, वृद्ध आश्रमों में फल दान, अनाथ आश्रमों में, अस्पतालों में फल दान, हवन के अलावा मंदिर में पूजा कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। हरियाणा प्रांत में मंच की ओर से लोगों को जोड़ने के लिए जागरुकता अभियान शुरू किया जा रहा है।

## हुसैनका गोदाना गांव में एसजीटी ने लगाया शिविर

**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय के मेडिसिन एंड हेल्थ साइंस विभाग द्वारा गुरुवार को हुसैनका गोदाना गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान डेंटल, ऑप्थल्मोलॉजी, पीडियाट्रिक, ऑर्थो, जनरल के डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सेवाएं प्रदान की।

शिविर में 128 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 57 डेंटल, 54 ऑप्थल्मोलॉजी, 15 पीडियाट्रिक, 50 सामान्य तथा 18 ऑर्थो मरीजों की जांच की गई। शिविर में आने वाले रोगियों को मुफ्त दवा संबंधी सुझाव और दवाओं का वितरण किया गया। इस शिविर का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. जगबीर मलिक और दंत चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में किया गया था और इस शिविर की गतिविधियों की अध्यक्षता डॉ. योगेश यादव द्वारा की गई।

# रिश्तों में विश्वास बढ़ाने एक ज्योतिष उपाय जानें अंक ज्योतिष सिद्धार्थ एस कुमार, फाउंडर, न्यूमरोवाणी से

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**प्यार** मोहब्बत के रिश्ते हमेशा से हमारे लिए महत्वपूर्ण रहे हैं, लेकिन कई बार हमारे ना चाहते हुए भी इन रिश्तों में तनाव आ जाता है। जिससे हम मानसिक तौर पर तो परेशान रहते ही हैं, साथ ही इससे हमारा जीवन और हमारी कार्यशैली भी प्रभावित होती है। ऐसे में यदि आप भी किसी को दिल से चाहते हैं, लेकिन रिश्तों में तनाव की वजह से आप आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं तो हम आपको रिश्तों में प्यार और प्रेम बढ़ाने के छह वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं। जिन्हें अपनाकर आप अपने रिश्ते दोबारा से मजबूत कर सकते हैं।

1. गुलाबी रंग हमेशा से प्यार का सूचक रहा है। ऐसे में यदि आप अपने घर और कपड़ों में गुलाबी रंग का प्रयोग करते हैं, तो आपका प्यार भी इस रंग के साथ और गहरा होगा। घर के परदे, बेड शीट और चादर गुलाबी रंग में प्रयोग की जा सकती हैं। साथ ही यदि संभव हो तो गुलाबी रंग के कपड़े किसी को उपहार में दें।

2. सूर्यास्त के बाद हमें अपने कमरे की किसी लाइट को जरूर जला देना चाहिए। वास्तु के हिसाब से इससे आपके पति को काम में तरक्की मिलती है, जिससे घर में कलेश समाप्त होता है। आप चाहे तो इस लाइट को थोड़ी देर बाद बंद कर सकते हैं।

3. अपने बैड रूम में किसी तरह का कबाड़ जमा ना होने दें। इसके अलावा बैड रूम में लंबे समय से रखी चीजों को लगातार साफ करते रहें। ताकि उन पर धूल मिट्टी जमा न हो।

4. कमरे में पति पत्नी का मुस्कुराता हुआ एक बड़ा सा फोटो जरूर लगाएं। इससे आपका दांपत्य जीवन सुखमय और खुशहाल बना रहेगा।

5. अपने रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए मिट्टी के कटोरे में कुछ ताजी देशी गुलाब की पत्तियां अपने कमरे में जरूर रख दें। वास्तु के हिसाब से ये आपके रिश्ते में आने वाली सभी परेशानियां समाप्त कर देगा।

6. कभी भी बैडरूम में लोहे का बेड नही रखना चाहिए। क्योंकि लोहे में शनि का वास होता है। इससे आपके जीवन में कष्टों की शुरुआत हो सकती है। जो कि आपको कठिनाई में डाल सकती है।

# कैसी स्वच्छता : सीवर साफ कर सड़क पर फैला रहे गंदगी

## नालियों से निकाली गई कीचड़ उठाने के बजाय बीच सड़क पर ही छोड़ी

**कविता**। फरीदाबाद

**नगर** निगम फरीदाबाद एक तरफ महा सफाई अभियान के गुणगान कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर की सफाई का जिम्मा लेने वाले कर्मचारी ही गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा ही शहर में विभिन्न स्थानों पर देखने को मिल रहा है। सफाई कर्मचारियों नालियों और सीवर से निकलने वाली गंदगी को बीच सड़क पर ही छोड़कर जा रहे है। ऐसे में गंदगी पूरी सड़क को खराब कर रही है।

संत गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम ने 17 फरवरी यानी बृहस्पतिवार को मेगा स्वच्छता अभियान के तहत 40 वार्डो में नाले, नालियों, पार्कों, खुले खत्तों की सफाई की। इस अभियान में सफाई विभाग द्वारा 109 स्थानों से लगभग 384 टन कूड़ा उठाने और विभिन्न प्रकार की अनियमित्तओं के खिलाफ 45 लोगो के चालान किये जाने की सूचना मीडिया को प्रेसनोट के जरिये दी है। इसके अतिरिक्त लगभग 135 किलोमीटर की सड़कों की सफाई और सड़कों के किनारो से अतिक्रमण को हटवाने के लिए शहर में 46 जेसीबी, 81 ट्रैक्टर ट्रॉलियां, चार डम्पर, दो सुपर शॉकर मशीन तथा पर्याप्त मात्रा में रिक्शे व वाटर टैंकर प्रयोग में लाये जाने की सूचना जारी करते हुए बताया कि इनके द्वारा हर वार्ड के आखिरी कोने तक सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया गया।





संजय कालोनी गली नम्बर 23 में सड़क पर फैली सीवरेज से निकली गंदगी। सेक्टर 21सी के तिराहे का हाल।

कूड़े-कचरे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरवाकर बंधवाड़ी प्लांट भेजा गया। इसके साथ-साथ 3.96 किलोमीटर नालों की सफाई कराई गई। सूखे कूड़े तथा प्लास्टिक आदि को अलग रखा गया। जिससे अलग-2 स्थानों पर खाद तथा अन्य सामान बनाया जायेगा। लेकिन जब पायनियर ने इसका जायजा लिया तो मिला कि सफाई के बाद कर्मचारियों ने सीवरेज और नालियों से निकली गंदगी को उठाने के बजाय बीच सड़क पर ही छोड़ दिया है। शहर में जगह-जगह ऐसा ही देखने को मिला।

**गुजरती है हजारों की भीड़ :** सेक्टर-24, 56, 58 में मौजूद उद्योगों में काम करने वाले हजारों मजदूर संजय कॉलोनी, सेक्टर-23, जवाहर कालोनी और डबुआ कॉलोनी में रहते है। जिसमें सुबह व शाम को ड्यूटी जाने वाले हजारों नौकरीपेशा लोग पंजाब रोलिंग मिल चौक के निकट संजय कालोनी की गली नम्बर 23 से होकर उक्त कॉलोनियों में जाते हैं। लेकिन यहां गली में बृहस्पतिवार की दोपहर को सीवरेज साफ करने के बाद उससे निकली गंदगी को सड़क पर ही छोड़ दिया गया। जिस कारण न तो यहां से पैदल और वाहनों पर जाने वालो का तो बुरा हाल हो गया।

## मिड-डे-मील वर्कर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद**। मिड डे मील वर्कर यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने राज्य कमेटी के आह्वान पर आज जिला उपायुक्त के कार्यालय के सम्मुख प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव को सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि मिड डे मील वर्कर मांगों की प्राप्ति के लिए लंबे समय से आंदोलन कर रही हैं। सरकार ने वर्करों का मानदेय भी पिछले सात-आठ महीनों से नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के द्वारा सरकार से उनकी 10 सूत्री मांगों को लागू करने का अनुरोध किया गया है प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान कमलेश ने की।

# पोलियो अभियान सफल बनाने को टास्क फोर्स का गठन

## जीरो से पांच वर्ष तक आयु का बच्चा जिले में पोलियो ड्रॉप्स पीए बिना न रहे : मान

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**अतिरिक्त** उपायुक्त सतबीर मान की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, सीटीएम नसीब कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी, एसएमओ डॉक्टर मान सिंह सहित बैठक से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एडीसी सतबीर मान ने कहा कि आगामी 27 फरवरी को जीरो से पांच साल के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। आगामी 27 फरवरी को बूथों पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी और 28 फरवरी तथा 1 मार्च को स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के कर्मचारियों की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाएंगी। ताकि ऐसा एक भी जीरो से 5 वर्ष तक आयु का बच्चा जिला में पोलियो ड्राप्स पिए बिना ना रहे।



सेक्टर 12 में पोलियो डॉप्स को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते अधिकारी।

अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि यह ड्राप्स बच्चों को बहुत बड़ी बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है। पोलियो बीमारी बड़ी तेजी से एक से दूसरे बच्चों में फैलती है। इसलिए पोलियो ड्रॉप बच्चों को पिलाना अति आवश्यक है। एडीसी सतबीर मान ने कहा कि कोविड-19 की हिदायतों के अनुसार बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि जिला में घुमन्तु जातियों के हाईरिस्क 9 क्षेत्र है जहां माइग्रेटरी अधिक है। माइग्रेटिड के 1112, स्लम के 681, नोर्मड के 39, ईंट भट्टों के 146 और कंट्रक्शन की 219 साइटे जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित की गई है। वहां पर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय पोलियो ड्रॉप्स अभियान में जिन विभागों की अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। वे सभी आपस में बेहतर तालमेल बनाकर पोलियो ड्रॉप्स अभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी और कर्मचारी की जो ड्यूटी सुनिश्चित की गई है, वह इस कार्य को गंभीरता से करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि पोलियो ड्रॉप्स, ईंट भट्टों, झुग्गी झोपड़ियों सहित तमाम स्थानों पर जाकर माइग्रेट फैमिली व कंस्ट्रक्शन साइटों और सहित घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित की जाएगी।

### 377147 बच्चे पीएंगे पोलियो की दवा

**पोलियो** अभियान के नोडल अधिकारी डॉक्टर मान सिंह ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि जिला में जीरो से 5 वर्ष के 377147 बच्चे हैं। इनको पोलियो ड्रॉप्स पिलाने के लिए स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग के कर्मचारियों की 2113 टीमें बनाई गई है। वे टीमें 634976 घरों में भी दस्तक देकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित करेंगी। इसके लिए विभाग ने 1532 बूथ बनाए गए हैं और 2313 टीमें बनाई गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 111 ट्रांजिट टीमें और 94 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है।

# फर्जी आयुष्मान कार्ड से सरकार को चूना लगाने वाले गिरफ्तार



फर्जी आयुष्मान कार्ड बना कर सरकार को चूना लगाने के आरेप में गिरफ्तार युवक।

**फरीदाबाद**। डीसीपी मुख्यालय नीतिश अग्रवाल के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए ई ओ डब्ल्यू की टीम ने सरकारी बादशाह खान अस्पताल में मरीज का फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाकर हार्ट सेंटर व सरकारी राजस्व के गबन मामले में हार्ट सेंटर के प्रमुख सहित मामले में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी अशोक बल्लभगढ़ के मलेरना गांव हाल करियप्पा विहार बेस हास्पिटल दिल्ली, मानसिंह पलवल के गांव सोलहडा हाल बसेल्वा कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद, कपिल फरीदाबाद के एनआईटी की डबुआ कॉलोनी और आरोपी नरेश कुमार राजस्थान के कोटा के विज्ञान नगर हाल नेहरू ग्रउण्ड एनआईटी फरीदाबाद में रहता है।

आपको बता दें कि हार्ट सेंटर के उत्तर भारत के सीओओ प्रवीण कुमार ने 27 अगस्त 2020 एसजीएम नगर थाने में हार्ट सेंटर के इंचार्ज मानसिंह, सुपरवाइजर कपिल, आयुष्मान मित्र अशोक कुमार और लैब में कार्यरत नर्सिंग कर्मी नरेश के खिलाफ साठ-गांठ कर मरीज नरेश कुमार शर्मा से फर्जी तरीके से 95000 रुपये हड़पने का मुकदमा थाना एसजीएम नगर में दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि आरोपी मरीज से प्राईवेट ईलाज के रुपये लेकर फिर आयुष्मान कार्ड की फाइल आरोपी अशोक की आईडी से बनाकर सरकार से पैसे हड़पते थे। चारों आरोपियों को फरीदाबाद के सेक्टर-12 से गिरफ्तार किया है। आरोपी अशोक को 15 फरवरी को गिरफ्तार किया था। अन्य तीन आरोपियों को 16 फरवरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर 2-2 दिन के रिमांड पर लिया। आरोपी अशोक का रिमांड पूरा होने पर आज नीमका जेल भेज दिया गया है।

# सब डिवीजनों पर विरोध गेट मीटिंग की आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** व गुरुग्राम की 12 सब डिवीजनों का ऑप्रेशन व मैंटीनेंस का कार्य निजी हाथों में देने, सालों से कार्यरत 13 अनुबंध एलडीसी को नौकरी निकालने और कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान न करने के खिलाफ बृहस्पतिवार को सभी सब डिवीजनों को विरोध गेट मीटिंग आयोजित की गई।

विरोध गेट मीटिंग में सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव में 24 फरवरी को चीफ इंजीनियर आफिस गुरुग्राम में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद ने गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली निगमों में पूरा कार्य ही जोखिमपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निजीकरण नीति के लागू होने के बाद दुर्घटनाएं बढ़ जाएंगी। उन्होने कहा कि तकनीकी कर्मचारियों के साथ-2 दफ्तरों में कार्यरत बिजली कर्मचारियों को उपभोक्तओं व लाइनों की पूरी जानकारी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र व राज्य सरकार कोरोना महामारी को अवसर के रूप में लेकर कर्मचारियों पर हमले तेज कर रही है। इसी अवसर का फायदा उठाकर सरकार सरकारी विभागों को अपने चहेते पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। महामारी की आड़ में आर्थिक कटौतियां की जा रही है। यूनियन नेताओं ने बताया कि बिजली निगमों में जोखिमपूर्ण कार्य के बावजूद कर्मचारियों को काम करने के लिए उचित टीएन्डपी तक नहीं दी जा रही है। बडी लाइनों की क्रासिंग के कारण रोजाना दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं,जबकि इन्हें हटाने के लिए यूनियन बार-2 अधिकारियों को कह चुकी है। बिजली वितरण निगम में लाइनों पर काम करने के लिए गाडी तक नहीं है।

# निगम चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी तैयार : भड़ाना

## हंसराज दायमा के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने थामा आप का दामन

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**वार्ड न. 21** स्थित दयालबाग से आम आदमी पार्टी के पार्षद पद के भावी प्रत्याशी हंसराज दायमा के नेतृत्व में दर्जनभर महिलाओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, जिला सचिव भीम यादव, संगठन मंत्री विनोद भाटी, मेयर पद के भावी प्रत्याशी ओ पी वर्मा एवं मुलकराज भड़ाना विशेष रूप से मौजूद रहे।

धर्मबीर भड़ाना ने सभी सदस्यों को आम आदमी पार्टी की टोपी और पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेशभर में लोग पार्टी में अपनी आस्था जता रहे हैं और दिन-रात पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहे हैं। हंसराज दायमा पार्टी के मजबूत कार्यकर्ता हैं और उनके नेतृत्व में इससे पूर्व भी सैंकड़ों लोगों ने पार्टी का दामन थामा है। आम आदमी पार्टी के मजबूत एवं कद्दावर कार्यकर्ता हैं और वार्ड नं-21 में पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर हंसराज दायमा ने कहा कि फरीदाबाद नगर निगम चुनावों की तैयारी जोरों पर है और फरीदाबाद में आने वाला मेयर आप पार्टी का होगा। इस मौके पर अजय खटाना, महकचंद बैसला, विजय बैसला, प्रवेश, दीपांशु शर्मा, इशू दायमा, विजय दायमा, इन्द्रेश दायमा, शैफाली यादव, रानी, कल्पना, समद चौधरी, यासमीन आदि मौजूद रहे।



हंस राज दायम ने अपने साथियों के साथ थामा आम आदमी पार्टी का दामन।

## लापता व्यक्ति इंदौर से किया बरामद

**फरीदाबाद**। क्राइम ब्रांच कैट टीम और थाना मुजेसर की पुलिस टीम ने संयुक्त रुप से कार्य करते हुए 5 महीने से लापता 43 वर्षीय युवक संजय को मध्य प्रदेश के गांव झलारिया इंदौर से बरामद किया है। गुमशुदा युवक संजय फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में रहता है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना मुजेसर में एक सूचना 26 अक्टूबर को संजय के घर से बिना बताए कहीं जाने की मिली। पुलिस ने सूचना पर मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। थाना पुलिस टीम 5 महीने से लगातार व्यक्ति की तलाश कर रही थी। व्यक्ति की तलाश के मामले में क्राइम ब्रांच कैट की टीम को गुप्त सूत्रों से गुमशुदा व्यक्ति का मध्य प्रदेश के इंदौर का पता लगा। सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस टीम ने गुमशुदा व्यक्ति को इंदौर के गांव झलारिया से 16 फरवरी को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया।

# सीबीएसई स्कूल नहीं करेंगे रजिस्ट्रेशन : परमार

**पायनियर समाचार सेवा**। फरीदाबाद

**प्रदेश** सरकार द्वारा शिक्षा के अधिकार नियम के तहत केंद्र सरकार द्वारा संशोधित नियम जिसमें कक्षा पांचवी और आठवीं की नियमित परीक्षाएं कराने एवं उपरोक्त कक्षाओं में होने वाली परीक्षाओं में यदि कोई विद्यार्थी किसी विषय में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसको पास या फेल करने का निर्णय राज्य सरकार पर छोड़ा गया था। जिसके चलते हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने हरियाणा प्रदेश में सभी विद्यालयों को एक तरफा आठवीं कक्षा की परीक्षाएं बोर्ड द्वारा कराने का आदेश जारी कर दिया।

यह बात फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल्स कांफ्रेंस के प्रेसिडेंट नरेंद्र परमार ने कही। उन्होंने कहा कि उपरोक्त एकतरफा आदेशों के खिलाफ जब सीबीएसई से संबंधित स्कूलों की एसोसिएशंस ने माननीय उच्च न्यायालय में रिट दायर की तो शिक्षा विभाग का पक्ष रखते हुए एडवोकेट जनरल ने उच्च न्यायालय को लिखित जवाब में कहा कि उपरोक्त परीक्षाएं कराने संबंधित सभी आदेश विभाग द्वारा वापस ले लिए गए हैं और अब इस परीक्षाओं का संचालन हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा नहीं कराया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ शिक्षा विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन में एससीआरटी, गुड़गांव को स्वयं या किसी अन्य एजेंसी से उपरोक्त कक्षाओं की परीक्षाएं लेने के लिए अधिकृत कर दिया। और एससीईआरटी, गुड़गांव ने भी तुरंत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी को उपरोक्त कक्षाओं की परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत कर दिया। एफपीएससी के महासचिव राजदीप सिंह ने कहा कि सीबीएसई से संबंधित स्कूलों की परीक्षा का निर्णय, सिलेबस, ब्लूप्रिंट सब सीबीएसई नई दिल्ली के द्वारा निर्देशित होता है।



नरेन्द्र परमार।

वहीं शिक्षा के अधिकार नियम में हुए संशोधित नियम के अनुसार भी पांचवी और आठवीं की नियमित परीक्षा कराने को कहा गया है न कि बोर्ड परीक्षा के लिए। वाइस प्रेसिडेंट टीएस दलाल ने कहा कि अभी तो कोरोना महामारी से पिछले दो सालों से ऑनलाइन क्लासेस ही चल रही थी। ऐसी क्या मजबूरी है कि नीट, दिल्ली यूनिवर्सिटी, सी ए, एवं अन्य सभी कॉलेज स्तर की भी परीक्षाएं ऑनलाइन ही हुई हैं तो इन बारह तेरहा वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं बोर्ड द्वारा करवाने का एकतरफा फैसला लेकर अबोध बालक बालिकाओं को मानसिक तनाव दिया जा रहा है।

## नियम तोड़ने वाले केबल ऑपरेटर पर कार्रवाई के आदेश

**फरीदाबाद**। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी की गई हिदायतों के अनुसार जिला में चलाई जा रही केबल टेलीविजन नेटवर्क को निर्धारित नियमों के अनुसार नियमों का पालन करना अति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसके लिए केबल नेटवर्क अधिनियम (विनियमन) अधिनियम, 1995 की धारा 8 के अनुसार केंद्र सरकार, आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना भी जारी की गई है। जिलाधीश ने कहा कि सभी केबल नेटवर्क ऑपरेटरों को निर्धारित 25 चैनलों के अलावा संसद टीवी व निर्धारित चैनलों का प्राइम बैंड पर प्रसारण करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार वर्तमान में 28 चैनलों का प्रसारण करना अनिवार्य है। इनमें 25 चैनल डीडी के हैं। इसके अलावा संसद टीवी- एचडी और संसद टीवी-राज्य सभा को प्रत्येक के नेटवर्क पर प्रसारित किया जाना अनिवार्य है।

# मरीज का एंडोवेसक्यूलर तकनीक से ऑपरेशन किया

**फरीदाबाद**। हृदय की 15 साल पहले ओपन हार्ट सर्जरी के बाद दिल में भयंकर दर्द से पीड़ित एक मरीज की यूनिवर्सल अस्पताल ने एंडोवेसक्यूलर रिपेयर तकनीक से सफल ऑपरेशन कर जान बचाई है।

अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेश जैन ने बताया कि मोहम्मद शफी जो सोनीपत का रहने वाला है, की 15 साल पहले ओपन हार्ट सर्जरी की थी। लेकिन अब छाती में भयंकर दर्द के कारण परेशान था। मरीज की जब जांच की गई तो पाया कि उसकी जो बाइपास सर्जरी की गई थी वह तो सही काम कर रही थी लेकिन एक महाधमनी जो हृदय से शुरू होकर पूरे शरीर को रक्त की आपूर्ति करती है, जिसका अमूमन आकार लगभग तीन सेंटीमीटर होती है वह बढ़कर साढ़े आठ सेंटीमीटर हो गई है, जो कभी भी फट सकती थी। मरीज ने अपनी बीमारी को लेकर कई अस्पतालों में सलाह-मशविरा किया तथा दिल्ली के एम्स और सफदरजंग अस्पतालों में भी गया, जहां उसे ऑपरेशन की सलाह दी गई। जिसमें करीब 30 फीसदी जान जाने की आशंका थी तथा 12 बोतल रक्त की आवश्यकता थी। इसके बाद मरीज ने यूनिवर्सल अस्पताल में आकर डॉक्टर शैलेश जैन से मिला। डॉ. शैलेश जैन, डॉ. रहमान व डॉ. संजीव दिवाकर की टीम ने विचार-विमर्श कर यह निष्कर्ष निकाला कि मरीज का ऑपरेशन एक आधुनिक तकनीक जिसको एंडोवेसक्यूलर रिपेयर कहा जाता है, जिसमें जांघ के पास एक छोटा-सा चीरा लगाकर कैमरे के माध्यम से एक स्टंट को जहां पर रक्त वाहिनी सूजी हुई है, वहां पर ले जाकर फुलाया जाता है और उसे सामान्य आकार में किया जाता है। यह हाइब्रिड तकनीक है। पूरे फरीदाबाद के अंदर हाइब्रिड कैटलेट सिर्फ यूनिवर्सल अस्पताल के अंदर ही उपलब्ध है। डॉ. शैलेश जैन के अनुसार इस ऑपरेशन के अंदर मरीज की जांघ में छोटा-सा चीरा लगाया गया और एक तार स्थापित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## डालसा ने योजनाओं के प्रति लोगों को किया जागरूक

**फरीदाबाद**। जिला सत्र न्यायाधीश कम् चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों पर सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में पैनल अधिवक्ताओं द्वारा विभिन्न पहलुओं पर वीरवार को कानूनी जागरुकता अभियान चलाया गया। डालसा के पैनल अधिवक्ताओं ने लड़के, लड़कियों, माता-पिता, वरिष्ठ नागरिकों को जमीनी कानूनी प्रक्रिया के बारे जागरूक किया। विभिन्न स्तर पर कानूनी जागरुकता शिविर वीरवार को आयोजित किए गए। न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे विडियों कान्फ्रेंसिंग के जरिये ऑनलाइन संदेश देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पैनल अधिवक्ताओं द्वारा बच्चों, लड़कियों, माता-पिता, वरिष्ठों के लिए नालसा/हलसा की कानूनी जागरुकता अभियान की योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए गांव खेड़ी कलां में एक जमीनी कैम्प का आयोजन किया। जहां लोगों को डालसा के कामकाज के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कैसे लोगों को न्याय दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मदद करता है। इसके अतिरिक्त कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए फेश मास्क भी वितरित किए। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि ग्रेटर फरीदाबाद में कानूनी सेवाओं और हलसा की योजनाओं के पर्चे वितरण के दौरान नालसा कानूनी जागरुकता और बच्चों, महिलाओं, विशेष रूप से दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं को मिलने वाली सरकारी योजनाओं व उनके लाभों के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा एसएसबी अस्पताल सेक्टर- 20 ए में लोगों को कानूनी जानकारी दी गई है। कानूनी जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से 350 लोग लाभान्वित हुए। इस दौरान पैनल अधिवक्ता रामबीर तंवर, राजिंदर गौतम, शिव कुमार, अनिल गुप्ता और रविंदर गुप्ता, दीपशिखा भारद्वाज, पीएलवी, सुमन फूले भी शामिल थे।



लोगों को जमीनी कानूनी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते डालसा पैनल के अधिवक्ता।

## 50 हजार लोगों को मिलेगी पीएनजी की सौगात

**फरीदाबाद**। आदर्श गांव तिलपत समेत अनेक कॉलोनियों के रहने वाले लोगों को पाइप्ड नेचुरल गैस पीएनजी की सौगात मिलने जा रही है। इसको लेकर काम शुरू हो गया है, साथ ही कनेक्शन के लिए फार्म भी जमा कराए जा रहे हैं।। इससे पहले चरण में करीब 50 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आदर्श ग्राम योजना के तहत तिलपत गांव को गोद ले रखा है। इसी के चलते विधायक व अन्य मौजिज लोग इस गांव व कॉलोनी के लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत हैं। इन सब के प्रयास के चलते गांव व कॉलोनियों के मकानों में गैस कनेक्शन के लिए काम शुरू हो गया है। यह लोगों के विकास और बेहतरी के लिए अच्छा होगा। इससे लोगों को सस्ती गैस मिलेगी, जो सुरक्षित भी होगी। इससे बसंतपुर, सूर्या नगर, सूरदास कॉलोनी, संजय कॉलोनी-1,2, 3 पार्ट, एकता एन्क्लेव, गोकुलधाम, बैंक के सामने वाली कॉलोनी, न्यू तिलपत, कृष्णा कॉलोनी, तिलपत गांव, पोप कॉलोनी, होराम कॉलोनी, हरकेश नगर, बिहारी कॉलोनी, टीटू कॉलोनी, हनुमत कॉलोनी, धीरज नगर, भगतजी कॉलोनी, गिरदावर एन्क्लेव, यमुना एन्क्लेव, बीपीएल कॉलोनी के लाखों लोगों को पीएनजी का फायदा मिलेगा। यह गैस पाइप लाइन यहां के लोगों की लिए मील का पत्थर साबित होगी और वार्ड 21, 22, 23, 24 और वार्ड नंबर-25 में गैस पाइप लाइन बिछ जाने के बाद तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे।

## मशीन की चपेट में आकर मजदूर घायल

**फरीदाबाद**। करीब तीन माह पूर्व कंपनी में काम करते समय मोल्डिंग मशीन की चपेट में आकर अपना हाथ गवां बैठे 19 वर्षीय युवक ने कंपनी मालिक द्वारा इलाज व आर्थिक मदद न करने को लेकर समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी के नेतृत्व में थाना मुजेसर अन्तर्गत संजय कॉलोनी चौकी पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इस मामले में कार्रवाई कर युवक को इंसाफ दिलाया जाएगा। अभिषेक गोस्वामी ने मामले की शिकायत पीड़ित विक्रांत से संजय कॉलोनी चौकी पुलिस को कराई दी है। गोस्वामी ने बताया कि कपड़ा कॉलोनी निवासी मिथलेश कुमार का 19 वर्षीय पुत्र विक्रांत संजय कॉलोनी स्थित रंजीत गुप्ता की आदित्य इंटरप्राईजिज में बतौर हेल्पर लगा था। कंपनी मालिक द्वारा विक्रांत को कुछ दिनों बाद ही प्लास्टिक मोल्डिंग मशीन पर आपरेट करने के लिए बैठा दिया। विगत 24 अगस्त को अचानक विक्रांत का हाथ डाई में फंस कर कुचल गया। जिसके बाद कंपनी कर्मचारी उसे सेक्टर-55 स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए और उसके तीन अलग-अलग आपेरशन होने के बाद भी उसका हाथ ठीक नहीं हुआ बल्कि मालिक रंजीत गुप्ता से उसके पिता मिथेलश उपचार व आर्थिक सहायता की बात करते तो वह उन्हें बार-बार बहला-फुसलाकर भगा देता। कंपनी मालिक रंजीत गुप्ता ने अब तक इलाज पर 1.20 लाख रुपये खर्च किए हैं। जिसके बाद आज पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत देने वालों में आप नेता हरजिन्दर मेंहदीरत्ता, प्रवीण धनकड़, अमृतलाल, जसविंदर सिंह लवल, अजय शर्मा आदि कपड़ा कालोनी वासी शामिल थे।

## अग्निशमन योजना की स्वीकृति के लिए दें दस्तावेज : सीटीएम

**फरीदाबाद**। सीटीएम नसीब कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यालय सहायक अग्नि शमन अधिकारी से एनओसी लेना अनिवार्य है। जिला में उपायुक्त जितेन्द्र यादव द्वारा जारी किए निर्देशों की जानकारी देते हुए नगराधीश नसीब कुमार ने बैठक में अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए कहा जिन विभागों ने अग्नि शमन विभाग से एनओसी के लिए आवेदन नही किया है, तो वे यशाशीघ्र आवेदन करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यालय में फायर के उपकरणों का सही क्रियान्वन कैसे करना है कि भी पूरी जानकारी अपने विभाग एक एक कर्मचारी को प्रशिक्षित अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा एनओसी लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक किए गए आवेदनों में 8 आवेदन सही पाए गए हैं। इसके अलावा 31 विभागों के आवेदन सही नहीं पाए गए हैं। उन विभागों के अधिकारियों को आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी तकनीकी जानकारी दी गई। सहायक मण्डल अग्नि शमन अधिकारी महिपाल सामरीवाल ने बताया कि फायर कंसल्टेंट से सर्टिफिकेट के साथ ड्राइंग मार्किंग व आईडी प्रूफ, प्राधिकरण पत्र बीएण्डआर के साथ भवन योजना की स्वीकृ, भवन योजना की स्वीकृति पत्र जरूरी है। उन्होंने बताया कि पैन कार्ड, फायर एनओसी के लिए आवश्यक दस्तावेज पूरा करना जरुरी है।



सेक्टर 12 में बैठक को संबोधित करते सीटीएम नसीब कुमार।

## ऑनलाइन मीटिंग के जरिये निगमायुक्त दे रहे हिदायतें

**फरीदाबाद**। नगर निगम आयुक्त चुनाव ड्यूटी पर होते हुए भी अपने शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ऑनलाइन मीटिंग करके स्वयं सभी सम्बन्धित को हिदायतें, दिशानिर्देश भी दे रहे हैं और उनके कामों का जायजा भी ले रहे हैं। मीटिंग में अतिरिक्त निगमायुक्त, संयुक्त आयुक्त एनआईटी, बल्लभगढ़, ओल्ड फरीदाबाद मुख्य अभियन्ता-1 और 2 (बागवानी), अधीक्षण अभियन्ता-1 और 2 तथा स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगणों ने भाग लिया। निगम आयुक्त के नेतृत्व में निगम द्वारा संत गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में आज 17 फरवरी को भी मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। आज इस सफाई अभियान में सभी 40 वार्डों में नाले, नालियों, पार्कों, खुले खत्तों की सफाई की गई। सफाई विभाग द्वारा 109 जी0बी0पी0 स्थानो से लगभग 384 टन कूड़ा उठाया और विभिन्न प्रकार की अनियमित्तओं के खिलाफ 45 लोगो के चालान किये गये। इसके अतिरिक्त लगभग 135 किमी सड़कों की सफाई की।

## यूक्रेन प्रकरण

### जटिल मुद्दा

**व्लादीमिर** पुतिन द्वारा दिए जाने वाले परस्पर विरोधी संकेतों से यूक्रेन संकट बना हुआ है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा था कि वे यूक्रेन सीमा से कुछ सैनिकों को वापस बुला रहे हैं, पर अमेरिकनों का कहना है कि उन्होंने ऐसी कोई गतिविधि नहीं देखी है। इसके पहले खबरें थीं कि रूस ने हमला करने भर के सैनिक तैनात कर दिए हैं। लेकिन इसके साथ ही कहा गया कि उन्होंने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। यदि इस प्रवृत्ति से कुछ समझा जा सकता है तो केवल एक बात यह है कि पुतिन बिना उकसावे के हमले का आदेश नहीं देंगे। अमेकिरकनों और नाटो नेताओं को चिन्ता है कि कोई फर्जी घटना भी उनको कार्रवाई के लिए उकसा सकती है। पुतिन ने अपनी इच्छा पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। वे यूक्रेन द्वारा नाटो सदस्यता लेने के घोर विरोधी हैं। नाटो के पूरब की ओर विस्तार से वह रूसी सीमाओं तथा रूस की शक्ति व प्रभाव तक पहुंच जाएगा। पुतिन चाहते हैं कि रूसी सीमा के निकट नाटो की सैनिक उपस्थिति में कमी की जाए तथा यूक्रेन को तटस्थ बनाया जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अफगानिस्तान से जल्दबाजी में सैन्य वापसी का अपमान भुलाने को तैयार नहीं हैं, वे रूस को नीचा दिखा कर तथा यूक्रेन की रक्षा कर स्वयं को विजेता के रूप में पेश करना चाहते हैं। लेकिन वे इसके लिए युद्ध नहीं करना चाहते हैं। क्या इसका अर्थ है कि दोनों नेताओं की इच्छा युद्ध करने की है या वे केवल युद्ध का खतरा बढ़ा-चढ़ा कर पेश कर रहे हैं? राष्ट्रपति जार्ज डब्लू. बुश ने नाटो को 2008 में यूक्रेन व जार्जिया को सदस्य बनाने के लिए आमंत्रित करने को मजबूर किया था। हालांकि,



इसकी कोई तिथि निर्धारित नहीं थी और नाटो ने कभी शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण नहीं दिया था। कुछ नाटो सदस्यों को इस पर संदेह था और वे यूक्रेन को पूरब में बहुत दूर तथा रूस के निकट मानते थे।

बाइडेन कई साल से यूक्रेन-नाटो मामले पर नजर रखे हुए थे क्योंकि वे अमेरिकन सिनेट की विदेश संबंध समिति के सदस्य थे। वे उन सारी चर्चाओं के गवाह हैं जिसके चलते नाटो ने कभी औपचारिक रूप से यूक्रेन को सदस्यता के लिए आमंत्रित नहीं किया। किसी देश के नाटो में शामिल होने की तीन शर्तें हैं। पहला उसे लोकतंत्र तथा कानून के शासन का सम्मान करने वाला होना चाहिए। दूसरा, उसे नाटो सदस्य देशों की संयुक्त रक्षा में योगदान करने में सक्षम होना चाहिए। तीसरा, सभी 30 नाटो सदस्यों को उसकी प्रार्थना मंजूर करनी चाहिए। इस बात के समुचित संकेत हैं कि यूक्रेन का नाटो में प्रवेश आसान नहीं है। दूसरी ओर यूक्रेन ने हमेशा नाटो में शामिल होने का सपना देखा है। उसका यह लक्ष्य उसके 2019 के संविधान में दर्ज है। लेकिन वह कभी भी रूसियों की उपस्थिति तथा उसके नाटो के निकट जाने के विरोध से मुक्ति पाने में सक्षम नहीं हुआ। पूर्व राष्ट्रपतियों विक्टर यानुकोविच तथा विक्टर यानुकोविच ने नाटो में प्रवेश पाने के बहुत प्रयास किए। यानुकोविच यूरोपीय संघ के साथ शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर भी नहीं करवा सके थे। आज भी उन्होंने अपना 'सपना' नहीं छोड़ा है और वे वर्तमान संकट से 'बाहर निकलने' की 'अन्य व्यवस्थाओं' पर गौर कर रहे हैं। वे जानते हैं कि रूस उनको युद्ध में हरा सकता है, लेकिन उसे केवल हमले की धमकी देने से ज्यादा लाभ नहीं मिलेगा। देखना होगा कि ऐसे में रूस क्या रियायतें चाहता है और उनको स्वीकार करने के लिए कौन तैयार है।

# बेहतर हों ट्रेन/18 वंदे भारत

आईसीएफ द्वारा बनाई बेहतर ट्रेन क्या विश्व स्तरीय थी? ऐसा नहीं था क्योंकि यह 18 महीने में पूरी हो गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक 36-42 महीने है।



**सुधांशु मणि**
(लेखक भारतीय रेलवे के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक हैं)



यह खुशी की बात है कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री-आईसीएफ चेन्नै में उद्घाटन वाले दिन ट्रेन 18 सुरक्षित रूप से 180 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमा तोड़ने में सफल हुई। आईसीएफकी टीम ने पहली आधुनिक ट्रेन तैयार की है जो पूरी तरह अवधारणा से लेकर डिजाइन तक पूरी तरह भारतीय मूल की है तथा आयात की तुलना में आधी कीमत पर बनी है। देश ने अभूतपूर्व रूप से इस मेक इन इंडिया परियोजना का प्रेम से उत्सव मनाया, उससे लगता है कि यह बहुत अच्छी ट्रेन है। ट्रेन की पहली जोड़ी बिना किसी अंतराल के लगातार सेवा कर रही है। यह असाधारण उपलब्धि है और ऐसा प्रदर्शन अब तक आयातित ट्रेनों ने भी नहीं किया है। लेकिन बाद में कुछ दुष्ट लोगों ने इस रास्ते पर चल कर टीम की आलोचना की कि 'पहले कुत्ते को बदनाम करो और फिर उसे फांसी दे दो।' लेकिन अब भारतीय रेलवे के नेतृत्व में परिवर्तन के बाद यह प्रवृत्ति अतीत की चीज बन गई है। ट्रेन की शानदार सफलता ने इसे बनाने वाली टीम को गौरव प्रदान किया है, हालांकि पहले इसे दुष्ट प्रवृत्तियों का शिकार होना पड़ा था, ट्रेन की निन्दा की गई थी तथा टीम सदस्यों पर गलत तरीके से निशाना लगाया गया था। हालांकि, टीम के सभी सदस्यों को उचित स्थान नहीं मिला है, लेकिन अब सावधानी से भविष्य की ओर देखने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने इसे महत्वाकांक्षी भारत का प्रतीक बताया है। उन्होंने 15 अगस्त, 2021 को घोषणा की कि अगले 75 सप्ताह में ऐसी 75 ट्रेनें पूरे देश में दौड़ती दिखेंगी। भारतीय रेलवे ने पहले ही ऐसी 104 ट्रेनों की योजना बनाई है, 44 ट्रेनों के उपकरणों के आदेश दे दिए गए हैं तथा 58 अन्य की खरीद प्रक्रिया जारी है। आईसीएफने एक बहुत शानदार ट्रेन बनाई है, पर क्या यह विश्व स्तरीय है?

ऐसा नहीं है। उसने ऐसा करने का प्रयास किया था, पर समय की कमी थी। आईसीएफको 18 महीने में वह काम कर दिखाना था जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 36 से 42 महीने में किया जाता है। अब समय बहुत सावधानी से ट्रेन के नए अवतार पर गौर करने का है जो अपने पहले दो रूपों से निश्चित रूप से बेहतर होनी चाहिए। नई ट्रेनें कैसी होनी चाहिए?

पहले हमें नए मानकों पर विचार करना चाहिए क्योंकि ये विकृत सोच से संचालित हैं। इसमें ट्रेन की गति बढ़ाने का प्रयास किया गया है जो पहले ही अधिकतम थी। इसके साथ ही ट्रेन में सवारियों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया गया, जबकि यह वर्तमान कोचों की तुलना में बेहतर थे। इन 'अतिरंजित' परिवर्तनों से न यात्रा का समय घटा और न यात्रा के अनुभव में सुधार हुआ।

ऐसे में केवल उम्मीद ही की जा सकती है कि इन परिवर्तनों से अनावश्यक जटिलतायें नहीं पैदा होंगी, क्योंकि इन परिवर्तनों से परियोजना पहले ही तीन साल पीछे हो गई है। हालांकि, ज्यादा तकनीकी मुद्दे नहीं हैं, लेकिन जो मुद्दे हैं उनको उचित तरीके से संबोधित किया जाना चाहिए। इनमें ट्रैक्शन मोटरों का खराब वेंटिलेशन, जटिल केबल लेआउट, प्लग डोर में स्टेपर का प्रयोग न होना, आदि शामिल हैं। प्लग डोर का स्टेपर हटाना समस्या समाधान का गलत तरीका है। शुरुआती यात्राओं तथा यात्रियों की

> **पहले हमें नए मानकों पर विचार करना चाहिए क्योंकि ये विकृत सोच से संचालित हैं। इसमें ट्रेन की गति बढ़ाने का प्रयास किया गया है जो पहले ही अधिकतम थी। इसके साथ ही ट्रेन में सवारियों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया गया, जबकि यह वर्तमान कोचों की तुलना में बेहतर थे। इन 'अतिरंजित' परिवर्तनों से न यात्रा का समय घटा और न यात्रा के अनुभव में सुधार हुआ।**

राय के आधार पर कुछ समस्यायें दूर की जानी चाहिए। यात्रियों ने यूरोपीय शैली की स्लाइड फारवर्ड सीटें नहीं पसंद की हैं। इसके बजाय बैकरेस्ट रिक्लाइनिंग सीटों का प्रयोग होना चाहिए तथा स्नैक टेबल बनाए रखनी चाहिए। कैटरिंग के लिए कम स्थान को ठीक करने की जरूरत है। तथाकथित बेहतर मानकीकरण ने पैसेंजर सूचना व्यवस्था-पीआईएस हटा दी है। इसे बहाल किया जाना चाहिए। पैनल के साथ एलसीडी स्क्रीनों में सुधार की जरूरत है। एलएचबी कोचों की तरह एमरजेंसी विंडो दी गई है, लेकिन आज तक कोचों में किसी ने इसका प्रयोग नहीं किया है। आईसीएफ को ज्यादा बेहतर बचाव व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे खिड़कियों के लुक में कोई अंतर न आए। टच टाइप रीडिंग लाइटों में सुधार की जरूरत है। पैनलिंग में खाली स्थान कम किए जाने चाहिए। फायर सैंपलिंग प्वाइंटों को सुंदर तरीके से बनाने की जरूरत है। रबर फर्श भारी बोझ के लिए उपयुक्त नहीं है। ज्यादा बेहतर व मजबूत फर्श बननी चाहिए। बदमाशों द्वारा ट्रेन पर पत्थर फेंकने से खिड़कियों के मजबूत कांच टूट जाते थे। इसलिए शैटर-प्रूफ लैमिनेटेड कांच का प्रयोग होना चाहिए।

आवारा मवेशियों के कारण बार-बार ट्रेन के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचने का कोई सरल समाधान नहीं है। उच्च गति पर किसी बड़े जानवर के टकराने से इसे बचाना बहुत कठिन है। इसलिए मजबूरी में ट्रेन के अगले हिस्से में भद्दे पैच लगाने पड़ेंगे जैसा आजकल होता है। सामने कैटल गार्ड लगाने से लुक खराब हो जाएगा। दीर्घकालीन योजना के यप में उच्च गति वाले ट्रेन रूटों के किनारे दीवाल बनानी होगी या मवेशियों से बचाने के दूसरे उपाय करने होंगे। ट्रेन रैकों को शुरुआत में केवल दो या तीन डिपो में रखना होगा तथा डिपो को एक या दो रैक आबंटित करने की प्रवृत्ति छोड़नी होगी। उत्तर रेलवे में ट्रेनों के संचालन व रखरखाव के संबंध में अनेक सबक सीखे गए हैं। इनका समुचित प्रयोग होना चाहिए। जहां तक भविष्य का सवाल है, ट्रेन 18 के दो रूपों पर विचार किया जाना चाहिए। ट्रेन 18 ने जादुई तरीके से 2017 में आईसीएफको जबरदस्त कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया था।

अनुमान है कि ट्रेन 23 में पांच साल बाद 104 रैक होंगी, हम उनको कहां तैनात करेंगे? शताब्दी में केवल 25 से 30 रैक होती हैं। इसलिए परंपरागत राजधानी रैकों के स्थान पर स्लीपन स्वरूप तैयार करना होगा। 2018 में इसकी परियोजना ट्रेन 19 के रूप में बनाई गई थी, पर उसे 2019 में स्थगित कर दिया गया। आईसीएफको इस पर फिर काम शुरू कर इसे 2023 के प्रारंभ में शुरू करना चाहिए। ट्रेन 20 की योजना भविष्य में 160-200 किलोमीटर प्रति घंटे चलने वाली ट्रेन के रूप में की गई है। यह गति भारतीय रेलवे के लिए यथार्थ बननी चाहिए, हालांकि 160 किलोमीटर प्रति घंटा फिटनेस की योजना धीमी चल रही है। लेकिन 160 किलोमीटर से 200 किलोमीटर प्रति घंटे में परिवर्तन जटिल नहीं होगा। ट्रेन 20 परियोजना के लिए एल्यूमीनियम बाडी वाली ट्रेन चाहिए।

पटरी व ढांचागत संरचना पर खर्च कम करने के लिए इसमें पेंडोलिनो टाइप व्यवस्था होनी चाहिए। आईसीएफ द्वारा 2018 में तैयार माडल के आधार पर 500 कोचों या 30 ट्रेन सेटों के लिए यह योजना बनाई जा सकती है। इसमें डिजाइन व निर्माण में साझेदारी की कल्पना की गई है जो रेलवे की परंपरागत व्यवस्था से अलग है। इस माडल से आईसीएफमीडियम हाई स्पीड ट्रेनों को भविष्य में बनाने में सक्षम हो सकता है। लेकिन इसके लिए भारतीय रेलवे को फौरन कदम उठाने चाहिए। टीम आईसीएफने अतीत में दिखा दिया है कि प्रतिबद्ध नेतृत्व व प्रेरित टीम के साथ इच्छाओं की दौड़ बहुत तेज हो सकती है। हमें इसकी उम्मीद करनी चाहिए।

# गंभीर रूप लेता हिजाब विवाद

**विवेक गुमास्ते**
(लेखक राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



हिजाब विवाद को केवल कुछ मुस्लिम लड़कियों तथा सरकार द्वारा संचालित संस्थान के बीच स्व:स्फूर्त व अलग-थलग विवाद के रूप में देखना एक व्यापक परिदृश्य की अनदेखी होगी। गौर से देखने पर यह एक गढ़ा हुआ विवाद लगता है जो कट्टरपंथियों का राजनीतिक रंग वाला हथकंडा है। यह एक समुदाय द्वारा सेक्युलरवाद को अपहृत कर देश की विभाजक रेखाओं का गलत लाभ उठाना है। 29 अक्टूबर को इन्हीं मुस्लिम लड़कियों ने एबीवीपी द्वारा एक छात्रा के खिलाफ आयोजित एक प्रदर्शन में भाग लिया था। बाद में उन पर पापुलर फ्रंट आफ इंडिया की छात्र शाखा कैंपस फ्रंट आफ इंडिया-सीएफआई ने ध्यान दिया। इन खास छात्राओं को सलाह दी गई कि वे एबीवीपी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के बजाय सीएफआई के साथ जुड़ें। आज इनमें से कुछ छात्रायें आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

नवंबर में मुस्लिम छात्राओं के एक छोटे से समूह ने कालेज में भेदभाव का आरोप लगाया। उस समय भी हिजाब पहनने का मामला सामने आया था। कालेज विकास समिति ने छात्राओं व उनके माता-पिता से दिसंबर में मुलाकात कर इस मामले के सद्भावपूर्ण समाधान का प्रयास किया। 12 में से 6 छात्रायें मान गईं, पर 6 ने जिद पकड़ ली और उनको दिसंबर के अंत में हिजाब पहनने पर उनको कक्षाओं में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय में इन छात्राओं की ओर से एक याचिका दायर की गई। सीएफआई और आंदोलनरत छात्राओं ने खुलेआम एकसाथ काम करना स्वीकार किया। खबरें थीं कि अक्टूबर-नवंबर,



2021 में इस मुद्दे पर अपडेट तथा सीएफआई की अन्य विषयवस्तु डालने के लिए ट्विटर हैंडल बनाए गए। इसके साथ ही विरोध करने वाली लड़कियों के माता-पिता को पीएफआई की राजनीतिक शाखा एसडीपीआई का सक्रिय सदस्य बनाया गया।

उपरोक्त घटनाओं का समय तथा इसमें सीएफआई की सक्रिय सहभागिता से स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस विवाद को पैदा किया गया है तथा इसके लिए काम करने का तरीका सुपरिचित है, यानी पहले उकसाओ और जब दूसरा पक्ष प्रतिक्रिया करे तब स्वयं को पीड़ित की तरह पेश करो। पिछले लगभग दो साल से अनेक मुद्दों को जरूरत से ज्यादा भड़काने की प्रवृत्ति बनी है जिनमें से कुछ सही और कुछ गलत होते हैं। इससे विशेष समुदायों जैसे, छात्रों, धार्मिक अल्पसंख्यकों और किसानों के बीच विभाजक रेखाओं को हवा देने तथा असंतोष पैदा करने का काम किया जाता है। इसके पीछे अराजकता और भ्रम पैदा करने का इरादा साफ-साफ नजर आता है। इससे देश का स्थायित्व प्रभावित होता है तथा सरकार को बचाव की मुद्रा में आना पड़ता है।

हिजाब विवाद में 'अराजकता पैदा करने' की परियोजना के सभी तत्व पाए जाते हैं। सोशल मीडिया में दिखाए विजुअल में एक अकेली मुस्लिम लड़की को भगवा कपड़े पहने अनेक छात्रों से झगड़ते दिखाया जाता है जो 'जय श्रीराम' के नारे लगा रहे हैं। इसका उद्देश्य जेंडर कार्ड प्रयोग कर संवेदना प्राप्त करना है जैसा कि सीएए प्रदर्शनों के दौरान शाहीन बाग आंदोलन में हुआ था। खबरें हैं कि यह वीडियो नकली हो सकता है और कथित रूप से मुस्लिम लड़की पर आरोप है कि उसने छात्रों को चिढ़ाया ताकि उनकी प्रतिक्रिया की फिल्म बनाई जा सके।

मुस्लिम धर्मगुरुओं के समर्थन से देश भर में त्वरित प्रदर्शन हुए। लुधियाना में 80 मस्जिदों के इमामों ने 12 जनवरी को एक हिजाब मार्च का आयोजन किया। ये प्रमाण हैं कि देश में सामान्य स्थिति भंग करने के व्यवस्थित प्रयास किए जा रहे हैं। कर्नाटक सरकार ने शिक्षा संस्थान बंद कर तथा प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा कर अच्छा कदम उठाया था जिससे परिसरों में समाज-विरोधी तत्वों की गतिविधियों पर विराम लगा। आवश्यकता है कि ऐसे लक्ष्य का समर्थन करने में सावधानी बरती जाए जिसका इरादा संदिग्ध है। यह कहना उचित है कि लोकतंत्र में प्रदर्शन का अधिकार अंतर्निहित है। लेकिन जरा सी बात पर प्रदर्शन करना लोकतत्र का मजाक उड़ाना है।

## आप की बात

### पेट्रोल-डीजल का विकल्प

**देश** में आए दिन पेट्रोल, डीजल की खपतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में आमजन की परेशानियां बढ़ती जा रही है, जाहिर सी बात है कि जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। यदि भारत जैसे देश में ये हालात है तो यह चितंनीय हैं, वहीं ऐसी स्थिति से निजात पाना है तो सरकार को सौर उर्जा संयन्त्रों और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने चाहिए, जो देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है, क्योंकि यदि दुसरे देशों से अपने देश की तुलना करें, जैसे- चीन, जापान तो ये देश भारत से संसाधन के मामलों में कही ज्यादा आगे है, हमें ऐसे देशों की तर्ज पर काम करने की जरूरत है ताकि हम भी ऐसे संसाधनों के मामलों में प्रगाढ़ बन सके। बशर्ते सरकार को इस पर सज्ञांन लेने की जरुरत है। अभी हाल ही में चीन ने सौर उर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि धुप न रहने पर भी सौर उर्जा काम करेगा, जो कि उन्होंने इसमें तकनीकी रुप से बहुत ज्यादा काम किये है, जो यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। ऐसे में इन्हीं के तर्ज पर अब भारत को भी ऐसा करने की जरुरत है तभी पेट्रोंल डीजल की खपत और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

- **राहुल उपाध्याय**, बलिया

### अच्छी छवि का महत्व

**भारत** देश के लोग अपनी प्रतिभा, लगन और कार्यो से सारी दुनियां में अपना और देश का नाम रोशन कर रहे है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर विदेश मंत्री एस जय शंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात कर आस्ट्रेलिया में देश की अच्छी छवि बनाने के लिये प्रशंसा किया। मेलबोर्न शहर में बड़ी संख्या में भारतीय लोग रहते है। वही भारत मे लोग क्षेत्रवाद की राजनीति करते है।एक ओर मोदी भारत की एकता और राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने के लिये कार्य कर रहे है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक विधान लागू कर ऐतिहासिक कार्य किया। वही पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा उप्र, बिहार,दिल्ली के लोगो को पंजाब में न घुसने देने की बात कर रहे है। जिसकी कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने आलोचना किया। चन्नी भूल रहे हैं। इन्ही राज्यों के लोग पंजाब के लोगो की कृषि कार्यो और उनके धंधों में मदद कर रहे है। इस तरह क्षेत्रवाद की राजनीति करना देश की एकता को कमजोर करना है। चन्नी को गुरु गोविंद सिंह जी जो पटना में पैदा हुये थे। वह बिहार राज्य में है। शायद याद नही रहा। इसलिये देश के किसी भी राज्य के नेताओ को क्षेत्रवाद की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर देश की एकता और अखण्डता बढ़ाने वाले कार्य करने चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध

**चीन** के साथ 2020 में हुई हिंसक झड़प के बाद अब तक भारत ने 200 से ज्यादा चीनी ऐप बन कर दिए हैं। हालही मे 54 एप्स का नाम और जोड़ा गया है, सरकार का दावा है कि इन 54 चाइनीज ऐप्स से भारत की सुरक्षा को खतरा था। ये सभी ऐप्स चीन और अन्य देशों में भारतीय यूजर्स का डेटा भेज रहे थे। इसके अलावा कुछ चीनी कंपनियों के कारोबार पर भी प्रतीकात्मक प्रतिबंध लगाए गए।चीन एक अर्से से केवल भारत ही नहीं, बल्कि अनेक देशों के प्रति रवैए अक्रामक हैं। क्वाड को भी समझना होगा की निंदा करने से चीन सुधरने वाला नहीं हैं, उसकी मनमानी कर लगाम लगाने की जरूरत हैं। इसके अलावा जमीनी स्तर पर भारत को कुछ प्रयास करने होंगे, उसके लिए सबसे पहले चीन पर आर्थिक निर्भरता कम करने का करना होगा। यद्यपि चीनी सेना से खूनी झड़प और उसमें उसे सबक सिखाने के बाद भारत की ओर से ऐसे कई कदम उठाए गए, जिससे चीन पर आर्थिक निर्भरता कम हो और हम आत्मनिर्भर बने। इस मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष को बयानबाजी करने की बजाए एक साथ होना चाहिए।

- **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**ये** लोग जो समाजवाद की बात कर रहे हैं, बाजार में इस्तेमाल नहीं होने वाले खोटे सिक्के बन गए हैं।

- **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**हम** कोरिया की डीपीआर को जवाबदेह ठहराने के तरीके खोजने के लिए काम करना जारी रखे हैं।

- **एंटनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**पंजाब** के सीएम चन्नी को दोनों सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ रहा है।

- **अरविंद केजरीवाल**
संयोजक आम आदमी पार्टी

पायनियर उत्तर प्रदेश चुनाव


चौपाल



# परंपरागत वोट बैंक को फिर लुभाने के प्रयास में कांग्रेस

- ब्राह्मण, दलित व मुस्लिमों को दिए सर्वाधिक टिकट
- महिलाओं को 40 फीसदी हिस्सेदारी देकर नया वोट बैंक तैयार करने की भी कवायद

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में अपने सियासी वजूद को बचाने के लिए विधानसभा चुनाव में अकेले दम पर ताल ठोंक रही कांग्रेस ने नए तौर तरीकों की राजनीति के बीच पुराने फार्मूले पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने पार्टी से छिटक चुके परंपरागत वोट बैंक को फिर लुभाने के साथ ही महिलाओं को 40 फीसदी हिस्सेदारी देने के नाम पर अपना नया वोट बैंक तैयार करने का भी बखूबी प्रयास किया है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस ने सभी 403 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इसी के साथ प्रियंका गांधी ने ऐलान किया था कि वह 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देंगी। कांग्रेस ने सपा के साथ अपनी पुरानी दोस्ती का ख्याल रखते हुए इस बार करहल से अखिलेश यादव और जसवंत नगर से शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारा है। इसके अलावा उसके दो प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो चुके हैं। इस प्रकार देखा जाए तो कांग्रेस प्रदेश की 399 सीटों पर अकेले चुनाव मैदान में है। सूबे में जिस पार्टी के पास संगठन नाम की कोई चीज नहीं बची थी उसके द्वारा इतनी अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना ही अपने आप में एक बड़ी बात है।

कांग्रेस 40 फीसदी महिलाओं को चुनाव में हिस्सेदारी देने के अपने वादे पर पूरी तरह से खरी उतरी है। उसने 159 महिला उम्मीदवारों को चुनाव में उतारा है। कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों को लेकर जातिगत आधार पर बहुत बारीकी के साथ अध्ययन किया है। पार्टी की ओर से बाकायदा आंकड़े जारी करके बताया गया है कि किस जाति वर्ग के लोगों को कितने टिकट दिए गए हैं। कांग्रेस के उम्मीदवारों का जातिगत आधार पर ये विश्लेषण अपनी जड़ों पर जमे रहकर नए जातीय समीकरण बनाने की उसकी कश्मकश को भी सामने लाता है।

अगर जातिगत आधार पर देखा जाए तो कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 22.3 फीसदी दलितों को टिकट दिया है। पार्टी की ओर से 80 दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है जबकि उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने के बाद से ही दलित वर्ग की ओर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए थीं। यही वजह है कि प्रियंका और राहुल गांधी पिछले महीनों में यूपी के अंदर अत्याचार से पीड़ित दलित परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाते नजर आते रहे। सितंबर 2020 में एक दलित लड़की के बलात्कार और हत्या के बाद राहुल और प्रियंका सबसे पहले हाथरस पहुंचे थे। प्रियंका कथित तौर पर पुलिस हिरासत में मारे गए दलित अरुण वाल्मीकि के घर भी गईं थीं। प्रियंका को दलित महिलाओं से गले लगते भी देखा गया। लखनऊ की एक वाल्मीकि कालोनी में भी पहुंचकर उन्होंने झाड़ू लगाई थी। जिसके बाद बीजेपी और उनके बीच जमकर बयानबाजी हुई थी।

कांग्रेस ने टिकट वितरण के दौरान सभी वर्गों को साधने की कोशिश की है। कांग्रेस की लिस्ट में ब्राह्मण समुदाय का भी अच्छा प्रतिनिधित्व है। कांग्रेस शुरू से ही ब्राह्मणों को तरजीह देती रही है। यूं कहा जा सकता है कि ब्राह्मण हमेशा से कांग्रेस का आधार वोट रहा है। यही वजह है कि जब तक कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता में रही मुख्यमंत्री पद के अलावा अहम पदों पर भी ब्राह्मणों का ही वर्चस्व रहा है। कांग्रेस में लगातार ब्राह्मणों को कांग्रेस की कमान देने की मांग उठती रही है। प्रियंका गांधी ने ब्राह्मण के हाथ में कमान तो नहीं दी लेकिन टिकटों में उन्हें बेहतर हिस्सेदारी दी है। कांग्रेस पार्टी ने 19 प्रतिशत ब्राह्मणों को टिकट दिया है। टिकटों में मुसलमानों की भी बड़ी भागीदारी है। 8 प्रतिशत मुसलमानों को टिकट दिया है। ओबीसी वर्ग के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए 21.8 प्रतिशत ओबीसी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने आरक्षित सीटों पर भी दलितों में सबसे बड़ी जाटव जाति के अलावा बाकी छोटी जातियों को भी प्रतिनिधित्व देने की पूरी कोशिश की है। हालांकि उसकी लिस्ट में सबसे ज्यादा 39 दलित उम्मीदवार जाटव है। कांग्रेस ने दूसरे नंबर पर पासी समुदाय को तरजीह दी है। इस जाति के 20 उम्मीदवार कांग्रेस ने उतारे हैं। तीसरे स्थान पर धोबी बिरादरी आती है। इनके 9 उम्मीदवार हैं। पांच उम्मीदवार वाल्मीकि समाज के हैं और इनकी हिस्सेदारी 2 प्रतिशत है। कोरी बिरादरी से तीन उम्मीदवार हैं। इनकी हिस्सेदारी 1.2 प्रतिशत है। धनगड़, खटीक और शंखवार जैसी कम आबादी वाली जातियों का भी एक-एक उम्मीदवार कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा है। इनके अलावा अनुसूचित जनजाति में आने वाली गोंड जाति का एक उम्मीदवार कांग्रेस की लिस्ट में शामिल है।

# सिर्फ एक बार सपा-बसपा का खुला खाता, अब वापस लाने की चुनौती


- 25 साल तक बसपा के साथ रहे रामवीर उपाध्याय भाजपा से दे रहे गठबंधन के साथ बसपा को कड़ी चुनौती

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**25 वर्ष** तक बसपा के साथ जुड़कर राजनीति करने वाले रामवीर उपाध्याय इस बार भाजपा से मैदान में हैं। रामवीर उपाध्याय के भाजपा में आने से यहां पर गणित बदल गयी है। आजादी के बाद से लेकर अब तक वर्ष 2012 के चुनाव में एक बार समाजवादी पार्टी और वर्ष 2017 के चुनाव में एक बार बसपा ने जीत दर्ज की है। वर्ष 2012 के चुनाव में सपा के टिकट पर यहां से देवेन्द्र अग्रवाल चुनाव जीत थे तो 2017 के चुनाव में बसपा से रामवीर उपाध्याय। ऐसे में 2022 के चुनाव में इस सीट पर बसपा के साथ ही गठबंधन की भी शाख दांव पर है। दोनों दलों ने इस सीट पर दोबारा जीत दर्ज करने के लिए अपने सारे पत्ते खोल दिये हैं।

हाथरस जिले के सादाबाद सीट पर आजादी से लेकर अब तक कांग्रेस, निर्दलीय, भारतीय क्रान्ति दल, जनता पार्टी, लोकदल, भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय लोकदल व समाजवादी पार्टी जीत दर्ज करा चुकी है। वर्ष 2022 के चुनाव में बसपा ने यहां से अविन शर्मा को मैदान में उतारा है। जबकि गठबंधन से प्रदीप कुमार सिंह मैदान में जाट और मुस्लिम समीकरण के सहारे जीत दर्ज करने की जुगत में हैं। वहीं कांग्रेस से मथुरा प्रसाद भी मैदान में है। आम आदमी पार्टी से आरती भट्ट, बहुजन मुक्ति पार्टी के ओमवीर सिंह, स्वदेश हिंद पार्टी से राजेश कुमार, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के जितेन्द्र के अलावा पांच निर्दलीय मैदान में हैं। जानकारों का मानना है कि रामवीर जब तक बसपा में रहे तब तक हाथरस में बसपा की लड़ाई बहुत मजबूत रही। लेकिन उनके पार्टी छोड़ने के बाद इस सीट पर बसपा के प्रभाव का सही आंकलन चुनावी नतीजे ही बता पायेंगे। फिलहाल पार्टी को यहां ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम समीकरण पर भरोसा है।

**सादाबाद सीट**



रामवीर उपाध्याय

### रालोद के खाते में दो बार आ चुकी है यह सीट

जाट मतदाताओं का इस सीट पर प्रभाव के चलते रालोद यहां पर लगातार दो बार जीत दर्ज करा चुकी है। वर्ष 2002 के चुनाव में रालोद के टिकट पर यहां से प्रताप चुनाव जीते थे। वहीं वर्ष 2007 के चुनाव में यहां से पार्टी के टिकट पर अनिल चौधरी ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद रालोद इसे अपनी सीट मानती रही है।

### कांग्रेस के अशरफ अली खान का रहा है इस सीट पर प्रभाव

शुरुआती चुनावों में इस सीट पर सादाबाद के नवाब अशरफअली खान का प्रभाव होता था। कांग्रेस के टिकट पर वह तीन बार और उनके बेटे कुंवर जावेद अली एक बार 1980 में विधायक रह चुके हैं। तब से इस सीट पर कांग्रेस को जीत नसीब नहीं हुई है। यहां से भाजपा सिर्फ दो बार जीत सकी है। वर्ष 1991 और आखिरी बार 1996 में भाजपा ने यह सीट जीती थी। समाजवादी पार्टी सिर्फ एक बार 2012 में जीती थी।

# चौथे चरण में सर्वाधिक दागी उम्मीदवार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश में** अब तक दो चरण के चुनाव के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा तीसरे चरण के मतदान सम्पन्न कराने को लेकर चल रहे प्रयास के बीच गुरुवार को यूपी इलेक्शन वॉच ने चौथे चरण की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में तीन चरणों की अपेक्षा चौथे चरण में सबसे अधिक दागी मैदान में हैं। स्थिति यह है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के चौथे चरण में 59 में से 29 यानी 49 फीसद संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र है। जहाँ से 3 या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच एसोसिएशन फ़ॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के चौथे चरण को लेकर जारी रिपोर्ट में चुनाव लड़ने वाले 624 में से 621 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया है जो 59 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे है। वही 3 उम्मीदवारों का शपथपत्र स्पष्ट ना होने के कारण उनका विश्लेषण नहीं किया जा सका है। उत्तरप्रदेश इलेक्शन वॉच के कोआर्डिनेटर संजय सिंह के मुताबिक उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 621 में से 167 यानी 27 फीसद उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है। वहीं गंभीर आपराधिक मामले 129 यानी 21 फीसद है। इनमें काग्रेस के 58 में से 31 यानी 53 समाजवादी पार्टी के 57 में से 30 यानी 53 फीसद बसपा के 59 में से 26 यानी 44 फीसद बीजेपी के 57 में से 23 यानी 40 फीसद और 45 में से 11 यानी 24 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषत किये हैं। वही गंभीर आपराधिक मामले दलवार कांग्रेस के 58 में से 22 यानी 38 फीसद समाजवादी पार्टी 57 में से 22 यानी 39 फीसद बसपा के 59 में से 22 यानी 37 फीसद बीजेपी के 57 में से 17 यानी 30 फीसद और 45 में से 9 यानी 20 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये है। चौथे चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामलों में पहले स्थान पर लखनऊ से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं जिनके ऊपर 22 मामले, दूसरे स्थान पर हरदोई जनपद के बालामऊ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के सुरेन्द्र कुमार जिनके ऊपर 9 मामले और तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी लखनऊ के सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र से जलीश खान है जिनके ऊपर 5 मामले दर्ज है। 9 उम्मीदवारों ने महिलाओं के ऊपर अत्याचार से सम्बन्धित मामले घोषित किये है इन 9 में से 2 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर बलात्कार से सम्बन्धित मामला घोषित किया है। 5 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या से सम्बन्धित मामले घोषत किये हैं। वही 14 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या का प्रयास से सम्बन्धित मामले घोषत किये हैं।

- आम आदमी पार्टी के लखनऊ पश्चिम विधानसभा से उम्मीदवार राजीव बक्शी धनकुबेरों में पहले स्थान पर

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के चौथे चरण में 59 में से 29 यानी 49 फीसद संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र हैए जहाँ से 3 या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है।

अगर हम करोड़पति उम्मीदवारों कि बात करे तो 621 में से 231 यानी 37 फीसद चौथे चरण में करोड़पति उम्मीदवार है। हमारे चुनाव में धनबल की भूमिका इस बात से स्पष्ट होती है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दल धनी उम्मीदवारों को टिकट देते है। करोड़पति उम्मीदवार दलवार की बात करे तो बीजेपी के 57 में से 50 यानी 88 फीसद समाजवादी पार्टी के 57 में से 48 यानी 84 फीसद बसपा के 59 में से 44 यानी 75 फीसद कांग्रेस के 58 में से 28 यानी 48 फीसद और 45 में से 16 यानी 36 फीसद आप पार्टी के उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी घोषित संपत्ति 1 करोड़ से ज्यादा है। सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवारों में से पहले स्थान में आप पार्टी के जनपद लखनऊ से लखनऊ पश्चिम विधानसभा से उम्मीदवार राजीव बक्शी है जिन्होने अपनी संपत्ति 56 करोड़ बतायी है दूसरे स्थान पर जनपद सीतापुर के महोली विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के अनूप कुमार गुप्ता है जिनकी संपत्ति 52 करोड़ हैं वहीं तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी के हरदोई विधानसभा सीट से शोभित पाठक है जिन्होने अपनी संपत्ति 34 करोड़ बतायी है। उत्तर प्रदेश चुनाव 2022 के चौथे चरण में उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 2.46 करोड़ है। वही 259 यानी 42 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी देनदारी घोषित की है। वहीं चौथे चरण में 201 यानी 32 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 375 यानी 60 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की हैं। 4 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की हैं वहीं 30 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और 9 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। 2 उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है। 223 यानी 36 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की हैं, जबकि 336 यानी 54 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की हैं। 62 यानी 10 फीसद उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की हैं। चौथे चरण में 91 यानी 15 फीसद महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं।



# नुक्कड़ नाटक के जरिए हो रहा केशव मौर्य की सीट पर प्रचार

**भाषा।** कौशाम्बी

**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य स्टार प्रचारक के रूप में भारतीय जनता पार्टी के लिए पूरे प्रदेश में प्रचार कर रहे हैं,वहीं उनके अपने चुनाव क्षेत्र सिराथू में पेशेवर रंगकर्मी प्रचार में लगे हुए हैं। इस सीट पर मौर्य का मुकाबला समाजवादी पार्टी की पल्लवी पटेल से है। दिल्ली से आए थिएटर ग्रुप के एक दर्जन से ज्यादा कलाकार विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को मौर्य और भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में बता रहे हैं। थिएटर ग्रुप परिंदे के प्रमुख मोहित निरहाखर ने बताया, जैसे ही नुक्कड़ नाटक शुरू होने वाला होता है, हम शो में भीड़ खींचने के लिए ढफली बजाना शुरू कर देते हैं। नाटक के जरिए हम लोगों को जागरुक कर रहे हैं और उन्हें डबल इंजन सरकार द्वारा राज्य में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता रहे हैं। ऐसे ही एक नाटक का विषय था कि कैसे एक स्थानीय निवासी की पत्नी पहले अपने मेहमानों के लिए झिझकते हुए चाय लाती थी और अब वह पकौड़े तथा अन्य सामान लाती है,



जब अतिथि ने मेजबान से पूछा कि इस परिवर्तन का कारण क्या है तो दोस्त जवाब देता है, यह मोदी जी, योगी जी और केशव मार्य का जादू है। साथ ही उसने उज्जवला योजना के तहत मिले गैस सिलेंडर का जिक्र किया।

इसी तरह सिराथू में मेडिकल कॉलेज खोले जाने का भी प्रचार प्रसार रंगकर्मी कर रहे हैं। एक नाटक में यह भी दिखाया गया है कि शौचालयों के निर्माण से किस प्रकार से महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। समूह में 12 सदस्य हैं और वे छह-छह के समूहों में अगल अलग स्थानों पर नाटक करते हैं। मोहित ने बताया औसतन, हम प्रतिदिन सात ऐसे नुक्कड़ नाटकों का मंचन करते हैं। कभी- कभी यह संख्या बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि समूह के सदस्य दर्शकों के साथ तुरंत जुड़ने के लिए स्थानीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं। मोहित ने बताया कि कलाकारों का दल छह फरवरी को दिल्ली से यहां पहुंचा और वे सात फरवरी से नुक्कड़ नाटक कर रहे हैं। लोगों की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर, मोहित ने बताया, प्रतिक्रिया कुछ क्षेत्रों में अच्छी मिल रही है, जबकि कुछ क्षेत्रों में, जिन्हें विपक्षी दलों का गढ़ माना जाता है, वहां मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण में कौशांबी में 27 फरवरी को मतदान होना है। मौर्य जो खुद के सिराथू का पुत्रे होने का दावा करते हैं, उनका मुकाबला अनुप्रिया पटेल की बहन पल्लवी पटेल से है और वह खुद को सिराथू की बहू बताती हैं।

मोहित ने कहा कि समूह पटकथा का दैनिक आधार पर संशोधन और संपादन करता है और नए बिंदुओं को शामिल करता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका शो देखने के लिए बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में आते हैं। इसके अन्य सदस्य हैं- प्रशांत (अभिनेता, संपादक), रोहन, मयंक (अभिनेता, लेखक), प्रिया, अभिनव, गोलू, अलीशा, तनिश, दिग्विजय, विजय और आकाश। छोले-भटूरे विक्रेता शिव शंकर मौर्य (59) ने मतदान के नतीजों के बारे में पूछे जाने पर कहा, इस बार कुछ भी स्पष्ट नहीं दिख रहा है। किसी पार्टी की लहर नहीं है। उनका बेटा सुशील जीटी रोड पर एक लावारिस सांड की ओर इशारा करता है, और कहता है, लावारिस पशुओं खासकर लावारिस सांडों की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय ट्रैवल एजेंसी में चालक मनोज कुमार उपाध्याय कहते हैं, आवारा पशुओं के आवागमन से जीटी रोड पर वाहन चलते वक्त गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है और कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं।

# वक्त के साथ बदल गया कैफी आजमी के गांव मिजवां का भी मिजाज

**भाषा।** मिजवां (आजमगढ़)

**मशहूर** शायर और प्रखर वामपंथी नेता कैफी आजमी के पुश्तैनी गांव मिजवां से कभी वामपंथी राजनीति की बयार बहती थी मगर समय के साथ यहां के मिजाज में भी अब बदलाव आ गया है। आजमगढ़ जिले की फूलपुर तहसील स्थित मिजवां प्रखर वामपंथी नेता और मशहूर शायर कैफी आजमी का पैतृक गांव है। उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति में वामपंथ के पराभव का असर मिजवां पर भी दिखता है। यह गांव आजमगढ़ के फूलपुर पवई क्षेत्र में आता है जहां मुख्य चुनावी मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच है। भाकपा ने पिछली बार इस क्षेत्र से उम्मीदवार उतारा था जिसे करारी शिकस्त मिली थी। इस बार पार्टी का कोई भी प्रत्याशी यहां से चुनाव नहीं लड़ रहा है।

आजमगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर मिजवां गांव कभी बेहद पिछड़ा हुआ था मगर कैफी ने इसे सुविधाओं से जोड़ा। फूलपुर पवई क्षेत्र में प्रदेश विधानसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत आगामी सात मार्च को मतदान होगा। बेहतर कानून-व्यवस्था और रोजगार इस क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे हैं। क्षेत्र के अनेक लोग खासकर कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा सरकार से खुश हैं और वे चाहते हैं कि यही व्यवस्था बरकरार रहनी चाहिए। दिल्ली में एक निजी कंपनी में काम करने वाले युवक मंगेश ने दावा किया मिजवां में सबसे बड़ा मुद्दा लोगों की सुरक्षा का है और भाजपा सरकार ने इस दिशा में अच्छा काम किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। हम चाहते हैं कि यही व्यवस्था बनी रहे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के नौजवानों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिले ताकि उन्हें रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर न जाना पड़े। स्थानीय निवासी मुन्नीलाल ने कहा "इस बार सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने का है। पहले यहां राहजनी और छेड़छाड़ की घटनाएं बहुत होती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं है। हम चाहते हैं कि सभी लोग सुकून से रहें। क्षेत्र के अलीनगर गांव के रहने वाले सुनील कुमार ने कहा फूलपुर पवई क्षेत्र में भाजपा और सपा के बीच कड़ी टक्कर है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है लिहाजा क्षेत्र के लोग बदलाव चाहते हैं।

कैफ़ी की बेटी और मशहूर अदाकारा शबाना आज़मी ने अपने पिता की मृत्यु के बाद मिजवां को और सजाया संवारा। उन्होंने यहां मिजवां वेलफेयर सोसाइटी का गठन किया और लड़कियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई-कढ़ाई एवं कंप्यूटर सेंटर स्थापित किया। वह अक्सर यहां आती रहती हैं। मिजवां वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थापित सिलाई-कढ़ाई सेंटर की प्रभारी संयोगिता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यहां के लोग और ज्यादा विकास चाहते हैं। मिजवां में तो पहले



कैफी आजमी

अब्बा (कैफी) और फिर शबाना बाजी ने विकास किया है मगर बाकी जगह भी तरक्की की धारा पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कैफ़ी आज़मी थे, तब तक क्षेत्र में वामपंथी विचारधारा थी लेकिन उनके बाद चीजें बदलती चली गईं।

आजमगढ़ जिला किसी जमाने में वामपंथियों का गढ़ हुआ करता था। मगर इस जिले को काटकर नया मऊजिला बनाए जाने के बाद, मऊ वामपंथियों का प्रमुख केंद्र बन गया, क्योंकि ज्यादातर बड़े वामपंथी नेता उसी इलाके के थे। कैफ़ी आज़मी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के बहुत प्रखर नेता थे। हालांकि वक्त के साथ वामपंथी विचारधारा प्रदेश की चुनावी राजनीति के फलक से ओझल होती गई। भाकपा के वरिष्ठ नेता अतुल अंजान ने बताया कैफी ने वामपंथ की एक नई सोच और उसकी राजनीति को लोगों के सामने रखा। वह महिलाओं के अधिकारों के बारे में बहुत मुखर थे। उन्होंने बताया कि पहले पूरा आजमगढ़ वामपंथियों का गढ़ हुआ करता था लेकिन उसके ज्यादातर नेता लालगंज और मऊमें सक्रिय थे। मऊसे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जय बहादुर सिंह दो बार लोकसभा के सदस्य रहे। उसके बाद झारखंडे राय 1952 में और उसके बाद भी घोसी से विधायक बने। वह तीन बार सांसद भी चुने गए। अंजान ने कहाकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आज भी मजबूत है। मगर मंडल-कमंडल की राजनीति ने उसे चुनावी सियासत में कमजोर कर दिया। वामपंथियों ने मंदिर-मस्जिद मुद्दे का विरोध किया था लेकिन उस वक्त माहौल कुछ और ही बना दिया गया, जिसमें हमारी बात अनसुनी कर दी गई और हम हाशिए पर पहुंच गए। अंजान ने कहाकि कैफ़ी आज़मी साहब कहते थे कि मैं गुलाम हिंदुस्तान में पैदा हुआ, आजाद हिंदुस्तान में जी रहा हूं और वामपंथी हिंदुस्तान में मरना चाहता हूं। मगर उनकी यह हसरत अधूरी रह गई।

# कांग्रेस ने किसानों को हमेशा धोखा दिया है: मोदी

**भाषा** । अबोहर (पंजाब)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने अनाज की रिकॉर्ड खरीद की है। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 20 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से अपील की कि वे राज्य के समग्र विकास के लिए भाजपा नीत गठबंधन को सत्ता में लाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और बिहार के भैया सबंधी बयान को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की भी आलोचना की और कहा कि गुरु गोबिंद सिंह एवं गुरु रविदास का जन्म भी पंजाब से बाहर ही हुआ था।



उन्होंने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने ही ए सिफारिशें लागू की थीं। मोदी ने कहा, इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने किसानों को हमेशा धोखा दिया है।

उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को लागू करने की कई वर्षों से मांग की जा रही थी, लेकिन उन्होंने फाइल दबाए रखी। कांग्रेस सरकारों ने केवल झूठ बोला। मोदी ने कहा कि जब केंद्र में उनकी सरकार बनीं, तो उसने आयोग की सिफारिशों को लागू किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में अनाज की रिकॉर्ड खरीदारी हुई। प्रधानमंत्री ने पंजाब में कांग्रेस सरकार को निशाना बनाते हुए कहा कि राज्य में हर कारोबार पर माफिया का कब्जा हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण पंजाब में कोई भी निवेश करने के लिए तैयार नहीं है। मोदी ने कहा कि पूरे पंजाब में एक ही आवाज उठ रही है और वह आवाज है कि भाजपा नीत गठबंधन को जीत दिलाकर डबल इंजन की सरकार बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का अर्थ तेज विकास है। इसका अर्थ रेत माफिया और नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले माफिया को राज्य से बाहर करना है। डबल इंजन सरकार का अर्थ कारोबार को बढ़ावा देना, नौकरियां देना और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना है। मोदी ने कहा कि हमें एक मौका दीजिए, मुझे पांच साल दीजिए और फिर देखिए कि डबल इंजन की सरकार पंजाब को कैसे विकास के मार्ग पर तेजी से आगे ले जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से गैर-जरूरी टिप्पणियां नहीं करने को कहा

**भाषा** । नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालयों को सुझाव दिया कि वे ऐसी टिप्पणियां नहीं करें जिनकी किसी मामले में जरूरत नहीं हो। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को ऐसी व्यापक टिप्पणियां करने से परहेज करना चाहिए जो संबंधित विवाद के दायरे से बाहर हों।

उच्चतम न्यायालय दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा था। भारत फ्रिट्ज वर्नर लिमिटेड ने एक निविदा के संबंध में भारत सरकार द्वारा उसके पक्ष में जारी स्वीकृति पत्र का जिक्र किया था। उच्च न्यायालय ने कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने हालांकि कुछ टिप्पणियां की थीं जिस पर केंद्र ने उन टिप्पणियों को हटाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

# सिर्फ विज्ञापनों में दिखता है मोदी का शासन : प्रियंका

**भाषा** । चंडीगढ़

**कांग्रेस** नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उसका शासन केवल विज्ञापनों में ही दिखाई देता है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी पर राजनीतिक लाभ के लिए धर्म और भावनाओं का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया।

कांग्रेस महासचिव ने पंजाब के पठानकोट में संवाददाताओं से कहा, मोदी जी का शासन सिर्फ विज्ञापनों में है, देश में कोई शासन नहीं है। अगर शासन होता तो रोजगार होता और महंगाई नहीं होती।

अगर शासन होता तो रोजगार पैदा करने वाले सार्वजनिक उपक्रम उनके मित्रों को नहीं बेच दिए जाते। उन्होंने पठानकोट में एक रैली को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में गरीबों, छोटे व्यापारियों और छोटे उद्यमियों को विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि उन लोगों की चिंता कौन कर रहा है। प्रियंका ने कहा कि शासन कहां है ? उन्होंने कहा कि प्रचार पर 2,000 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

भाजपा और आप पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, "दोनों राजनीति करने के लिए धर्म, भावनाओं का इस्तेमाल करते हैं। वे विकास नहीं कर रहे हैं"।

उन्होंने रैली में प्रधानमंत्री मोदी और आप नेता अरविंद केजरीवाल दोनों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पंजाबियत के बारे में बोलते सुना, तो मुझे हंसी आ गई। मैंने सोचा, वे कैसे पंजाबियत को समझेंगे ? इसे समझने के लिए, इसे जीना होगा। पंजाबियत एक भावना है।

# केरल में आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या

**भाषा** । अलप्पुझा

**केरल** के अलप्पुझा जिले के हरिपद इलाके में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक युवा कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि युवक घटनास्थल के पास एक मंदिर में थलम नृत्य करने गया था जहां किसी बात पर विवाद हो गया। घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है और शव का पोस्ट मॉर्टम होना बाकी है।

हत्या पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने त्रिशूर में संवाददाताओं से कहा कि मृतक आरएसएस कार्यकर्ता था और मादक पदार्थ माफिया के सदस्यों द्वारा निर्ममता से उसकी हत्या कर दी गई। सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि मादक पदार्थ माफिया और असामाजिक तत्वों को राज्य में खुली छूट प्राप्त है क्योंकि उन्हें सत्तारूढ़ दल का संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या में आरोपी सभी लोग मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सदस्य हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एलडीएफ सरकार पर असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया। पुलिस ने कहा कि युवक पहले भाजपा के लिए काम करता था लेकिन यह साफ नहीं है कि अभी वह किसी दल से जुड़ा था या नहीं।

पुलिस ने कहा कि घटना बुधवार रात साढ़े ग्यारह बजे हुई जब शरत चंद्रन अपने दोस्तों के साथ मंदिर से घर वापस लौट रहा था। पुतेनकरियिल मंदिर पर चंद्रन का कुछ लोगों से विवाद हुआ जो वहां उसकी प्रतीक्षा कर रहे थे। इसके बाद झगड़ा हो गया और हमलावरों ने चंद्रन को चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि चंद्रन को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने कहा कि चश्मदीदों ने दो हमलावरों की पहचान की है। हमलावरों की संख्या सात से आठ बताई जा रही है जिनमें से दो को हिरासत में लिया गया है। घटना में शामिल एक और व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपी असामाजिक समूहों से जुड़े हैं जिनके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं लेकिन वे किसी मादक पदार्थ माफिया का हिस्सा नहीं हैं।

## स्कूल बस पलटने से दो बच्चों की मौत, 40 घायल

**जैसलमेर**। जिले के फलसूंड थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह तेज गति से जा रही एक स्कूल बस के अनियंत्रित हो कर पलट जाने से दो बच्चों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य बच्चे घायल हो गए। थानाधिकारी भवंरलाल ने बताया हादसा उस समय हुआ जब शिव मार्ग पर तेज गति से स्कूल की ओर जा रही एक निजी बस अनियंत्रित हो कर जेतपुरा गांव के पास सुबह पलट गई। बस में सवार दो बच्चों की दबने से मौत हो गई जबकि 40 अन्य बच्चे घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान हासम खान और कासम खान के रूप में की गई है। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## दक्षिण भारत के मशहूर अभिनेता कोट्टायम प्रदीप का निधन

**कोट्टायम**। मलयाली फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रदीप के आर का बृहस्पतिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। अभिनेता कोट्टायम प्रदीप के नाम से मशहूर थे। उन्हें सुबह अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

प्रदीप के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। अभिनेता को विशेष तरीके से संवाद अदायगी के लिए पसंद किया जाता था।

वह कोट्टायम जिले से थे। थिएटर कलाकार के तौर पर करियर की शुरुआत करने वाले प्रदीप ने 2001 में आई वी शशि के निर्देशन में ई नाडू इन्नले वारे से फिल्मों का रुख किया। इसके बाद उन्होंने कम से कम 60 फिल्मों में छोटे किंतु अहम किरदार निभाए। तमिल फिल्म विन्नाईथांडी वारूवाया उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई। अभिनेता के निधन पर लोगों, मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों तथा अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

# हिजाब विवाद केवल आठ शिक्षण संस्थानों तक सीमित


**कर्नाटक सरकार का दावा**

**भाषा** । बेंगलुरू



**कर्नाटक** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिजाब विवाद राज्य के कुल 75,000 संस्थानों में से केवल आठ हाई स्कूलों और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों में है। इसके साथ ही सरकार ने इस मुद्दे के समाधान का भरोसा जताया। उच्च न्यायालय ने हिजाब विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं के लंबित रहने तक के लिए पिछले हफ्ते अंतरिम आदेश जारी किया था और विद्यार्थियों के भगवा गमछा, हिजाब या किसी तरह का धार्मिक निशान कक्षा में ले जाने पर रोक लगा दी थी। बहरहाल यह विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है क्योंकि कुछ छात्राएं बृहस्पतिवार को हिजाब और बुर्का के साथ कक्षाओं में जाने की अनुमति दिए जाने की मांग पर अड़ी रहीं। कर्नाटक के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह "समस्या" केवल कुछ हाई स्कूल और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि 75,000 स्कूल एवं कॉलेज में से आठ कॉलेज में समस्या कायम है। हम इसका समाधान करेंगे। हमें खुशी है कि सभी विद्यार्थियों ने हमारे आदेश का पालन किया है। बल्लारी में सरला देवी कॉलेज में तनाव पैदा हो गया जब अभिभावकों और विद्यार्थियों ने संस्थान के सामने धरना प्रदर्शन किया क्योंकि अधिकारियों ने अदालत के आदेश का हवाला देते हुए बुर्का के साथ छात्राओं को अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। पुलिस और वकीलों के समझाने के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए।

बेलगावी में विजय इंस्टीट्यूट ऑफ पैरा मेडिकल साइंसेज में, प्रदर्शन से तनाव पैदा हो गया। कॉलेज के सामने धार्मिक नारे लगाने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, कई लोग जो कॉलेज से जुड़े नहीं थे, उन्होंने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पुलिस ने उनकी पहचान करने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। चित्रदुर्ग महिला पीयू कॉलेज में विद्यार्थियों ने संस्था के बाहर धरना दिया। एक छात्रा ने शिकायत की कि उन्हें अपने कॉलेज में ही अंदर नहीं जाने दिया गया।



अमृतसर में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को तलवार भेंट की

# व्यस्त बाजार में तृणमूल कांग्रेस के नेता की चाकू घोंपकर हत्या

**भाषा** । कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के एक बाजार में बृहस्पतिवार की सुबह तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने हमलावरों को पकड़ लिया और उनमें से एक की जमकर पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नूर सलाम बेग (45) की कोलकाता से 30 किलोमीटर दूर सरिशा हाट इलाके में तीन व्यक्तियों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि वारदात सुबह आठ बजे की है और उस वक्त बेग अपनी बाइक खड़ी कर रहे थे। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद वहां मौजूद लोगों ने दो हमलावरों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। उन्होंने बताया कि उनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे को पुलिस ने बचा लिया। पुलिस ने बताया कि उसे डायमंड हार्बर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और होश में आने के बाद उससे पूछताछ की जाएगी। बेग के परिवार ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद के चलते उनकी हत्या की गई है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने दावा किया कि हमले के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हाथ है क्योंकि वह एक प्रभावशाली नेता थे। सरिशा हाट तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में आता है।

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि हत्या तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अंदरूनी कलह का नतीजा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का उस क्षेत्र में कोई संगठन नहीं है। टीएमसी अपनी आंतरिक कलह के कारण एक दिन समाप्त हो जाएगी।

## पंजाब के मुख्यमंत्री के खिलाफ बिहार की अदालत में शिकायत दाखिल

**मुजफ्फरपुर**। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की उत्तर प्रदेश और बिहार के भैया संबंधी कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को यहां एक अदालत में उनके खिलाफ एक शिकायत दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता तमन्ना हाशमी द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरपुर की अदालत में याचिका दायर की गई। हाशमी ने दावा किया है कि इस टिप्पणी के जरिए पंजाब में रहने वाले बिहार के लोगों के जीवन को खतरे में डाल दिया गया है।

कांग्रेस नेता ने हाल में पंजाब में एक जनसभा में कहा था कि यूपी और बिहार के भैया को उनके राज्य में शासन नहीं करने दिया जाएगा। हाशमी ने चन्नी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 294ए, 504 और 511 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देश देने का अनुरोध किया है। याचिका पर नियत समय पर सुनवाई किए जाने की संभावना है।

# सीबीआई ने एबीजी शिपयार्ड के पूर्व सीएमडी ऋषि अग्रवाल से पूछताछ की

**भाषा** । नई दिल्ली

**सीबीआई** ने 22,848 करोड़ रुपए के कथित बैंक घोटाले से जुड़ी अपनी जांच के सिलसिले में एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ऋषि अग्रवाल से पूछताछ की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस आशय की जानकारी दी। पूछताछ की तारीख सहित अन्य कोई जानकारी दिए बगैर अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में अग्रवाल से पूछताछ की गई थी। गौरतलब है कि 22,848 करोड़ रुपए का यह कथित बैंक घोटाला किसी भी केन्द्रीय एजेंसी द्वारा दर्ज किया गया इस तरह का सबसे बड़ा मामला है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा 25 अगस्त, 2020 को दी गई शिकायत पर आधार पर सात फरवरी को मामला दर्ज करने के बाद सीबीआई इसकी जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय जांच एजेंसी ने मामले के आरोपी को देश छोड़कर भागने से रोकने के लिए लुक आउट सर्कुलर जारी किया है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी ने आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी, विश्वास भंग और आधिकारिक पद के दुरुपयोग से जुड़ी भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निरोधी कानून के तहत एबीजी शिपयार्ड के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संतनम मुथुस्वामी, निदेशकों अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल निवेदिता को भी प्राथमिकी में नामजद किया है। प्राथमिकी दर्ज करने के तुरंत बाद सीबीआई ने 12 फरवरी को 13 परिसरों की तलाशी ली थी।

## अदालतों को नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अदालतों को तब तक नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, जब तक कि यह स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण और मनमाना ना हो। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की पीठ ने कहा कि यदि यह दिखे कि नीति को लागू करने में स्पष्टता रखी गई है तो अदालतों को नीतिगत मुद्दों की राह में नहीं आना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि अदालतों को नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप करने से तब तक दूर रहना चाहिए, जब तक कि नीति भेदभावपूर्ण और मनमाना नहीं पाई जाती है। शीर्ष न्यायालय राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के फैसले के खिलाफ सुनवाई कर रहा है। खंड पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय की वह याचिका स्वीकार कर ली थी जिसके जरिए एकल पीठ के एक आदेश को चुनौती दी गई थी। एकल पीठ ने राज्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत राजस्थान के बजाय अन्य राज्यों में काम करने वाले आवेदकों को बोनस अंक देने का निर्देश दिया था।

# आपूर्ति लागत में छह फीसदी की कटौती बड़ी चुनौती: गडकरी



**भाषा** । अमरावती

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को अमरावती में कहा कि ईंधन की लागत में कटौती करने के लिए एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा जल्द बढ़ाई जाएगी और इस तरह आपूर्ति लागत में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नियमों और विनियमों में बदलाव किया जाएगा। आंध्र प्रदेश में 21,559 करोड़ रुपए की कई सड़क विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि उच्च आपूर्ति लागत भारतीय निर्यात के लिए एक बड़ी समस्या साबित हो रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी आपूति लागत 16 से 18 फीसदी है, जबकि चीन में यह 8 से 10 फीसदी और यूरोप व अमेरिका में 12 फीसदी है। यह हमारे देश के निर्यात से जुड़ी समस्याओं में से एक है, क्योंकि लागत अधिक है। हम इस चुनौती को स्वीकार करने जा रहे हैं और आपूर्ति लागत को घटाकर 8 से 10 प्रतिशत कर देंगे।

गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे पर गति सीमा से संबंधित नियमों और विनियमों को बदलने का समय आ गया है , क्योंकि ईंधन की लागत घटाने के लिए एक्सेस-नियंत्रित एक्सप्रेसवे महत्वपूर्ण थे। यह स्पष्ट करते हुए कि उनके मंत्रालय में पैसे की कोई कमी नहीं है, गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने देशभर में 22 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाने का फैसला किया है, क्योंकि सड़क ढांचा महत्वपूर्ण है। इनमें से छह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे आंध्र प्रदेश में बनेंगे।

## झारखंड में भाजपा विधायक पर दस लाख रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज

**भाषा** । धनबाद

**झारखंड** में धनबाद के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ एक निर्माणाधीन फैक्ट्री के मालिक से कथित तौर पर रंगदारी के दस लाख रुपए न मिलने पर फैक्ट्री की दीवार गिरवा देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

निर्माणाधीन फैक्ट्री के मालिक बरुण कुमार सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने उनसे दस लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी जो न देने पर उन्होंने अपने दो दर्जन गुंडों को भेज कर निर्माणाधीन फैक्ट्री की दीवार गिरवा दी। सिंह ने अनी शिकायत में कहा है कि महतो के 15 से 20 गुंडों ने मंगलवार को जेसीबी मशीन लाकर उनकी दीवार गिरा दी और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए।

# भाजपा ने आप पर पंजाब में साम्प्रदायिक विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह पंजाब में सत्ता हासिल करने की अपनी कोशिश के तहत राज्य में हिंदुओं और सिखों के बीच दरार पैदा कर रही है। भाजपा ने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल नीत सरकार में सिखों के प्रतिनिधित्व का अभाव होने का भी आरोप लगाया।

भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा और दिल्ली भाजपा प्रमुख आदेश गुप्ता ने यह आरोप भी लगाया कि आप का एजेंडा पंजाब को लूटना है। उन्होंने आप की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की, जो हर तरह के वादे कर सत्ता हड़पना चाहती थी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य नेताओं पर पंजाब विधानसभा चुनाव के अपने प्रचार अभियान में झूठे वादे करने का आरोप लगाया और कि क्षेत्रीय दल (आप) द्वारा दिल्ली मॉडल को रेखांकित करना एक ढकोसला है।

सिरसा ने कहा कि दिल्ली मॉडल में कोई सिख मंत्री नहीं है, पंजाबी भाषा की जानबूझ कर अनदेखी की गई है, 850 से अधिक शराब के नए ठेके खोले गए हैं, कोई नया स्कूल या कॉलेज नहीं खोला गया है और स्वास्थ्य ढांचा चरमरा रहा है। पंजाब में हिंदुओं के आंतरिक सुरक्षा को लेकर सशंकित महसूस करने संबंधी आप की कथित टिप्पणी का जिक्र करते हुए सिरसा ने राज्य में कथित तौर पर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने को लेकर केजरीवाल नीत पार्टी की आलोचना की। पंजाब में 20 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं।

## नेहरू वैश्विक नेताओं के लिए प्रेरणास्रोत, लेकिन मोदी उन्हें नीचा दिखाते हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री द्वारा लोकतंत्र के संदर्भ में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का उल्लेख किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया भर के नेता नेहरू से निरंतर प्रेरणा लेते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के भीतर और बाहर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से कहा, पंडित नेहरू वैश्विक नेताओं को आज भी प्रेरणा देते हैं। दुख की बात है कि हमारे देश में कुछ लोगों के पास यह समझने का नजरिया नहीं है कि वह किस तरह के अद्भुत नेता थे।

## बीएसएफ ने कच्छ के पास सात पाकिस्तानी नावों को जब्त किया

**अहमदाबाद**। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बृहस्पतिवार को गुजरात के कच्छ जिले के पास भारत-पाक समुद्री सीमा पर स्थित हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से मछली पकड़ने में इस्तेमाल होने वाली सात पाकिस्तानी नावों को जब्त किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक हफ्ते पहले दस फरवरी को बीएसएफ ने इसी इलाके से छह पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा था और ऐसी 11 नावें जब्त की थीं। बीएसएफ ने एक बयान जारी कर कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने हरामी नाला में सड़ी हुई मछलियों से भरी सात और पाकिस्तानी नावें जब्त की हैं। इलाके में सघन तलाशी अभियान जारी है। बीएसएफ ने भारतीय जल क्षेत्र में पाकिस्तान की मछली पकड़ने वाली नावों की घुसपैठ के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय मछुआरों को जहां क्रीक क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया जाता है।

# सरकार ने की हरित हाइड्रोजन के लिए नीति की घोषणा

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने** बृहस्पतिवार को देश में हरित हाइड्रोजन और अमोनिया के उत्पादन को बढ़ावा देने के मकसद से विभिन्न रियायतों की घोषणा की। इसमें कार्बन-मुक्त ईंधन के उत्पादन में उपयोग होने वाली नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर अंतरराज्ईय पारेषण शुल्क से छूट शामिल है। इस पहल का मकसद कार्बन-मुक्त ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना तथा देश को इसके निर्यात का केंद्र बनाना है। बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय हाइड्रोजन नीति के पहले हिस्से को जारी करते हुए कहा कि सरकार का 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य है।तेल रिफाइनरियों से लेकर इस्पात संयंत्रों को तैयार उत्पादों के उत्पादन के लिए हाइड्रोजन की जरूरत पड़ती है। हाइड्रोजन का उत्पादन फिलहाल प्राकृतिक गैस या नाफ्था जैसे जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर किया जा रहा है। वहीं हरित हाइड्रोजन का उत्पादन सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से किया जाता है। सिंह ने कहा, हाइड्रोजन और अमोनिया को भविष्य के ईंधन के रूप में देखा जा रहा है और ए जीवाश्म ईंधन का स्थान लेंगे। इन ईंधन के उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पन्न बिजली के उपयोग पर इन्हें हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया कहा जाता है। पर्यावरण अनुकूल सतत ऊर्जा सुरक्षा के लिए इनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार जीवाश्म ईंधनाजीवाश्म ईंधन आधारित कच्चे माल को हरित हाइड्रोजनाहरित अमोनिया से बदलने के रास्ते को सुगम बनाने के लिए कई कदम उठा रही है।

## ● नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर अंतरराज्यीय पारेषण शुल्क से छूट

नीति के दूसरे चरण में सरकार चरणबद्ध तरीके से संयंत्रों के लिए हरित हाइड्रोजनाहरित अमोनिया के उपयोग को अनिवार्य करेगी। नीति के तहत कंपनियों को स्वयं या अन्य इकाई के माध्यम से सौर या पवन ऊर्जा जैसे नवीकणीय स्रोतों से बिजली पैदा करने को लेकर देश में कहीं भी क्षमता स्थापित करने की आजादी होगी। वे यह बिजली बाजार से भी ले सकते हैं। हाइड्रोजन उत्पादन स्थल तक बिजली पहुंच के लिए अंतरराज्ईय पारेषण शुल्क से छूट होगी। सरकार कंपनियों को वितरण कंपनियों के पास उत्पादित अतिरिक्त हरित हाइड्रोजन को 30 दिन तक रखने की अनुमति देगी। जरूरत पड़ने पर वे इसे वापस ले सकती हैं। बिजली वितरण का लाइसेंस रखने वाली कंपनियां हरित हाइड्रोजनाहरित अमोनिया के उत्पादकों के लिए रियायती दर पर नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद और आपूर्ति कर सकती हैं। इस दर में केवल खरीद लागत, राज्य आयोग द्वारा तय अपेक्षाकृत कम व्हीलिंग चार्ज (बिजली उपयोग करने वाले से पारेषण सुविधा और परिचालकों द्वारा अपनी संपत्ति के उपयोग को लेकर लिया जाने वाला शुल्क) और मार्जिन शामिल है।

# चीन ने व्यापार पर अमेरिका की शिकायत को खारिज किया

**एपी।** बीजिंग

**चीन ने** बृहस्पतिवार को अमेरिका के इस आरोप को खारिज कर दिया कि वह (चीन) अपने बाजार खोलने की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहा है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच शिकायतों का नया सिलसिला ऐसे वक्त में शुरू हुआ है, जब कंपनियां व्यापार युद्ध की समाप्ति के लिए दोनों सरकारों के बीच फिर से बातचीत शुरू होने का इंतजार कर रही हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बाइडन प्रशासन के उस बयान की आलोचना भी की, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका चीनी व्यापार रणनीति से निपटने के लिए नए तरीके विकसित कर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता गाओ फेंग ने कहा, यह शिकायत पूरी तरह तथ्यों के विपरीत है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कई अलग-अलग बाजार आर्थिक मॉडल हैं। अमेरिका ने बुधवार को चीन पर डब्ल्यूटीओ के प्रति अपनी मुक्त व्यापार प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह चीन के आक्रामक व्यापार व्यवहार से निपटने के लिए नए तरीकों की तलाश कर रहा है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने बुधवार को डब्ल्यूटीओ नियमों के साथ चीन के अनुपालन पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चीन अपने वादों को पूरा नहीं कर रहा है।अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा, चीन ने इसके बजाय अर्थव्यवस्था और व्यापार के लिए अपने सरकारी नेतृत्व वाले गैर-बाजार नजरिए को बरकरार रखा है और इसे आगे बढ़ाया है। गाओ ने कहा कि अमेरिका को संरक्षणवाद और नई रणनीति के नाम पर धमकाने के बजाय अपने व्यापार साधनों को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अनुरूप बनाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### पंजाब एंड सिंध बैंक को बोर्ड से सरकार को शेयर जारी कर 4,600 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** पंजाब एंड सिंध बैंक (पीएसबी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके बोर्ड ने सरकार को तरजीही शेयर जारी कर 4,600 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी जुटाने की मंजूरी दे दी है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि यह निर्णय 17 फरवरी, 2022 को हुई बोर्ड बैठक में लिया गया। बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल ने इक्विटी शेयरों के तरजीही निर्गम

### जापान का व्यापार घाटा आठ साल के उच्चतम स्तर पर

**तोक्यो।** ऊर्जा आयात की लागत बढ़ने से जापान को पिछले महीने 2200 अरब एन (19 अरब अमेरिकी डॉलर) का व्यापार घाटा हुआ, जो आठ साल में सबसे अधिक है। जापान के वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनवरी 2022 में निर्यात पिछले साल के इसी महीने की तुलना मे 9.6 प्रतिशत बढ़ा। इस दौरान आयात में 39.6 प्रतिशत वृद्धि हुई, जिसके चलते लगातार छठे महीने व्यापार घाटा देखने को मिला। समीक्षाधीन अवधि में व्यापार घाटा, जनवरी 2014 के बाद सबसे अधिक है, जब व्यापार घाटा लगभग 2800 अरब एन था।

### अगले कुछ सप्ताह में इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक के नेटवर्क को दोगुना करेगी बजाज ऑटो

**मुंबई।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आने वाले सप्ताहों में अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक के नेटवर्क को दोगुना करने की योजना बना रही है। बजाज ऑटो ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसने 2022 के पहले छह सप्ताह कंपनी ने अपने प्रतिष्ठित स्कूटर ब्रांड चेतक के इलेक्ट्रिक संस्करण को अक्टूबर, 2019 में घरेलू बाजार में वापस उतारा था। कंपनी ने पहले 2021 में आठ शहरों में अपने ई-स्कूटर के लिए बुकिंग खोली थी। पुणे की कंपनी की तरफ से जारी बयान के अनुसार, ई-स्कूटर चेतक के लिए साल के पहले छह सप्ताह मे अतिरिक्त 12 शहरों में बुकिंग शुरू कर दी गई है। इनमें कोयंबटूर, मदुरै, कोच्चि, कोझिकोड, हुबली, विशाखापत्तनम, नासिक, वसई, सूरत, दिल्ली, मुंबई और मापूसा शामिल है। बजाज ऑटो ने कहा कि इसके साथ चेतक को अब देश के 20 शहरों में चार से आठ सप्ताह की प्रतीक्षा अवधि के साथ बुक किया जा सकता है।

### वीजा, अमेजन ने दुनियाभर में भुगतान समझौते की घोषणा की

**न्यूयॉर्क।** वीजा और अमेजन डॉटकॉम ने बृहस्पतिवार को एक समझौते की घोषणा की, जिसके तहत ग्राहक किसी अतिरिक्त शुल्क के बिना दुनियाभर में अमेजन की वेबसाइटों पर वीजा कार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे। वीजा ने एक ईमेल में कहा कि दोनों कंपनियां नए भुगतान अनुभव के लिए उत्पाद और प्रौद्योगिकी पहल पर सहयोग करने के लिए भी सहमत हुई है। गौरतलब है कि क्रेडिट कार्ड के शुल्क को लेकर अमेजन और वीजा के बीच तनाव रहा है। पिछले साल अमेजन ने ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर में उन ग्राहकों से 0.5 प्रतिशत अधिभार लेना शुरू किया, जो वीजा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते है। समझौते के तहत ब्रिटेन में अमेजन की अमेजन डॉटयूके साइट अब वीजा क्रेडिट कार्ड को अस्वीकार नही करेगी। ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर के ग्राहक अब वीजा का इस्तेमाल करने पर अधिभार का भुगतान नही करेंगे।

### रिलायंस ने इंडिया आईएनएक्स पर सात अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा बांड को सूचीबद्ध किया

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने इंडिया आईएनएक्स पर अपने सात अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के मौजूदा विदेशी मुद्रा बांडो को सूचीबद्ध किया है। यह इंडिया आईएनएक्स और गिफ्ट आईएफएससी पर किसी निजी संस्था द्वारा इस तरह की सबसे बड़ी सूचीबद्धता है। प्रतिभूतियों मे जनवरी, 2022 मे जुटाए गए चार अरब अमेरिकी डॉलर के जंबो बांड शामिल है। इंडिया आईएनएक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी बालासुब्रमण्यम ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि ताजा सूचीबद्धता से दूसरे कॉरपोरेट का भरोसा भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस समय एक्सचेंज पर कुल बांड सूचीबद्धता 41 अरब डॉलर से अधिक है। आरआईएल के संयुक्त मुख्य वित्त अधिकारी श्रीकांत वेंकटचारी ने कहा, हमें अपने मौजूदा विदेशी मुद्रा बांड को सूचीबद्ध करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें हाल ही में जारी किया गया चार अरब डॉलर का जंबो बांड शामिल है।

### इंडिया रेटिंग्स ने बैंकिंग क्षेत्र के परिदृश्य को स्थिर से सुधरता किया, 10 ऋण वृद्धि का अनुमान

**मुंबई।** इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडा-रा) ने 2022-23 के लिए भारत के बैंकिंग क्षेत्र के परिदृश्य को स्थिर से सुधरता कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि देश के बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर ऋण मांग और मजबूत बही-खाते की वजह से मदद मिली है। एजेंसी ने अगले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए बैंकों की ऋण वृद्धि 10 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा अगले वित्त वर्ष में बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अनुपात 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा, हमने अगले वित्त वर्ष के लिए बैंकिंग क्षेत्र के कुल परिदृश्य को स्थिर से सुधरता कर दिया है। इस समय बैंकिंग क्षेत्र की सेहत दशकों में सबसे अच्छी है। बैंकों की सेहत में सुधार 2019-20 में शुरू हुआ था और इसके 2022-23 में भी जारी रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण वित्तीय मानकों में सुधार जारी रहेगा। बैंकों के बही-खाते में सुधार और ऋण मांग बेहतर रहने से बैंकिंग क्षेत्र के परिदृश्य अच्छा हुआ है। इंडिया रेटिंग्स का मानना है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि के अवसर तलाशेंगे और उन्हे कर्ज की वसूली से लाभ होगा। उनका मुनाफा पिछले छह साल में सबसे ऊंचा है।

### दिसंबर माह में भारत के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 1.28 करोड़ घटी : ट्राई

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत में मोबाइल ग्राहकों की संख्या मे दिसंबर 2021 के दौरान मासिक आधार पर 1.28 करोड़ की गिरावट हुई। समीक्षाधीन अवधि मे रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को ग्राहकों की कमी का सामना करना पड़ा, जबकि भारती एयरटेल ग्राहकों को बढ़ाने में सफल रही। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक रिलायंस जियो ने लगभग 1.29 करोड़ वायरलेस ग्राहकों को खो दिया, और उसके ग्राहकों की संख्या घटकर 41.57 करोड़ रह गई। वोडाफोन आइडिया ने दिसंबर 2021 में 16.14 लाख मोबाइल ग्राहक खो दिए और उसके पास 26.55 करोड़ ग्राहक बचे। इसके विपरीत, एयरटेल के पास 4.75 लाख ग्राहक बढ़ गए, जिससे उसके वायरलेस उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़कर 35.57 करोड़ हो गई।

# भारत को आठ तेल, गैस ब्लॉकों के लिए 10 बोलियां मिलीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में** मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) के अंतर्गत ताजा दौर की बोली में पेश आठ तेल एवं गैस ब्लॉकों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तीन कंपनियों समेत कुल चार ने 10 बोलियां लगाई हैं।

हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के अनुसार, आठ ब्लॉक में से छह के लिए एक-एक बोली मिली है। जबकि अन्य क्षेत्रों के लिए दो बोलीदाता हैं। डीजीएच ने ओएएलपी के सातवें दौर में प्राप्त बोलियों की जानकारी देते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने आठ ब्लॉक में से पांच के लिए बोलियां लगाईं। वहीं ऑयल इंडिया दो ब्लॉक के लिए एकमात्र बोलीदाता है। गेल राजस्थान के एक ब्लॉक के लिए अकेली बोलीदाता है। ओएनजीसी तीन ब्लॉक में एकमात्र बोलीदाता है। जबकि दो अन्य में उसकी सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लि. के साथ प्रतिस्पर्धा है। ओएएलपी के सातवें दौर में पेश किए गए आठ ब्लॉक में छह अवसादी बेसिन और पांच राज्यों में फैले हैं। इन ब्लॉकों का कुल क्षेत्र 15,766 वर्ग किलोमीटर है। पांच ब्लॉक स्थलीय क्षेत्र में, दो छिछले जल क्षेत्र तथा एक ब्लॉक गहरे जल क्षेत्र में है। इससे पिछली बोली यानी ओएएलपी के छठे दौर में भी केवल तीन बोलीदाता थे। इनमें से दो ओएनजीसी और ओआईएल थे। तीसरी कंपनी सन पेट्रोकेमिकल्स थी। पिछले दौर में 21 ब्लॉक या क्षेत्र की पेशकश की गई थी। इसमें ओएनजीसी 16 के लिए एकमात्र बोलीदाता थी। सरकार ने अबतक ओएएलपी के छठे दौर के सफल बोलीदाताओं की घोषणा नहीं की है। सरकार यह उम्मीद कर रही है कि और क्षेत्रों को उत्खनन और उत्पादन के दायरे में लाने से देश में तेल एवं गैस उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इससे 90 अरब डॉलर के तेल आयात बिल में कमी लाने में मदद मिलेगी।

## ● इसमें ओएनजीसी 16 के लिए एकमात्र बोलीदाता थी

# महामारी से निपटने को भविष्य की तैयारियों के लिए और कोष उपलब्ध कराएं बहुपक्षीय एजेंसियां : सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों से खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों को भविष्य में महामारी से निपटने के लिए तैयार करने को लेकर वित्तपोषण बढ़ाने का आग्रह किया।

इंडोनेशिया के बाली में जी-20 बैठक में ऑनलाइन परिचर्चा में भाग लेते हुए सीतारमण ने कहा कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं है और उन्हें चुनौतियों से पार पाने को लेकर वैश्विक समर्थन की जरूरत है।उन्होंने वैश्विक सार्वजनिक सामानों के लिए वित्त जुटाने के बारे में विचार साझा करते हुए कहा, सुबह से और यहां तक कि इस पैनल में भी चर्चा के साथ यह अब और अधिक साफ है कि सुरक्षित भविष्य के लिए निवेश अभी होना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि उदाहरण के लिए भारत ने अकेले स्वास्थ्य संबंधी ढांचागत सुविधाओं के लिए 29 अरब डॉलर आवंटित किए। इसमें गरीब और कम आय वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी गई है।उन्होंने कहा, बहुपक्षीय विकास बैंकों से अधिक वित्तपोषण की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष जो रेजिलिएंट एंड सस्टेनेबिलिटी ट्रस्ट बना रहा है, उसे महामारी को लेकर तैयारियों को ध्यान में रखना चाहिए। प्रस्तावित 50 अरब डॉलर के कोष वाले आरएसटी का मकसद देशों की सहायता के लिए सस्ता और दीर्घकालीन वित्त सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि वे संरचनात्मक चुनौतियों से निपट सके। उन्होंने कहा कि जी-20 की समिति ने कोष जुटाने को एक रूपरेखा देने में सराहनीय काम किया है। जो अंतर है, उसे आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) सहित अन्य साधनों से पूरा किया जा सकता है। सीतारमण ने यह भी कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को अपनी क्षमता का विस्तार करने और वैश्विक स्तर पर संसाधन जुटाने की जरूरत है। साथ ही महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर करना होगा।

# बैंक, आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स टूटा

**भाषा।** मुंबई

**उतार-चढ़ाव** भरे कारोबार में बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 105 अंक टूटकर बंद हुआ। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में 700 अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव आया। अंत में यह 104.67 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 57,892 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 17.60 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,304.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक दो प्रतिशत गिरकर सबसे अधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट (1.9 प्रतिशत) और एक्सिस बैंक (1.79 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (1.27 प्रतिशत), नेस्ले (0.85 प्रतिशत) और टीसीएस में 0.76 प्रतिशत की गिरावट रही। इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, कोटक बैंक और भारती एयरटेल भी नुकसान में रहे।







सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 नुकसान में जबकि 11 लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली एचडीएफसी लि. और आरआईएल में तेजी से गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। एचडीएफसी का शेयर 1.71 प्रतिशत जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा, एचयूएल (0.85 प्रतिशत) और पावर ग्रिड (0.43 प्रतिशत) में भी तेजी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध उप-प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा, पूरे कारोबार के दौरान पिछले बंद स्तर के करीब बाजार में उतार-चढ़ाव होता रहा। तेजड़ियों ने बाजार को ऊपर ले जाने के लिए कई प्रयास किए लेकिन वे सफल नहीं हुए और बाजार नुकसान में रहा। उन्होंने कहा कि राज्यों के चुनाव और ब्याज दर में वृद्धि की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, रूस-यूक्रेन को लेकर अनिश्चतता का असर घरेलू बाजार पर दिखा। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में तेजी से एशिया के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त में रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीति निर्माताओं ने संकेत दिया कि वे मुद्रास्फीति को लेकर निर्णायक कदम उठाने को तैयार हैं लेकिन उन्होंने नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्ट लक्ष्य नहीं रखा है। इस बीच, वैश्विक कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.86 प्रतिशत घटकर 93.99 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को l,890.96 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# छोटे शहरों, गांवों के निवेशक 2021 में अपने निवेश पर मिले रिटर्न से संतुष्ट: सर्वे

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में छोटे** शहरों और गांवों में रहने वाले निवेशकों ने 2021 में अपने निवेश पर मिले रिटर्न या प्रतिफल को लेकर संतोष जताया है। निवेश की सुविधा देने वाला मंच ग्रो के एक सर्वे में यह कहा गया है।

ग्रो की विज्ञप्ति के अनुसार, यह सर्वे छोटे शहरों एवं गांवों समेत 357 क्षेत्रों में विभिन्न लोगों से बातचीत पर आधारित है। सर्वे में शामिल 56.6 प्रतिशत निवेशक बालेश्वर, मेदिनीपुर, बलिया, देवरिया, सीकर, नाडिया, सिंहभूम जैसे शहरों (टियर-4) से हैं।

इसमें कहा गया है, ...ज्यादातर छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के भारतीय निवेशकों ने 2021 में अपने निवेश प्रदर्शन पर संतोष जताया। लगभग 44 प्रतिशत प्रतिभागी 2021 में निवेश पर मिले रिटर्न को लेकर संतुष्ट हैं। सर्वे के अनुसार, 26 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि 2021 में उन्हें नुकसान हुआ जबकि करीब 30 प्रतिशत ने कहा कि उनके निवेश पर रिटर्न उम्मीद से ज्यादा था।इसमें कहा गया है, निवेश पर बेहतर रिटर्न से उत्साहित छोटे शहरों, कस्बों और गांवों के निवेशक अपनी बचत का बड़ा हिस्सा वित्तीय संपत्तियों में लगाने को इच्छुक हैं। ग्रो के सह-संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) हर्ष जैन ने कहा कि निवेश को लेकर डिजिटल मंच, मजबूत नियामक और डिजिटलीकरण पर सरकार के जोर से पूरे देश में हजारों खुदरा निवेशकों के लिए निवेश का रास्ता सुगम हुआ है। सर्वे में कहा गया है कि 2022 में देशभर में निवेशक निवेश के विभिन्न विकल्पों को टटोलने को लेकर गंभीर है। ग्रो में सिकोया कैपिटल इंडिया, वाई कॉम्बिनेटर, रिबिट कैपिटल, टाइगर ग्लोबल और आइकोनिक ग्रोथ जैसे निवेशकों का निवेश है।

# पेज एक का शेष

## भारत-यूक्रेन...

तहत सीमित उड़ान हैं और उड़ान एवं यात्रियों की संख्या से संबंधित सीमाओं एवं रोक को हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानवाहकों को भारत और यूक्रेन के बीच उड़ान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यूक्रेन को लेकर उत्पन्न स्थिति पर भारत के रुख के बारे में एक सवाल के जवाव में उन्होंने कहा कि भारत तनाव को तत्काल कम करने और मुद्दों के समाधान के लिए राजनयिक बातचीत का समर्थक रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, मिंस्क समझौते को लागू करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का स्वागत करता है।

## कुएं में...

किया है। उन्होंने ट्वीट में कहा, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में हुआ हादसा हृदयविदारक है। इसमें जिन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन हर संभव मदद में जुटा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी इस घटना पर दुख जताते हुए मांग की कि सरकार यथासंभव पीड़ित परिवारों की मदद करे।

## सिर्फ नेहरू...

कि भाजपा सत्ता अभी भी लोगों की समस्याओं के लिए पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू को दोषी ठहरा रही है। किसानों के आंदोलन, विदेश नीति, मूल्य वृद्धि और बेरोजगारी सहित कई मुद्दों पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रवाद 'नकली', 'फूट डालो और राज करो' की ब्रिटिश नीति पर आधारित था। पूर्वी के पीएम के बयान पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि मेरे दृष्टिकोण से, यह नीतिगत नहीं बल्कि विशुद्ध एक राजनीतिक संदेश है। इसलिए मुझे लगता है कि यहां अपनी स्थिति को देखते हुए मैं इसमें नहीं पड़ना चाहता हूं। चीन के संबंध में सारे तथ्य पहले से स्पष्ट है जिसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हम चीन के साथ बातचीत की प्रक्रियाओं परचर्चा कर रहे हैं और हालात कैसे पैदा हुए जिसके बारे में हमने बार बार जानकारी दी है। ऐसे में सिंह के बयान पर ध्यान नहीं दिया जाए। मोदी सरकार के अर्थव्यवस्था की आलोचना पर मनमोहन सिंह पर पलटवार करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान भारत को कमजोर बनाने, अत्यधिक मुद्रास्फीति और भीषण महंगाई के लिए याद किया जाता है। सीतारमण ने कहा कि मैं आपका (सिंह) बहुत सम्मान करती हूं। मुझे आपसे इसकी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या वह अचानक पंजाब विधानसभा चुनावों के कारण अर्थव्यवस्था के बारे में बोल रहे हैं।

## एनएसई की...

प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रामकृष्ण और अन्य पर सुब्रमण्यम की मुख्य रणनीतिक सलाहकार के तौर पर नियुक्ति और फिर समूह परिचालन अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक के सलाहकार के तौर पर उनकी पुन: नियुक्ति में नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। सेबी ने रामकृष्ण पर तीन करोड़ रुपए, एनएसई और उसके पूर्व प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि नारायण और सुब्रमण्यम पर दो-दो करोड़ रुपए तथा मुख्य नियामक अधिकारी वी आर नरसिम्हन पर छह लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। सेबी ने अपने आदेश में कहा था कि रामकृष्ण ने योगी के साथ विभागीय खुफिया जानकारियां साझा की थीं, जिनमें एनएसई की आर्थिक और कारोबारी योजनाएं शामिल हैं। रामकृष्ण अप्रैल 2013 से दिसंबर 2016 के बीच एनएसई की एमडी एवं सीईओ थीं। रामकृष्ण और सुब्रमण्यम को तीन साल की अवधि के लिए किसी भी बाजार ढांचागत संस्थान या सेबी के साथ पंजीकृत किसी भी मध्यस्थ के साथ जुड़ने से निषिद्ध कर दिया गया हैं। जबकि नारायण के लिए यह पाबंदी दो साल के लिए है। सेबी ने एनएसई को रामकृष्ण के अतिरिक्त अवकाश के बदले भुगतान किए गए 1.54 करोड़ रुपए और 2.83 करोड़ रुपए के बोनस (डेफर्ड बोनस) को जब्त करने का भी निर्देश दिया था। इसके साथ ही नियामक ने एनएसई को कोई भी नया उत्पाद पेश करने से छह महीने के लिए रोक दिया है। इस खुलासे के बाद कांग्रेस ने सरकार से एनएसई के कामकाज के तरीके पर श्वेत पत्र लाने की मांग की थी। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने दो दिन पहले संवाददाताओं से कहा था, वित्त मंत्रालय और प्रधानमंत्री को एनएसई के कामकाज पर और अदृश्य बाबा की स्तब्ध कर देने वाली गतिविधियों पर एक श्वेतपत्र जारी करना चाहिए।

## उत्तर भारतीयों...

उनका जन्म उप्र के वाराणसी में हुआ था और आप उत्तर प्रदेश के भैया को यहां घुसने नहीं देंगे, क्य आप रविदासिया (गुरु रविदास के अनुयाई) को भगा देंगे? क्या आप संत रविदास का नाम भी मिटा देंगे? आप किस तरह की भाषा बोल रहे हैं? मोदी ने यह भी सवाल किया कि (सिखों के 10वें गुरु) गुरु गोविंद सिंह का जन्म कहां हुआ था? उन्होंने कहा, उनका जन्म बिहार के पटना साहिब में हुआ था और आप कहते हैं कि आप बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे। तब आप गुरु गोविंद सिंह जी का अपमान करेंगे। मोदी ने कहा कि पंजाब कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर राज्य को अस्थिरता की ओर ले जाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने आप पर प्रहार करते हुए इसे अपराध में कांग्रेस की साझेदार जैसा बताया और उस पर (आप पर) झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप सरकार में एक भी सिख मंत्री नहीं है। मोदी ने मादक पदार्थ की समस्या खत्म करने के आप के दावे को लेकर भी उसकी आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी ने दिल्ली में स्कूल और कॉलेज के पास शराब के ठेके खोल दिए हैं। उन्होंने कहा, किसी व्यक्ति की साजिश से पंजाब और भारत नहीं टूटेगा। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने ही ए सिफारिशें लागू की थीं। मोदी ने कहा, इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने किसानों को हमेशा धोखा दिया है। उन्होंने कहा, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को लागू करने की कई वर्षों से मांग की जा रही थी, लेकिन उन्होंने फाइल दबाए रखी। कांग्रेस सरकारों ने केवल झूठ बोला। मोदी ने कहा कि जब केंद्र में उनकी सरकार बनीं, तो उसने आयोग की सिफारिशों को लागू किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में अनाज की रिकॉर्ड खरीदारी हुई।

# नए संपत्ति गुणवत्ता नियम से आवास वित्त कंपनियों का फंसा कर्ज 0.7% बढ़ा: रिपोर्ट

**भाषा।** मुंबई

**पिछले** साल नवंबर में संपत्ति की गुणवत्ता को लेकर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और आवास वित्त कंपनियों (एसएफसी) को बैंकों के समरूप लाने के बाद से एचएफसी का सकल फंसा कर्ज 0.70 प्रतिशत बढ़ा है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। हालांकि, इसमें फंसे ऋण के इस तिमाही के अंत तक स्थिर होने की उम्मीद जताई गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 12 नवंबर, 2021 को कर्ज देने वाले सभी वित्तीय संस्थानों के लिए संपत्ति गुणवत्ता की जानकारी देने को लेकर कड़े मानदंड लागू किए। इसमें एनबीएफसी, आवास वित्त कंपनियों को वाणिज्यिक बैंकों के समरूप रखा गया था। हालांकि, नए नियम सभी के लिए 31 दिसंबर, 2021 से लागू होने थे, आरबीआई ने इसी सप्ताह एनबीएफसी और आवास वित्त कंपनियों के लिए समयसीमा बढ़ाकर 30 सितंबर, 2022 कर दी। क्रिसिल की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सस्ते मकान के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में 1.40 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं अन्य आवास वित्त कंपनियों का सकल एनपीए 31 दिसंबरर, 2021 को बढ़कर 3.3 प्रतिशत हो गया जो सितंबर, 2021 में तीन प्रतिशत था। इसका मुख्य कारण एनपीए की पहचान और आकलन को लेकर 12 नवंबर, 2021 को जारी परिपत्र है। इसमें कहा गया है कि अगर ऐसा नहीं होता, दिसंबर में एनपीए 2.6 प्रतिशत होता। इसका मतलब है कि नए नियमों के कारण कुल संपत्ति गुणवत्ता पर 0.70 प्रतिशत का असर पड़ा है। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में 35 आवास वित्त कंपनियों का अध्ययन किया। इनके पास उद्योग की 95 प्रतिशत प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां हैं। रिजर्व बैंक ने 15 फरवरी, 2022 को एनपीए से जुड़े संशोधित नियमों को लागू करने की समयसीमा 31 दिसंबर, 2021 से बढ़ाकर 30 सितंबर, 2022 कर दी। हालांकि, इसका ज्यादा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि ज्यादातर आवास वित्त कंपनियां पहले ही आकलन के नए तरीके को अपना चुकी हैं और चालू वित्त वर्ष के अंत तक अपने सकल एनपीए अनुपात में सुधार लाने और उसे तीन प्रतिशत के स्तर पर लाने की स्थिति में हैं।

### बायजू 200 शहरों में शिक्षण केंद्र खोलने के लिए 1,500 करोड़ का निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू देश के 200 शहरों में 500 शिक्षण केंद्र (ट्यूशन सेंटर) स्थापित करने के लिए 20 करोड़ डॉलर (करीब l,500 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बायजू ने इससे पहले एक पायलट परियोजना के तहत 80 शिक्षण केंद्र शुरू किए थे। इन केंद्रों मे कंपनी कक्षा चार से 10वीं तक के बच्चों को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रही है। बायजू के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) मृणाल मोहित ने एक बयान मे कहा, बायजू के शिक्षण केंद्र की शुरुआत कंपनी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। अगले 12 से 18 महीनों मे हम पूरे भारत में इन केंद्रों को खोलने के लिए 20 करोड़ डॉलर का निवेश करेंगे।

# यूक्रेन पर हमले की तैयारी कर रहा है रूस

भाषा। कीव



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस बात के कई संकेत हैं कि रूस अगले कुछ दिनों में यूक्रेन पर हमला कर सकता है। व्हाइट हाउस में बाइडन ने कहा कि यूक्रेन से लगी सीमा से रूसी सेना की वापसी के दावे पर अमेरिका को कोई संकेत नहीं नजर आया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास विश्वास करने का कारण है कि रूस बनावटी बातें कर रहा है ताकि वह अंदर जाने का बहाना तलाश सके। बाइडन ने वाशिंगटन में संवाददाताओं से कहा, हमारे पास ऐसे संकेत है कि वे यूक्रेन में घुसने, यूक्रेन पर हमला करने के लिए तैयार हैं। यूक्रेन पर रूस के हमलों की आशंका के बीच बाइडन ने यह टिप्पणी की है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण करने की आशंका पश्चिमी देशों में बढ़ने के साथ-साथ बृहस्पतिवार को उस सीमा रेखा पर तनाव भी बढ़ गया, जो यूक्रेन के पूर्व में यूक्रेनी सैनिकों को रूस समर्थित अलगावादियों से अलग करती है। दरअसल, दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर भारी गोलाबारी के आरोप लगाए हैं। अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों ने कहा है कि उन्होंने अभी तक रूस के वादे के मुताबिक सेना की वापसी का कोई संकेत नहीं देखा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने ब्रसेल्स में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मुख्यालय में कहा, हमने उन सैनिकों में से कुछ को उस सीमा के करीब आते देखा है। हमने देखा है कि वे अधिक लड़ाकू और सहायक विमानों में उड़ान भरते हैं। उन्होंने कहा, हमने काला सागर में उन्हें अपनी तैयारियां तेज करते हुए देखा है। आप बिना किसी कारण यह सब नहीं करते हैं और आप सब कुछ समेटकर घर लौटते हुए भी ऐसा नहीं करते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रूस ने अमेरिकी राजदूत जॉन सुलिवन को मास्को में अपना जवाब प्रस्तुत किया है। हफ्ते की शुरूआत में रूस से तनाव घटाने वाले कुछ संकेत मिलने के बाद स्थिति फिर से विपरीत दिशा में जाती प्रतीत हो रही है। पश्चिमी देशों को यूक्रेन की सीमाओं के पास 150,000 से अधिक रूसी सैनिकों के जमावड़ा होने की आशंका है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने ब्रसेल्स में पश्चिमी देशों के गठबंधन की एक बैठक से पहले कहा, हमने बयानों के कुछ उलट देखा है। हमने पिछले 48 घंटे में सैनिकों की संख्या में 7,000 तक की वृद्धि देखी है।

## रूस ने विश्व को गुमराह किया : नाटो

**कीव।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देशों ने रूस पर आरोप लगाया है कि उसने कुछ सैनिकों के सैन्य अड्डों पर लौटने की बात कह कर विश्व को गुमराह किया, जबकि उसने यूक्रेन से लगी अपनी सीमा के पास करीब 7,000 सैनिक और बढ़ा दिए। गठबंधन ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि रूसी सैनिकों के जमावड़े (यूक्रेन से लगी सीमा के नजदीक) ने सिर्फ उसके संकल्प को मजबूत किया है। हफ्ते की शुरूआत में तनाव घटाने वाले रूस से कुछ संकेत मिलने के बाद स्थिति फिर से विपरित दिशा में जाती प्रतीत हो रही है। नाटो प्रमुख ने कूटनीतिक समाधान के लिए प्रयास जारी रखने की रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की पेशकश का स्वागत किया है लेकिन उन्होंने और अन्य ने चेतावनी दी है कि अमेरिका नीत गठबंधन ने सैनिकों की वह वापसी अब तक नहीं देखी है जिसकी मास्को ने घोषणा की थी। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने ब्रसेल्स में पश्चिमी देशों के गठबंधन की एक बैठक से पहले कहा, हमने बयानों के कुछ उलट देखा है। हमने पिछले 48 घंटे में सैनिकों की संख्या में 7,000 तक की वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा, हम काफी गंभीर हैं और खतरे का सामना करने जा रहे हैं, जो अभी पैदा किया जा रहा है। उनका यह बयान बुधवार को अमेरिकी प्रशासन के अधिकारी के बयान के समान है।



अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जह्य ऑस्टिन, जॉर्जिया के रक्षा मंत्री जुआनशेर बर्चुलडज़े के साथ बात करते हुए वहीं यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव उत्तरी अटलांटिक परिषद की बैठक के दौरान रिमोट स्क्रीन के माध्यम से जुड़े हैं

### दक्षिण पश्चिम जर्मनी में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**बर्लिन।** दक्षिण पश्चिम जर्मनी में बुधवार शाम एक व्यक्ति ने एक महिला को कथित रूप से गोली मारने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने स्टटगार्ट के दक्षिण-पूर्व में किर्चहेम अनटर टेक में हुई इस घटना के बारे मे और कोई जानकारी नही दी और न ही यह बताया कि यह गोलीबारी किस मकसद से की गई। पुलिस ने ट्वीट किया कि आमजन को इससे कोई खतरा नही है। क्षेत्रीय प्रसारक एसडब्ल्यूआर ने बताया कि गोलीबारी एक शॉपिग सेंटर मे हुई।

### अमेरिका में विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर ट्रैक्टर ट्रेलर पर गिरा

**लेक्सिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका मे नॉर्थ कैरोलाइना के राजमार्ग पर बुधवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर एक ट्रैक्टर-ट्रेलर पर जा गिरा, जिससे विमान चालक की मौत हो गई। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि दो इंजन वाला विमान बीचक्राफ्ट बैरन शाम पांच बजकर 35 मिनट पर लेक्सिंगटन मे डैविडसन काउंटी हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त होकर इंटरस्टेट 85 साउथ राजमार्ग पर ट्रैक्टर ट्रेलर से जा टकराया। शुरुआती रिपोर्ट मे कहा गया है कि विमान हवाई अड्डे से उड़ान भर रहा था, तभी वह नीचे गिर गया और ट्रैक्टर-ट्रेलर से जा टकराया। इस हादसे मे विमान चालक की मौत हो गई। उसकी पहचान अभी उजागर नही की गई है। एफएए ने कहा कि वह राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के साथ मिलकर हादसे की जांच करेगा। समाचार संस्थानो की रिपोर्ट मे बताया गया है कि ट्रैक्टर ट्रेलर के चालक को मामूली चोटे आई है और उसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

### आलोचना के बीच जापान ने सीमा पर कोविड प्रतिबंधों में ढील दी

**तोक्यो।** जापान कोविड-19 के कारण लगाए गए सख्त सीमा प्रतिबंधों मे ढील देगा और देश मे आने वाले लोगो की दैनिक संख्या बढ़ाएगा। साथ ही उनकी पृथक्वास जरूरतो में भी राहत देगा। इससे पहले जापान सरकार की आलोचना हो रही थी कि उसकी मौजूदा नीति अवैज्ञानिक और लोकविरोधी है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि एक मार्च से प्रवेश करने वाले लोगो की मौजूदा दैनिक संख्या 3,500 से बढ़ाकर 5,000 कर दी जाएगी। यह फैसला विदेशी विद्वानो, आदान-प्रदान के तहत आने वाले विद्यार्थियो और कारोबारियो के लिए अच्छी खबर है जो अब तक जापान नही आ पा रहे थे। लेकिन इसमे पर्यटको को शामिल नही किया गया है। जापान मे प्रवेश करने वाले लोगों के लिए पृथक्वास की अवधि घटाकर तीन दिन की जा रही है जो पहले सात दिन थी।

### कोविड–19 से बढ़ सकता है मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं का खतरा: अध्ययन

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे हुए एक अध्ययन मे दावा किया गया है कि कोरोना वायरस से संक्रमित होने के एक साल बाद तक घबराहट, अवसाद और सोने मे दिक्कत जैसी मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दि बीएमजे मे बुधवार को प्रकाशित अध्ययन मे कहा गया कि कोविड-19 से पीड़ित होकर ठीक हो चुके लोगों को मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक दुनिया में 40 करोड़ 30 लाख और अमेरिका मे सात करोड़ 70 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके है। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक, वाशिंगटन विश्वविद्यालय के जियाद अल अली ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, कोविड-19 संक्रमण ने दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के।,48,00,000 नए मामले पैदा किए और महामारी के कारण अमेरिका मे ऐसे 28 लाख से ज्यादा मामले सामने आए।

## रूस ने यूक्रेन की सीमा के निकट 7,000 से अधिक अतिरिक्त बलों को तैनात किया

भाषा। कीव



रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास के दौरान प्रशिक्षण मैदान पर निरीक्षण करते हुए अधिकारी

**यूक्रेन ने रूस** के बढ़ते दबाव के बीच बुधवार को झंडा लहराकर राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन किया, जबकि अमेरिका ने कहा कि रूस ने यूक्रेन की सीमा से बलों की वापसी की अपनी घोषणा के विपरीत क्षेत्र में कम से कम 7,000 और बलों को तैनात किया है। यूक्रेन पर रूस के हमले की आशंका अभी तक हकीकत में नहीं बदली है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि इसकी आशंका अब भी उतनी ही अधिक बनी हुई है। पश्चिमी देशों के अनुमान के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पूर्व, उत्तर और दक्षिण में।,50,000 से अधिक बलों को तैनात किया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया है कि वह संकट का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने वादा किया है कि अमेरिका भी संकट के राजनयिक समाधान का हर मौका देगा, लेकिन और बलों की तैनाती की खबर से मॉस्को के इरादे को लेकर संशय पैदा हो गया है। इससे पहले, रूस ने बुधवार को कहा था कि वह और अधिक सैनिकों तथा हथियारों को सैन्य अड्डों पर वापस ला रहा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वीडियो जारी किया था, जिसमें यह देखा जा सकता है कि बख्तरबंद वाहनों से लदी हुई एक मालगाड़ी क्रीमिया, काला सागर प्रायद्वीप से दूर एक पुल को पार कर रही है। रूस ने इस प्रायद्वीप को 2014 में अपने भू-भाग में मिला लिया था। उसने घोषणा की कि और टैंक इकाइयों को ट्रेन में रखा जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण अभ्यास के बाद उनके स्थाई अड्डे को वापस भेजा जा सके।

## फ्रांस और यूरोपीय संघ माली से सैनिकों को वापस बुलाएंगे

भाषा। पेरिस

● क्षेत्र में मौजूदगी बनाए रखेंगे

**फ्रांस के राष्ट्रपति** एमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस माली से अपने सैनिकों को वापस बुला लेगा लेकिन इसके पड़ोसी पश्चिमी अफ्रीकी देशों में सैन्य उपस्थिति बनाए रखेगा। पेरिस में बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान इस कदम की घोषणा करते हुए मैक्रों ने कहा, हम सैन्य रूप से भागीदारी बनाए हुए नहीं रख सकते। माली में संक्रमणकालीन शासन के अधिकारियों के साथ हम रणनीति और लक्ष्यों को साझा नहीं करते हैं। साहेल क्षेत्र में फ्रांस के लगभग 4,300 सैनिक हैं। इनमें माली में 2,400 सैनिक भी हैं। बरखाने फोर्स कहे जाने वाले सुरक्षा बल के सैनिक चाड, नाइजर, बुर्किना फासो और मॉरिटानिया में भी हैं। यूरोपीय नेताओं ने एक साथ घोषणा की कि यूरोपीय नेतृत्व वाले सैन्य कार्य बल ताकुबा के सैनिक भी माली से हट जाएंगे। ताकुबा कार्यबल में फ्रांस समेत 10 से ज्यादा यूरोपीय देशों के कई सौ सैनिक हैं। पश्चिम अफ्रीकी देश माली की संक्रमणकालीन सरकार द्वारा भाड़े के रूसी सैनिकों को अपने क्षेत्र में तैनात करने की अनुमति देने के बाद माली, उसके अफ्रीकी पड़ोसियों और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच तनाव बढ़ गया है। फ्रांस की सेना 2013 से माली में सक्रिय है, जहां उसने इस्लामी चरमपंथियों को सत्ता से खदेड़ने के लिए हस्तक्षेप किया। हालांकि, विद्रोही लड़ाके फिर से इकट्ठा हो गए और माली की सेना और उसके सहयोगियों पर हमला करना शुरू कर दिया। मैक्रों ने कहा कि माली में नागरिकों के लिए सहयोग जारी रहेगा, लेकिन उन्होंने भाड़े के रूसी सैनिकों को नियुक्त करने के लिए जुंटा को दोषी ठहराया। मैक्रों ने कहा कि सहयोगी देशों के गठबंधन के सुरक्षा बल अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट की कार्वाई का मुकाबला करने के लिए साहेल और गिनी की खाड़ी में मौजूद रहेंगे।

## थाइलैंड ने राजधानी का नाम बदलने की अटकलों को खारिज किया

भाषा। बैंकाक

**रोमन वर्णमाला** का उपयोग करने वाले अंग्रेजी भाषी और अन्य लोगों को थाइलैंड की राजधानी को उसके स्थानीय नाम क्रुंग थेप महा नाखोन से बुलाना शुरू नहीं करना होगा और अधिक परिचित बैंकाक का नाम भी वजूद में रहेगा। अकादमिक और भाषाई मानकों के लिए जिम्मेदार थाइलैंड की रॉयल सोसाइटी ने यह कहा है। आधिकारिक निर्देश में विराम चिह्नों में एक परिवर्तन के बाद अटकलें शुरू हो गई कि शहर का नाम बदला जा रहा है जबकि ऐसा नहीं है। इसकी शुरुआत तब हुई जब मंगलवार को कैबिनेट ने रॉयल सोसाइटी के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी कि किस तरह से राजधानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रुंग थेप महा नाखोन, बैंकाक से क्रुंग थेप महा नाखोन (बैंकाक) के रूप में संदर्भित किया जाएगा। राजधानी को पहले से ही आधिकारिक तौर पर थाई भाषा में क्रुंग थेप महा नाखोन के रूप में जाना जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ है देवदूतों का महान शहर और देश के लोग बातचीत में इसे केवल क्रुंग थेप बोलते हैं।

### अमेरिका के एफएए प्रमुख ने की इस्तीफा देने की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के प्रमुख ने बुधवार को घोषणा की कि वह 31 मार्च को पद से इस्तीफा दे देंगे। बोइंग की निगरानी और 5जी के कारण विमान उपकरणों में कथित हस्तक्षेप से जुड़े सवालों से निपटने के तरीके को लेकर हाल में एफएए को आलोचना का शिकार होना पड़ा है।

**Public Notice**

This is to inform general public that Smt. Sudha Kimothi has acquired the Plot bearing no. 16, land area measuring 205 Sq. Yds., out of Khasra no. 9/2/2, in Block C, Situated at Naya Bazar, Najafgarh, New Delhi- 43on POA basis vide notarized GPA and ATS dated 31.12.1986, executed by Mr. Jagdish Chander, and Now,Smt. Sudha Kimothi is intending to sell the above said property to Mr. Rajeev Kumar and Mr. Pradeep Bajaj vide Sale Deed. Further Mr. Rajeev Kumar and Mr. Pradeep Bajaj are mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd.& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

## आसियान के विदेश मंत्रियों ने बैठक की

भाषा। नोम पेन्ह

**दक्षिण पूर्व** एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को सैन्य शासित म्यांमा के अपने समकक्ष के बिना वार्षिक बैठक की। म्यांमा के विदेश मंत्री के बैठक में भाग लेने पर रोक लगाई गई लेकिन उन्हें पर्यवेक्षक के रूप में डिजिटल तरीके से भागीदारी की अनुमति दी गई। इस बार कंबोडिया की अध्यक्षता में 10 दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठक नोम पेन्ह में हुई। आसियान म्यांमा में शांति बहाल करने में मदद करने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन पिछले साल फरवरी में तख्तापलट कर सत्ता में आए सैन्य शासक इसके आग्रह को नजरअंदाज कर रहे हैं। बैठक में म्यांमा के विदेश मंत्री वुन्ना मौंग ल्विन को आमंत्रित नहीं करने का फैसला यह दर्शाता है कि पांच सूत्री समझौते को लागू करने पर म्यांमा ने सहयोग नहीं किया है। इसके तहत म्यांमा के नेताओं को आसियान के दूत को सत्ता से बेदखल की गईं आंग सान सू ची से मुलाकात की अनुमति देने और संकट के समाधान के लिए वार्ता तेज करने के प्रयास भी करने थे। तख्तापलट के बाद विरोध प्रदर्शनों को कुचलने के लिए म्यांमा की सेना ने कठोर कार्वाई की। कई जगहों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ घातक हथियार इस्तेमाल किए गए।

### ब्राजील में मिट्टी धंसने से कम से कम 94 लोगों की मौत, बड़ी संख्या में लोग लापता

**पेट्रोपोलिस ( ब्राजील )।** ब्राजील की राजधानी रियो डि जिनेरियो के प्रशासन ने पेट्रोपोलिस शहर में बाढ़ और मिट्टी धंसने की घटनाओं में 94 लोगों की मौत की पुष्टि की है, वहीं अब भी बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। शहर के मेयर रूबेंस बोमटेंपो ने लापता लोगों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हमें अभी सही संख्या की जानकारी नहीं है। यह बेहद मुश्किल भरा दिन था। मंगलवार की इन घटनाओं के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी परिजन मलबे में अपने लोगों को तलाश रहे हैं। राजधानी के सरकारी अभियोजन कार्यालय ने बुधवार को एक बयान जारी करके कहा कि उसने लापता 35 लोगों के नामों की सूची तैयार की है। लोगों ने तबाही के मंजर के वीडियो बना कर उन्हें सोशल मीडिया में साझा किया है।

## अमेरिका ने उम्मीद जताई, यूक्रेन पर रूसी हमले की सूरत में भारत उसका साथ देगा

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने रूस के साथ सैन्य सहयोग का संकल्प लिया

**काराकस।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने रूस के साथ शक्तिशाली सैन्य सहयोग का संकल्प लिया है। अधिकारियों के बीच बुधवार को हुई उच्च-स्तरीय चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। इससे एक दिन पहले अमेरिका तथा कई अन्य देशों ने वेनेजुएला में लंबे समय से चले आ रहे संकट का समाधान निकालने के लिए बातचीत की थी। मादुरो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने शक्तिशाली सैन्य सहयोग की समीक्षा की है और शांति, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हमने रूस के साथ शक्तिशाली सैन्य सहयोग का रास्ता खोला है।

उन्होंने कहा, हम दुनिया की एक सैन्य ताकत रूस के साथ मिलकर तैयारी, प्रशिक्षण और सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। इस बयान से एक महीने पहले मादुरो और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दोनों देशों के बीच सहयोग को लेकर फोन पर वार्ता की थी। रूस के उप प्रधानमंत्री यूरी बोरिसोव और वेनेजुएला के पेट्रोलियम मंत्री तारेक अल ऐसामी की मौजूदगी में मादुरो ने कहा कि बुधवार को हुई बैठक में आर्थिक, वाणिज्य और पर्यटन से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई।



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** बुधवार को उम्मीद जताई कि नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध भारत, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की सूरत में अमेरिका का साथ देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा है कि रूस ने हाल के दिनों में यूक्रेन की सीमा पर सात हजार अतिरिक्त सैनिक तैनात किए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बताया कि चार देशों (क्वाड) के विदेश मंत्रियों के बीच हाल में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में हुई बैठक में रूस और यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा हुई। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्री इस बैठक में शामिल हुए थे। प्राइस ने कहा, बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि इस मामले के राजनयिक-शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत है।

प्रवक्ता ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, क्वाड नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने का पक्षधर है। नियम आधारित व्यवस्था हिंद प्रशांत क्षेत्र में समान रूप से लागू होती है, जैसे कि यह यूरोप में है या अन्य कहीं है। हम जानते हैं कि हमारे भारतीय साझेदार नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। इस व्यवस्था में अनेक नियम हैं, उनमें से एक यह है कि बल के जरिए सीमाओं का पुनर्निर्धारण नहीं हो सकता।

ICICI Bank

शाखा कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना

बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि धर्मेन्द्र कुमार/सुमिता सिंह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002029333 तथा पता फ्लैट नंबर सी 4/121, 12वां तल, टावर सी 4, अरावली हाइट्स, सेक्टर–24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी–123401 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है।

कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 10 फरवरी, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि द्वारकाधीस प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 18 फरवरी, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना

बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि धर्मेन्द्र कुमार/सुमिता सिंह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002030018 तथा पता फ्लैट नंबर डी–5/134, 13वां तल, अरावली हाइट्स, धारूहेड़ा, हरियाणा, रेवाड़ी–123401 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है।

कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 10 फरवरी, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि द्वारकाधीस प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 18 फरवरी, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

## जर्मन शब्दकोश ने यहूदी की परिभाषा में बदलाव किया

भाषा। बर्लिन

● जू या यहूदी शब्द उनके लिए भेदभावकारी नही

**जर्मनी के प्रमुख** मानक शब्दकोश ने जर्मन भाषा में जू (यहूदी) या जूड की परिभाषा में बदलाव किया है। इससे पहले शब्दकोश ने इसे अद्यतन किया था जिस पर देश के यहूदी समुदाय ने कड़ी आपत्ति जताई थी। यह कदम बड़ी संख्या में यहूदियों के कत्लेआम करने के आठ दशक बाद भी मुद्दे से संबंधित संवेदनशीलता को दर्शाता है। ड्यूडन शब्दकोश ने हाल में अपने ऑनलाइन संस्करण में स्पष्टीकरण जोड़ा था जिसमें कहा गया था, नेशनल सोशलिस्ट की ओर से उपयोग की जाने वाली भाषा की वजह से जू (यहूदी) शब्द को कभी कभी भेदभावकारी माना जाता है। इन मामलों में, यहूदी लोग, यहूदी सह नागरिक या यहूदी अस्था के लोग जैसे निरूपण आमतौर पर चुने जाते हैं। इस स्पष्टीकरण से देश के यहूदी समूहों और व्यक्तियों ने आपत्ति जताई थी और जोर दिया था कि यहूदी के तौर पर पहचान बताना या यहूदी कहा जाना उनके लिए भेदभावकारी नहीं है, जो ड्यूडेन की परिभाषा के विपरीत है। जर्मनी में सेंट्रल काउंसिल ऑफ जूइस के प्रमुख जोसेफ एस. ने पिछले हफ्ते कहा था कि जू या यहूदी शब्द उनके लिए भेदभावकारी नहीं है। ड्यडेन के प्रकाशकों ने आलोचना पर प्रतिक्रिया दी और सोमवार को परिभाषा को फिर से अद्यतन किया जो यहूदी समुदाय के विरोध को दर्शाता है। जर्मन नाज़ी और उसके समर्थकों ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के 60 लाख यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया था।

## पहली पाकिस्तान यात्रा पर आए बिल गेट्स ने इमरान खान से भेंट की

भाषा। इस्लामाबाद

**अपनी पहली** पाकिस्तान यात्रा पर आए मशहूर अरबपति परोपकारी बिल गेट्स ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात की। इस दौरान गेट्स को देश से पोलियो वायरस को खत्म करने और कोरोना वायरस महामारी से निपटने के प्रयासों को लेकर जानकारी दी गई। सरकारी रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, गेट्स ने कोविड-19 की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री खान ने गेट्स के सम्मान में दोपहर का भोज दिया। गेट्स एक दिन की यात्रा पर आए हैं। गेट्स ने कोरोना वायरस विरोधी शीर्ष निकाय नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर (एनसीओसी) के एक सत्र में भाग लिया तथा योजना मंत्री और एनसीओसी प्रमुख असद उमर से भी मुलाकात की। एनसीओसी ने एक बयान में कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक को एनसीओसी के कामकाज, देश में कोरोना वायरस की स्थिति और इसे नियंत्रित करने के व्यवस्थित प्रयासों के बारे में बताया गया। उन्हें जीनोम अनुक्रमण और पाकिस्तान में मिले कोरोना वायरस स्वरूप के बारे में भी जानकारी दी गई। बयान के अनुसार कि गेट्स ने संसाधनों की कमी के बावजूद कोविड के खिलाफ पाकिस्तान की सफलता और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट पहल और उपायों की शुरुआत की सराहना की।

kotak

**KOTAK MAHINDRA BANK LTD.**
**PUBLIC NOTICE**

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 12 (Twelve) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** the piece or parcel of commercial property being, admeasuring about 1450 Sq. ft. carpet area (approx.) on the ground floor of the building situate lying at and being I-24, Sector -12, NOIDA, Gautam Budh Nagar - 201301, Uttar Pradesh. | **Mr. Sharadindu Trivedi,** son of Mr. S. D. Trivedi, **residing at** : House No A -94, Sector 35, NOIDA - 201307, Uttar Pradesh |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097
Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088

# वंचितों को शिक्षा



**मिथिला नाइक-साटम का कहना है कि सानिश कुलकर्णी के वंचित युवाओं को आजीविका के विकल्प प्रदान करके उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाने के प्रयास ने करीब 500 युवाओं को प्रभावित किया है।**

सानिश कुलकर्णी ने मुझे ठाणे में अपने डिजिटल केंद्र में बुलाया, बिना यह बताए कि हम उस दिन के लिए कहां गए थे। उन्होंने इसे ऑन-फील्ड कहा। पूर्ण प्रकटीकरण और फील्डवर्क हमेशा मेरी गली में रहा है, इसलिए मैं सहर्ष सहमत हो गया।

हम एक रिक्शा में सवार हुए और कुलकर्णी ने खुलासा किया कि हम कल्याण, विट्ठल वाडी की ओर जा रहे थे - ठाणे से लगभग एक घंटे की सवारी। रास्ते में, उन्होंने मुझे पृष्ठभूमि दी कि क्यों गुड्डू (बदला हुआ नाम) की कहानी उनकी पुरस्कृत सफलता की कहानियों में से एक है। गुड्डू कुलकर्णी के शुरुआती छात्रों में से एक थे और डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा थे। उसकी बात कहते हुए कुलकर्णी गर्व से भर उठे। वह यूट्यूब पर संगीत वीडियो देखने में बहुत समय व्यतीत करता था। हमारी टीम ने दृश्य माध्यम की ओर उनके जैविक झुकाव को उठाया और उन्हें संपादन सिखाया। छह महीने के प्रशिक्षण में, उन्होंने अपना पहला रैप संगीत वीडियो संपादित किया और यह अब यूट्यूब पर है, कुलकर्णी ने गर्व से बताया।

कुलकर्णी द्वारा डिजाइन किए गए 12 महीने के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में गुड्डू ने ये कौशल सीखा। हमने तकनीकी प्रशिक्षण के साथ शुरुआत की और जल्द ही महसूस किया कि हमें मानसिक स्वास्थ्य सत्र और कार्यशालाओं को भी शामिल करने की आवश्यकता है। चूंकि हमारे पाठ्यक्रम में संपादन भी शामिल है, इसलिए हमने बच्चों को देखने और सीखने के लिए मूवी स्क्रीनिंग को जोड़ा, कुलकर्णी ने समझाया।

एक स्वर्ण पदक विजेता टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के पूर्व छात्र, कुलकर्णी ने मुट्ठी भर समान विचारधारा वाले साथी स्नातकों के साथ, एडवोकेटिंग यूथ-एट-रिस्क का गठन पोषण और समर्थन हब फाउंडेशन के माध्यम से किया, जो वंचित युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए एक कार्य योजना है।, उन्हें विभिन्न आजीविका विकल्प प्रदान करना।

निस्संदेह, यह हमारे देश में सबसे अधिक दबाव वाली समस्याओं में से एक है, क्योंकि आज भारतीय शहर में हर तीसरा व्यक्ति युवा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2020 तक, भारत की जनसंख्या के विश्व की सबसे युवा आबादी बनने की उम्मीद थी; 500 मिलियन से अधिक भारतीय नागरिक 25 वर्ष से कम आयु के होंगे, और दो-तिहाई से अधिक आबादी काम करने के योग्य थी। इसका तात्पर्य यह है कि भारत के युवाओं की बढ़ती संख्या को कौशल विकसित करने और रोजगार पाने या उद्यमी बनने के पर्याप्त अवसरों के लिए सही शैक्षिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है।

शुरुआती दिनों से ही कुलकर्णी विशेषाधिकार से वंचित युवाओं का समर्थन करना चाहते थे। यह पूछने पर कि इस दिशा में उन्हें किस बात ने प्रेरित किया, उन्होंने कहा, आपने काफी अंतर देखा है; हमारे पास विशेषाधिकार है। ये बच्चे, जो हाशिए की पृष्ठभूमि से आते हैं, ऐसा नहीं करते हैं। सीधे शब्दों में कहें तो विचार एक समान समाज का निर्माण करना था जहां सभी जोखिम वाले युवाओं को कार्य-उन्मुख शिक्षा और प्रशिक्षण के साथ सक्षम किया गया जो उन्हें नौकरी, स्वरोजगार या यहां तक कि उद्यमिता के लिए तैयार करता है।

अयांश का कौशल-आधारित प्रशिक्षण मॉडल कुलकर्णी के वंचित युवाओं के उत्थान और उनके लिए आजीविका का रास्ता बनाने के दृढ़ संकल्प से उपजा है।

आयांश शुरू करने से पहले, मैं और मेरी टीम पेंटिंग, बढ़ईगीरी, हाउसकीपिंग जैसे विभिन्न कौशलों में युवाओं को प्रशिक्षित करने की पहल में लगे हुए थे। हालांकि, छात्रों के साथ पर्याप्त समय बिताने के बाद, हमने देखा कि वे अक्सर अच्छी किताबों में शामिल होने के लिए पाठ्यक्रमों के लिए साइन अप करते थे, लेकिन उन्हें आगे बढ़ाने के इच्छुक नहीं थे। मुंबई, ठाणे और पुणे में स्थित युवाओं के साथ बार-बार बातचीत के बाद, हमने पुष्टि की कि ये युवा नई सॉफ्टवेयर तकनीकों से संबंधित पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने के इच्छुक और अधिक इच्छुक हैं, कुलकर्णी ने विट्ठल वाडी की संकरी गलियों में चलते हुए बताया।



जैसा कि मैंने यह समझने की कोशिश की कि कुलकर्णी को यह पहल करने के लिए क्या प्रेरित किया, उन्होंने खुलासा किया कि जनसंचार में उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि ने उन्हें ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो संपादन और अन्य डिजिटल सॉफ्टवेयर में छात्रों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया। कुलकर्णी ने कहा, इससे हमने जुलाई 2018 में ठाणे में अपना पहला डिजिटल प्रशिक्षण केंद्र खोला।

जहां तक पाठ्यक्रम का संबंध है, इसे उद्योग की जरूरतों के अनुसार डिजाइन किया गया है ताकि छात्रों को कंपनी में शामिल होने से पहले अनुभव प्राप्त हो। वे उन छात्रों को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करना भी सुनिश्चित करते हैं, जिनका सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण शुरू करने से पहले कंप्यूटर या इंटरनेट पर शून्य अनुभव है।

उन्होंने स्किलिंग के साथ-साथ युवाओं को अंग्रेजी बोलने और पढ़ने के लिए तैयार करने के महत्व को समझा। कुलकर्णी ने कहा, हमने डिजिटल कोर्स के दौरान उन्हें अंग्रेजी भाषा में प्रशिक्षित करने के लिए अपनी शिक्षाओं का विस्तार किया, इससे छात्रों को नौकरी के लिए इंटरव्यू के लिए कोचिंग देते समय आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली।

समर्थन प्रणालियों की बात करें तो वह प्रवाह, एक गैर-लाभकारी संस्था, ऊब्रुस्स में अपने शोध गाइड - सस्मिता स्वैन और डॉ श्री कृष्ण सुधीर पटोजू - और अनलिमिटेड इंडिया में उनके कोच रोशन डिसूजा को उचित श्रेय देते हैं, जिन्होंने उनके उद्यम का दृढ़ता से समर्थन किया और विश्वास किया विचार में।

अयांश के पहले बैच में विभिन्न पृष्ठभूमि के छह छात्र थे। और गुड्डू उनमें से एक था। आज आयुष ने करीब 500 बच्चों को प्रभावित किया है। कुलकर्णी यह मानना पसंद करते हैं कि फाउंडेशन और उनका काम जीवंत व्यक्तियों के साथ एक आंदोलन की तरह है और इसे आगे बढ़ने में मदद करता है। हम छात्रों की रचनात्मकता को विकसित करके वंचितों और अवसरों के बीच की खाई को पाटना जारी रखेंगे। मैं एक लहर प्रभाव बनाने में मदद करना चाहता हूं, जहां गुड्डू जल्द ही एक छोटे गुड्डू के लिए एक मार्गदर्शक बन जाता है, जिसे शायद सही दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है, कुलकर्णी कहते हैं।

जैसे ही यह ऑन-फील्ड दिन समाप्त हुआ, कुलकर्णी ने मुस्कुराते हुए कहा, हम हमेशा अपने युवाओं के लिए भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते, लेकिन हम भविष्य के लिए अपने युवाओं का निर्माण कर सकते हैं।

(लेखक महाराष्ट्र के विकास कार्यकर्ता और लेखक हैं।)

# फिल्म प्यार में थोड़ा ट्विस्ट के कलाकार लखनऊ में

अभिनेता मुकेश जे भारती की आने वाली चर्चित एक्शन ड्रामा मूवी प्यार में थोड़ा ट्विस्ट की लांचिंग हुई। फिल्म अभिनेता मुकेश जे भारती और अभिनेत्री रिचा मुखर्जी की लव केमिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म के हीरो मुकेश जे भारतीऔर हीरोइन माया एक दूसरे से प्यार करते हैं जबकि उसके परिवारों में रंजिश चली आ रही है ज्वाला सिंह उर्फ मिस्टर वांटेड की एंट्री के साथ मूवी में एक ट्विस्ट आता है, हर कोई मिस्टर वांटेड को ढूंढ रहा है। फिल्म की स्टार कास्ट राजेश शर्मा, अतुल श्रीवास्तव ,गोविंद



नामदेव, अलका अमीन, संतोष शुक्ला सोमा राठौड़ और अर्पित सिंह, ओंकार दास , मंजू भारती निर्देशन पार्थो घोष ने किया है इस अवसर पर मुकेश जे भारती ने कहा फिल्म में थोड़ा ट्विस्ट कि आज लांचिंग हुई है जो दर्शकों दर्शकों को बेहद पसंद आएगी। फिल्म मैं एक्शन ड्रामा भरपूर रहेगा फिल्म लखनऊ के पास एक कस्बे की कहानी है । एक्टर अर्पित सिंह साउथ की कुछ फिल्मों में लीड रोल प्ले कर रहे हैं और यह काफी वेब सीरीज और ऐड फिल्म कर चुके हैं। यह फिल्म 18 फरवरी को सभी सिनेमाघरों में रिलीज होगी

फिल्म का निर्देशन पार्थो घोष ने किया है मंजू भारती द्वारा निर्मित किया गया है निर्माता विजय सिंह भदौरिया द्वारा चार भोजपुरी एवं 2 साउथ फिल्म मे निर्माण हेतु कार्य कर रहे हैं । नूर फातिमा, अजीता सिंह इसके सह निर्माता है । विवेक फिल्म प्रोडक्शन हाउस और बीएसवी पिक्चर्स के बैनर तले इसका निर्माण किया गया है। फिल्म के लिए म्यूजिक बप्पी लहरी ने तैयार किया है यह फिल्म 18 फरवरी 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# प्रेम के बिना निरर्थक है जीवन

**इस दुनिया में कुछ भी अलगाव में सुंदर नहीं लगता। अपने परिवेश के संदर्भ में देखने पर ही यह उत्कृष्ट बनता है, कहते हैं** राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी



यह ठीक ही कहा गया है कि प्यार दुनिया को गोल कर देता है। क्या यह सच नहीं है कि प्यार के बिना हमारा जीवन सूखा और खाली लगता है? प्रेम के बिना हम न तो सृष्टि के सौंदर्य को देख सकते हैं और न ही अपनी आंतरिक सुंदरता को पा सकते हैं। आखिर प्यार ही तो हम सब हैं। इसीलिए महात्मा गांधी ने ठीक ही कहा है कि %जहाँ प्रेम है, वहाँ जीवन है%। यद्यपि हम इस भौतिक संसार में रहते हैं जो प्राकृतिक सौंदर्य से भरा है और हमने विज्ञान के चमत्कारों का निर्माण किया है, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रेम के बिना हम उन रचनाओं के लाभों का अनुभव नहीं कर सकते हैं।



यह एक ज्ञात तथ्य है कि जब कोई बच्चा पैदा होता है, तो माँ अपने आप बच्चे से प्यार करती है क्योंकि यह प्रकृति की तरह मासूम और शुद्ध है जो हमें सहज प्रेम प्रदान करती है ताकि हम उस बच्चे की रक्षा और पोषण कर सकें। नवजात शिशु परिवार का फोकस बन जाता है और उसकी बॉन्डिंग प्यार पर आधारित होने लगती है। यह बंधन बच्चे के व्यक्तित्व को विकसित करने, उसके आसपास की बहुत बड़ी दुनिया से जुड़ने, सुरक्षित, आत्मविश्वास महसूस करने और समाज में खुद को व्यक्त करने में सक्षम होने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। याद रखें, एक बच्चा जिसे प्यार किया जाता है, उसके जीवन में कोई डर नहीं होगा और वह आसानी से परिवार के बाहर उद्यम करने में सक्षम होगा।

हम सभी एक प्यार करने वाले परिवार के बिना अपने अनुभवों को ठीक से एकीकृत करने में असमर्थ हैं क्योंकि अंततः यह हमारे परिवार का प्यार है जो हमें सुरक्षा की भावना देता है और हमें जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने का साहस प्रदान करता है। हमें यह समझना चाहिए कि इस दुनिया में कुछ भी अलगाव में सुंदर नहीं लगता। अपने परिवेश के संदर्भ में देखने पर ही यह सुंदर बनता है। इसलिए, हमारे दोस्त और परिवार हमारे अस्तित्व के केंद्र हैं।

जब हम अकेले होते हैं, तो हम अकेलापन महसूस कर सकते हैं, लेकिन तब नहीं जब आत्मा ने असीमित प्रेम की चेतना विकसित की हो। जब हम प्रेम की अपनी आंतरिक प्रकृति से जुड़ना सीख जाते हैं, तो यह एक अविनाशी खजाना बन जाता है जो हम जहां भी जाते हैं हमारे साथ रहता है। इस असीमित प्रेम का अर्थ है कि मेरा हर जीव से संबंध है और मैं प्रकृति के पांच तत्वों में भी प्रेम की किरणें फैलाता हूं। इस प्रेम से मैं सभी चीजों की अन्योन्याश्रयता को समझने लगता हूं और महसूस करता हूं कि मैं अकेला नहीं हूं, बल्कि मैं विश्व नाटक का हिस्सा हूं और यह प्रेम ही है जो इस सुंदर विश्व नाटक को काम करता है।

यह समझ विकसित करने से कि सभी प्राणी उसके प्यारे बच्चे हैं और वह प्रकृति को शुद्ध करने वाला है, हम भी उसके असीमित परिवार और प्रकृति के रखवाले बन जाते हैं। इस दृष्टिकोण से हम प्रेम, स्वीकृति और अपनेपन की भावनाओं के बिना किसी को देख या सोच नहीं सकते हैं। याद रखना!

सर्वोच्च सर्वशक्तिमान का शुद्ध प्रेम कोई निर्णय नहीं करता है, यह भेदभाव नहीं करता है और न ही अस्वीकार करता है, लेकिन एक सर्वव्यापी, सर्व-स्वीकार करने वाला, शक्तिशाली प्रेम है जो आत्मा के भीतर से भय, अकेलापन, दुःख और दुःख के निशान को धीरे से हटाकर सभी को और सब कुछ बदल देता है और शुद्ध करता है। और हमारे जीवन को वास्तव में जादुई और सुंदर बनाता है। तो आइए हम सब प्यार की रोशनी फैलाएं और दुनिया को नफरत और नकारात्मकता के घावों से ठीक करें।

# महिलाओं की नज़र में आनलाइन डेटिंग



## प्यार पाने वाली महिलाओं ने ऑनलाइन डेटिंग को नेविगेट करने के तरीके के बारे में अपने सुझाव और तरकीबें साझा कीं।

**अपनी प्रामाणिक स्वयं बनें** - इशिता चक्रवर्ती, जो पिछले साल बम्बल डाउनलोड करने के एक सप्ताह के भीतर अपने साथी से मिली थीं, उनके बम्बल प्रोफाइल पर 'घर का बना मटन करी और वाइन' के रूप में बताए गए उनके आदर्श तिथि विचार से प्रभावित थीं। एक संपूर्ण प्रोफ़ाइल जैव के महत्व पर टिप्पणी करते हुए , वह कहती है, हर कोई एक मज़ेदार, दिलचस्प और यादगार प्रोफ़ाइल पसंद करता है। आप मज़ेदार, बाहर जाने वाले, साहसी, यात्रा करने के लिए प्यार या सक्रिय होने का आनंद ले सकते हैं, तो इसे साझा क्यों न करें? यदि आप खाना बनाना पसंद करते हैं, तो आपकी पसंदीदा डिश क्या है? बनाओ? अभी आप टीवी पर कौन सा शो देख रहे हैं? आपकी सामान्य शनिवार की रात कैसी दिखती है? यह एक महिला को पहला कदम उठाने का फैसला करने में मदद करती है। चक्रवर्ती भी कहती हैं, ''इस प्रक्रिया को जल्दी मत करो। अगर बीच संबंध दो लोग असली हैं, तो चीजें ठीक हो जाएंगी।

**डेटिंग के इरादों पर स्पष्ट रहें** - अनामिका पर विश्वास करें जब वह कहती है, ''अगर आपको लगता है कि कुछ सही है, तो इसके लिए जाएं। स्वयं बनें और लोगों को आपके वास्तविक को जानने दें। स्पष्ट होना आपके डेटिंग इरादों के बारे में और आपका सच्चा स्व मदद करेगा आप बेहतर निर्णय लेते हैं और अपने मैच के साथ पारदर्शी बातचीत करते हैं। इससे उस विश्वास को बनाने में मदद मिलती है जिसे आप दोनों को अगले कदम पर ले जाने की जरूरत है। दिलचस्प बातचीत की शुरुआत सिर्फ एक 'हाय' से ज्यादा दिलचस्प कुछ के साथ बातचीत शुरू करने के लिए संघर्ष?

बुनियादी बातों के लिए जाएं, अनामिका सलाह देती हैं। ''आपको जो पसंद है या नापसंद है, उसके बारे में बात करें, एक प्यारी तारीफ दें या यहां तक कि कुछ मजेदार साझा करें जो हाल ही में हुआ था।'' अनामिका बम्बल के क्वेश्चन गेम खेलने का सुझाव देती है जो उसके लिए एक महान वार्तालाप स्टार्टर साबित हुआ है।'' मुझे बम्बल पर क्वेश्चन गेम खेलना याद है। मेरा पसंदीदा समुद्र तट या पहाड़ी व्यक्ति, बिल्ली या कुत्ता व्यक्ति, हाउस पार्टी या क्लबिंग था?

सीमाओं का सम्मान करें अंगना चक्रवर्ती, जो पिछले साल बम्बल पर अपने साथी से मिली थी और उस समय के दौरान उससे शादी भी हुई थी, साझा करती है कि उनके रिश्ते में ईमानदारी ने उनके जीवन को एक साथ बिताने का फैसला करने में मदद की। चक्रवर्ती का मानना है कि अपनी सीमाओं और स्थान का सम्मान करना आवश्यक है। ''यदि आप सहज हैं या विनम्रता से अस्वीकार करते हैं तो अपने कनेक्शन के साथ चैट करना जारी रखें। अगर आपको कोई दिलचस्पी नहीं है तो महिलाएं हिंट लेना जानती हैं। यदि किसी महिला के पास, किसी भी कारण से, उसे बंद करने का शिष्टाचार नहीं है'', तो वह साझा करती है।

**धैर्य एक गुण है** - उर्मी भट्ट जो मई 2020 में लॉकडाउन के दौरान बम्बल पर अपने साथी से मिलीं, बताती हैं कि ऑनलाइन स्पेस में विश्वास पाना महिलाओं के लिए थोड़ा कठिन हो सकता है। इसलिए, किसी को संबंध बनाने के लिए आवश्यक समय और स्थान देना सबसे अच्छा है।'' स्पष्ट रहें लेकिन अत्यधिक दृढ़ न हों। सवाल पूछना और बातचीत जारी रखना बहुत अच्छा है, लेकिन कोशिश करें कि अगर वह समय ले रही है तो बहुत सारे संदेशों के साथ ओवरबोर्ड न जाएं। वह चारों ओर आ जाएगी!

# दूसरा मैच जीतकर सीरीज कब्जाने उतरेगा भारत

## ●टी-20 मैच आज

**भाषा** । कोलकाता

**खेल** के सभी विभागों में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाला भारत शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगा तो उसे उम्मीद होगी कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली फॉर्म हासिल करने में सफल रहेंगे। वेस्टइंडीज की टीम दौरे पर अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है और तीन वनडे तथा पहले टी-20 में भारत को जीत दर्ज करने के लिए अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

कीरोन पोलार्ड की अगुआई वाली वेस्टइंडीज की टीम से उम्मीद होगी कि वे अपने पसंदीदा टी20 प्रारूप में भारत को बाकी बचे मैच में चुनौती दे पाएंगे विशेषकर यह देखते हुए कि टीम स्वदेश में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर यहां आई है। बुधवार को हालांकि पहले टी-20 में भारत ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारत अगर मौजूदा श्रृंखला जीतता है तो टीम इंडिया का नियमित कप्तान नियुक्त होने के बाद रोहित शर्मा की अगुआई में टीम लगातार तीसरी श्रृंखला जीतेगी।

टीम की एकमात्र चिंता कोहली की फॉर्म है। वह अब तक वेस्टइंडीज के खिलाफ 08, 18, 00 और 17 रन बनाए पाए हैं और टीम को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद होगी। रोहित को पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी के महत्व के बारे में पता है और उन्होंने पहले टी20 में 19 गेंद में 40 रन की पारी खेली और इस दौरान ओडियन स्मिथ के ओवर में 22 रन बटोरे।

रोहित के सलामी जोड़ीदार इशान किशन लय में नहीं दिखे और उन्हें रन बनाने के लिए जूझना पड़ा। पावर प्ले में भारत के 58 रन में से अधिकांश रन रोहित के बल्ले से निकले जिससे भारत 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जल्दी जल्दी तीन विकेट गंवाने के बावजूद हमेशा अच्छी स्थिति में रहा।

कोहली के पास बड़ी पारी खेलने का शानदार मौका था लेकिन वह 13 गेंद में 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 15 करोड़ 25 लाख रुपए के साथ आईपीएल 2022 नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे इशान खुलकर नहीं खेल पाए और स्ट्राइक रोटेट करने के लिए जूझते दिखे जबकि रोहित शानदार लय में दिखे। भारत ने तेज गेंदबाजी आलराउंडर वेंकटेश अय्यर को मौका देकर छह गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया जिससे पहले मैच में फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को बाहर बैठना पड़ा।

भारत के लिए तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट चिंता का विषय होगी। उन्हें क्षेत्ररक्षण करते हुए दाएं हाथ में चोट लगी थी जिसके कारण वह अपना गेंदबाजी कोटा पूरा नहीं कर पाए थे। दौरे पर पहली जीत की तलाश में जुटी पोलार्ड की टीम के लिए यह करो या मरो का मुकाबला है। टीम को तेज गेंदबाजी आलराउंडर जेसन होल्डर की वापसी की उम्मीद होगी जो चोट के कारण पहले टी-20 में नहीं खेल पाए।

बुधवार को पहले मैच में टीम के लिए एकमात्र उम्मीद की किरण निकोलस पूरन रहे जिन्होंने 38 गेंद में अर्धशतक जड़ा। सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स हालांकि अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। पूरन और कप्तान पोलार्ड ने अंतिम पांच ओवर में 61 रन जोड़कर पहले मैच में टीम का स्कोर सात विकेट पर 157 रन तक पहुंचाया। होल्डर की वापसी तथा पूरन और पोलार्ड के फॉर्म में लौटने से वेस्टइंडीज की टीम हार से क्रम को तोड़ने के इरादे से उतरेगी।

### टीम

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, वेंकटेश अय्यर, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, अवेश खान, हर्षल पटेल, रुतुराज गायकवाड़, दीपक हुड्डा, कुलदीप यादव और हरप्रीत बरार। **वेस्टइंडीज:** कीरोन पोलार्ड (कप्तान), निकोलस पूरन, फैबियन एलेन, डेरेन ब्रावो, रोस्टन चेज, शेल्डन कॉटरेल, डोमीनिक ड्रेक्स, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, ब्रेंडन किंग, रोवमैन पावेल, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, काइल मायर्स और हेडन वॉल्श जूनियर।

## श्रेयस से हरफनमौला प्रदर्शन चाहती है टीम: रोहित

**भाषा** । कोलकाता



**श्रेयस** अय्यर भले ही आईपीएल की मेगा नीलामी में तीसरे सबसे महंगे बिके खिलाड़ी हों लेकिन भारत की टी-20 टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन करना होगा क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा के अनुसार टीम को मध्यक्रम में इसी की जरूरत है। श्रेयस के लिए बुधवार का दिन मिला जुला रहा।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें आईपीएल में अपनी टीम का कप्तान बनाया लेकिन शाम को उन्हें पता चला कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 मैच में भारतीय टीम में उनके लिए जगह नहीं है। रोहित ने जीत के बाद कहा , श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़ रहा है। यह बहुत कठिन है लेकिन टीम की जरूरत के हिसाब से फैसला लिया गया। हमें मध्यक्रम में हरफनमौला की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीम में इस तरह की प्रतिस्पर्धा देखकर अच्छा लग रहा है। भारतीय कप्तान ने कहा कि श्रेयस को हमने बताया है कि विश्व कप से पहले टीम को एक हरफनमौला की जरूरत है। वे सभी चतुर और पेशेवर खिलाड़ी हैं और समझते हैं कि टीम सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि अंतिम एकादश का चयन कई मानदंडों को ध्यान में रखकर किया जाता है। विरोधी टीम , हालात, मैदान का आकार वगैरह। कई बार बाहर होने वाले खिलाड़ियों के लिए काफी कठिन होता है लेकिन हम स्पष्ट संदेश दे रहे हैं। हमें टीम को सबसे पहले रखना है। रोहित ने मैच से पहले भी कहा था कि आईपीएल के समीकरणों के आधार पर वह टीम नहीं बनाएंगे। उन्होंने ऐसा ही किया जब श्रेयस (12.25 करोड़), शार्दुल ठाकुर (10.75 करोड़) और आवेश खान (10 करोड़) को बाहर बैठना पड़ा।

## भारतीय स्पिनरों के खिलाफ दुविधा में थे: निकोलस पूरन

**भाषा** । कोलकाता

**उप** कप्तान निकोलस पूरन ने कहा है कि पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों का सामना करते हुए दुविधा में थे। उन्होंने हालांकि बल्लेबाजों से कहा कि वे तीन मैच की श्रृंखला के अगले दो मैच में मामूली बदलाव करते हुए अच्छा प्रदर्शन करें।

सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स ने वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दी जिससे टीम ने छह ओवर में एक विकेट पर 44 रन बनाए। भारतीय स्पिनरों युजवेंद्र चहल और पदार्पण कर रहे रवि बिश्नोई ने इसके बाद मिलकर तीन विकेट चटकाए और बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाते हुए ईडन गार्डन्स पर वेस्टइंडीज को सात विकेट पर 157 रन के स्कोर पर रोक दिया।

पूरन ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हमें लगता है कि हमने 10 से 15 रन कम बनाए। इस विकेट पर 170 से 175 रन का स्कोर अच्छा होता। हम गेंदबाजों की गलती नहीं निकाल सकते। बल्लेबाजों के रूप में हमें थोड़ी समझदारी दिखानी होगी। पूरन ने बल्लेबाजों से कहा कि एक बार फिर हमारी बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत है। आज हमने स्पिनरों का ठीक ठाक सामना किया। हम सिर्फ साझेदारी बनाना चाहते थे। हमें बस स्पिनरों का सामना थोड़ा बेहतर तरीके से करना होगा। उन्होंने कहा कि आज हम दुविधा में थे कि उनके खिलाफ आक्रामक रवैया आपनाएं या उनके ओवर खत्म होने दें। हम वहां दुविधा में फंस गए।

इसलिए थोड़ा बहुत बदलाव करने की जरूरत है। अगले मैच में हमें अपनी रणनीति को बेहतर तरीके से लागू करना होगा।

पूरन ने साथ ही कहा कि ओस ने अहम भूमिका निभाई क्योंकि काफी अधिक ओस के बीच दूसरी पारी में भारत के लिए बल्लेबाजी करना आसान था। भारत ने मुकाबला छह विकेट से जीता। पूरन ने कहा कि बेशक यह (ओस) बड़ा मुद्दा था। अगर आप मैच देखोगे तो पता चलेगा कि गेंदबाजों को अंतिम पांच ओवर में गेंद को पकड़ने में दिक्कत हो रही थी। मुझे लगता है कि मैच के दूसरे हाफ में विकेट बेहतर था।

## मैने बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया : बिश्नोई

**कोलकाता**। भारत के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई का कहना है कि उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टी-20 मैच में स्टम्प पर गेंदबाजी का प्रयास किया ताकि कैरेबियाई आक्रामक बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं मिल सके। बिश्नोई ने कहा कि मेरी योजना सही लाइन और लैंग्थ से गेंदबाजी करने की थी ताकि बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं मिले ।वे अगर हाथ खोल लेते तो काफी आक्रामक हो सकते थे।

उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट में वे सर्वश्रेष्ठ हैं तो मैने स्टम्प पर ही गेंद डालने का प्रयास किया। इस चक्कर में पांच छह वाइड भी डाल दी। अपने पदार्पण के बारे में उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलना सभी का सपना होता है।

अभ्यास के समय मैं रोमांचित भी था और नर्वस भी क्योंकि इतने सीनियर सामने थे लेकिन राहुल द्रविड़ सर ने जब मेरा स्वागत किया तो मुझे बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास सत्रों में सीनियर खिलाड़ियों के साथ अच्छा लगा। मुझे अभी बहुत कुछ सीखना है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

# युवा यश धुल ने पदापर्ण मैच में लगाया बेहतरीन शतक

### रणजी ट्रॉफी राउंडअप

**भाषा** । नई दिल्ली



यश धुल ने बेहतरीन 113 रन बनाए

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदापर्ण कर रहे अंडर-19 कप्तान यश धुल ने दिल्ली के लिए कमाल की शतकीय पारी खेली। युवा खिलाड़ी ने तमिलनाडु के खिलाफ 113 रन बनाए। उनके अलावा जोंटी सिद्धू (71) और ललित यादव ने 45 रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने तक दिल्ली का स्कोर सात विकेट पर 291 रहा। तमिलनाडु की ओर से संदीप वॉरियर और बाबा अपराजित के खाते में दो-दो विकेट आए

अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप विजेता कप्तान पृथ्वी साव की तरह ही उन्होंने रणजी ट्रॉफी में पदार्पण पर समान प्रतिद्वंद्वी तमिलनाडु के खिलाफ शतक जमाया। अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि क्या वह भारतीय क्रिकेट के अगले सुपरस्टार होंगे। लेकिन अंडर 19 विश्व कप जीतने के बाद से उन्हें खुद यह समझने का समय नहीं मिला होगा कि जीवन में क्या बदलाव आया है। वेस्टइंडीज से बीसीसीआई के सम्मान समारोह के लिए अहमदाबाद की यात्रा, उसके बाद दिल्ली में अपने स्कूल बाल भवन का दौरा और फिर अगले दिन रणजी खेलने गुवाहाटी पहुंचना।

### रहाणे का शतक, भारतीय टीम में जगह का दावा मजबूत किया

**अहमदाबाद**। भारतीय टेस्ट टीम में जगह बचाने की कवायद में लगे अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ शतक जड़ा जिससे मुंबई ने तीन विकेट पर 263 रन बनाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई के लिए सरफराज खान ने भी 219 गेंद में नाबाद 119 रन की पारी खेली लेकिन सभी की नजरें रहाणे की टिकी थी जिन्होंने 250 गेंद में नाबाद 108 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका में हाल में संपन्न टेस्ट श्रृंखला में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे रहणे ने 212 गेंद में 14 चौकों और दो छक्कों की मदद से शतक पूरा किया।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मार्च के पहले हफ्ते से खेली जानी है और ऐसे में इस शतक से रहाणे का आत्मविश्वास बढ़ेगा और टीम इंडिया में वह अपनी जगह भी बचाने में सफल हो सकते हैं। इस मुकाबले में रहाणे के खिलाफ खेल रहे चेतेश्वर पुजारा भी बड़ी पारी खेलकर टेस्ट टीम में अपनी जगह बचाने की कोशिश करेंगे। जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया की तेज गेंदबाजी जोड़ी के सामने मुंबई की शुरुआत खराब रही और टीम ने 22 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों आकर्षित गोमेल (08) और पृथ्वी साव (01) के विकेट गंवा दिए।

चिराग जानी ने इसके बाद सचिन यादव को पगबाधा करके मुंबई का स्कोर तीन विकेट पर 44 रन किया। रहाणे और सरफराज ने इसके बाद चौथे विकेट के लिए 219 रन की अटूट साझेदारी करके सौराष्ट्र के गेंदबाजों को दिन का खेल खत्म होने तक सफलता से महरूम रखा। रहाणे ने 212 गेंद में 36वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा पर छक्का और फिर एक रन के साथ शतक बनाया। रहाणे 2021 में 20.82 के औसत से सिर्फ 479 टेस्ट रन बना पाए जिसके बाद उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले उप कप्तान के रूप में हटा दिया गया। ग्रुप के एक अन्य मैच में गोवा की टीम ओडिशा के खिलाफ 181 रन पर सिमट गई। एकनाथ केरकर ने सर्वाधिक 76 रन बनाए जबकि बसंत मोहंती ने 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। इसके जवाब में लक्ष्य गर्ग (नौ रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने ओडिशा की टीम भी 23 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

### चिशी के पांच विकेट से नगालैंड ने सिक्किम को सस्ते में समेटा

**कोलकाता**। मध्यम तेज गेंदबाज नगाहो चिशि ने 40 रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी मदद से नगालैंड ने रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को सिक्किम के नौ विकेट 291 रन पर निकाल दिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिक्किम की शुरूआत अच्छी रही। अन्वेष शर्मा ने 195 गेंद में 87 रन बनाए और लियान खान (53) ने भी अर्धशतक जड़ा। एक समय सिक्किम का स्कोर तीन विकेट पर 229 रन था लेकिन इसके बाद चिशि ने मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। सिक्किम के विकेट इसके बाद नियमित अंतराल पर गिरते रहे। वहीं एक अन्य मैच में सकीबुल गनी (नाबाद 136) और बाबुल कुमार (नाबाद 123) के शतकों की मदद से बिहार ने मिजोरम के खिलाफ तीन विकेट पर 325 रन बना लिए।दोनों अब तक 254 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

# हेनरी को सात विकेट, द. अफ्रीका 95 रन पर सिमटा

**एपी** । क्राइस्टचर्च



**तेज** गेंदबाज मैट हेनरी ने अपने घरेलू मैदान हेगले ओवल में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन पर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 95 रन पर समेट दिया।

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने कप्तानी करते हुए पहली बार टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे उनके गेंदबाजों ने बिलकुल सही साबित किया। पितृत्व अवकाश पर गए ट्रेंट बोल्ट की जगह टीम में शामिल किए गए हेनरी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नई गेंद संभाली। लंच तक ही दक्षिण अफ्रीका ने 44 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसमें हेनरी ने 16 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

दक्षिण अफ्रीका की टीम चाय के विश्राम से लगभग 25 मिनट चले 49.2 ओवर में ढेर हो गई। टीम की ओर से जुबेर हमजा ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। हेनरी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इससे पहले 93 रन पर चार विकेट था। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 116 रन बना लिए थे। मेजबान ने 21 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

दिन का खेल खत्म होने पर हेनरी निकोल्स 37 जबकि नील वैगनर दो रन बनाकर खेल रहे थे। निकोल्स ने डेवोन कॉनवे (36) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को दक्षिण अफ्रीका के स्कोर के पार पहुंचाया। डुआने ओलीवर (36 रन पर दो विकेट) ने कॉनवे को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। न्यूजीलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 36 रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों लैथम (15) और विल यंग (08) के विकेट गंवा दिए। लैथम को ओलिवर ने बोल्ड किया जबकि यंग ने मार्को जेनसन (11 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर को कैच थमाया।

## सीए के नए चेयरमैन होंगे लाकलन हेंडरसन

**मेलबर्न**। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को लाकलन हेंडरसन को बोर्ड का नया चेयरमैन नियुक्त किया। हेंडरसन अंतरिम चेयरमैन रिचर्ड फ्रुडेनस्टीन की जगह लेंगे। पूर्व घरेलू क्रिकेट खिलाड़ी और एपवर्थ हेल्थकेयर के मौजूदा समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेंडरसन पिछले पांच महीने में पद संभालने वाले तीसरे चेयरमैन होंगे। पिछले साल अक्टूबर में एर्ल एडिंग्स के इस्तीफे के बाद से यह पद खाली था।

सीए ने कहा कि तुरंत कार्यकाल की शुरुआत करने वाले डॉ. हेंडरसन ने संकेत दिए है कि उनकी पहली प्राथमिकता क्रिकेट के लिए एक मजबूत, स्थाई वित्तीय भविष्य सुनिश्चित करना, विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं के बीच भागीदारी में वृद्धि, राज्य और क्षेत्रीय अध्यक्षों और सभी हितधारकों के साथ उच्च मानकों को बरकरार रखना होगा।

## सानिया-हरादेका की जोड़ी दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**दुबई**। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और चेक गणराज्य की उनकी जोड़ीदार लूसी हरादेका ने जापान की शुको ओयामा और सर्बिया की एलेक्सांद्रा क्रुनिच को सीधे सेट में हराकर गुरुवार को यहां दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड हासिल करने वाली सानिया और हरादेका ने डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में सर्बिया और जापान की जोड़ी के खिलाफ 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सानिया और हरादेका की जोड़ी का सामना जापान की एना शिबाहारा और चीन की शुआई झेंग की शीर्ष वरीय जोड़ी तथा युक्रेन की ल्युडमाला किचेनोक और लात्विया की एलेना ओस्टापेंको की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

सानिया 2013 में यहां अमेरिका की बेथानी माटेक सेंड्स के साथ मिलकर खिताब जीत चुकी हैं।

# करो या करो के मुकाबले में दबाव हरमनप्रीत पर

## ●न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा तीसरा एकदिवसीय मैच आज

**भाषा** । क्वीन्सटाउन



**एक** और श्रृंखला हारने की कगार पर पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी क्रम शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की वापसी से मजबूत होगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी मंधाना अनिवार्य पृथकवास से गुजरने के बाद दूसरे एकदिवसीय से पहले टीम के साथ जुड़ गई थी लेकिन मैच के लिए तैयार होने के लिए उन्हें कुछ दिन के समय की जरूरत थी। पृथकवास पूरा करने के बाद रेनुका सिंह और मेघना सिंह की तेज गेंदबाजी जोड़ी भी चयन के लिए उपलब्ध होगी। गर्दन में जकड़न के कारण दूसरे मैच से बाहर रही अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के शुक्रवार को खेलने की उम्मीद है। मंधाना की वापसी से बल्लेबाजी क्रम मजबूत होगा लेकिन भारत ने दूसरा वनडे बल्लेबाजी नहीं बल्कि गेंदबाजी के कारण गंवाया था। गेंदबाजों ने काफी निराश किया था क्योंकि वे 271 रन के मजबूत लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रहीं थी।

## अर्जुन काधे और रावत हारे, माइनेनी . रामकुमार युगल सेमीफाइनल में

**बेंगलुरू** । बेंगलुरू ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में भारत का अभियान बृहस्पतिवार को खत्म हो गया जब वाइल्ड कार्डधारी अर्जुन काधे टेनिस और सिद्धार्थ रावत दूसरे दौर में हार गए। काधे को तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के एंजो कूआकाउड ने 7-6, 7-5 से हराया। वहीं रावत स्विटजरलैंड के अंतोइने बेलिएर से 4-6, 6-2, 4-6 से हार गए। भारत की दो जोड़ियां हालांकि युगल सेमीफाइनल में पहुंच गई। साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन ने यूक्रेन के ब्लादिस्लाव ओरलोव और जर्मनी के केइ वेनेल्ट को 6-4, 7-6 से मात दी। वहीं एन श्रीराम बालाजी और विष्णु वर्धन ने ब्रिटेन के मार्कोस कालोवेलोनिस और जापान के तोशिहिदे मत्सुइ को 6-3, 4-6, 11-9 से हराया। काधे और आस्ट्रिया के अलेक्जेंडर अरलेर ने भारत के एस डी प्रजवल देव और निकी के पूनाचा को 6-1, 3-6, 10-6 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

# पुरुष टीम ने हांगकांग का हराकर भारतीय उम्मीदों को बरकरार रखा

### बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

**भाषा** । शाह आलम (मलेशिया)

**विश्व** चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन की अगुआई में भारतीय पुरुष टीम ने गुरुवार को यहां ग्रुप ए में हांगकांग को 3-2 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को बरकरार रखा।

कोरिया के खिलाफ पहले मैच में 0-5 की करारी हार से हालांकि टीम की नॉकआउट में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है।

भारत अभी एक जीत और एक हार के साथ ग्रुप ए में हांगकांग से ऊपर तीसरे स्थान पर है। ग्रुप ए से अभी गत चैंपियन इंडोनेशिया और कोरिया नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ में आगे चल रहे हैं। गुरुवार को भारत के लिए इंडिया ओपन विजेता लक्ष्य, मिथुन मंजूनाथ तथा हरिहरन ए और रूबेन आर की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सबसे पहले कोर्ट पर उतरे और उन्होंने दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी ली च्युक ईयू को 35 मिनट में 21-19, 21-10 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई।

लाउ च्युक हिम और ली चुन हेई रेगिनाल्ड ने युगल मुकाबले में मनजीत सिंह ख्वेराकपम और डिंकू सिंह कोंथोजम की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 20-22, 21-15, 21-18 से हराकर हांगकांग को।-। से बराबरी दिला दी। ओडिशा में पहली बार सुपर 100 टूर्नामेंट में जीतने वाले किरण जॉर्ज को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद चेन यिन चेक के खिलाफ 13-21. 21-17. 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे हांगकांग ने 2-। की बढ़त बना ली। हरिहरन और रूबेन ने हालांकि चाउ हिन लोंग और ल्यू चुन वेई को 21-17, 21-16 से हराकर भारत को बराबरी दिला दी।

सैयद मोदी सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे मंजूनाथ ने इसके बाद जेसन गुनावन को कड़े मुकाबले में 21-14, 17-21, 21-11 से हराकर भारत की 3-2 से जीत सुनिश्चित की। नॉकआउट में जगह बनाने के लिए भारत को अब शुक्रवार को गत चैंपियन इंडोनेशिया को हराना होगा और हांगकांग के खिलाफ कोरिया की हार की दुआ करनी होगी।

भारत और कोरिया दोनों ने अभी एक मुकाबला जीता और एक गंवाया हैं। दोनों टीम अगर शुक्रवार को जीत दर्ज करती हैं तो फिर देखा जाएगा कि किस टीम ने अधिक मैच और गेम जीते तथा हारे हैं और इस मामले में कोरिया आगे है।

भारतीय महिला टीम को भी अपने पहले मैच में मलेशिया के खिलाफ 2-3 से हार झेलनी पड़ी थी।

## पूर्व भारतीय मिडफील्डर सुरजीत सेनगुप्ता का निधन

**कोलकाता**। भारत के पूर्व मिडफील्डर और ईस्ट बंगाल के दिग्गज खिलाड़ी सुरजीत सेनगुप्ता का कोविड-19 से लंबे समय तक जूझने के बाद गुरुवार के शहर के अस्पताल में निधन हो गया। सेनगुप्ता 71 बरस के थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, आज स्टार फुटबॉलर सुरजीत सेनगुप्ता को गंवा दिया। फुटबॉल प्रशंसकों के दिलों की धड़कन और बेहतरीन राष्ट्रीय खिलाड़ी के अलावा सुरजीत परफेक्ट जेंटलमैन थे।

कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद सेनगुप्ता को 23 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पिछले हफ्ते से वेंटीलेटर पर थे। उन्होंने आज दोपहर अंतिम सांस ली। सेनगुप्ता ईस्ट बंगाल की उस टीम का हिस्सा थे जिसने 1970 से 1976 के बीच लगातार छह बार कलकत्ता फुटबॉल लीग का खिताब जीतने के अलावा छह बार आईएफए शील्ड और तीन बार डूरंड कप का खिताब जीता।




बीजिंग में चल रहे शीतकालीन ओलंपिक खेलों में महिला हाकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाली कनाडा टीम